CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :40°C
न्यूनतम: 22°C


लखनऊ, गुरुवार 23 अप्रैल 2026 लखनऊ संस्करण: वर्ष 17 अंक 166 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com बैसाख शुक्ल पक्ष 6 विक्रमी सम्वत् 2083 4 जिलकदा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



कोई माई का लाल बंगाल की अस्मिता से खिलवाड़ नहीं कर सकता : योगी पेज 2



आतिशी शतक लगाकर अभिषेक शर्मा ने किया ऑरेंज कैप पर कब्जा खेल टाइम्स



नारी शक्ति वंदन पर राष्ट्र के नाम पीएम का रुंदन भरा संबोधन सम्पादकीय



ईरानी सेना की ताकत अब भी मजबूत, पेंटागन रिपोर्ट में खुलासा पेज 12

## दिल्ली में IRS अफसर की बेटी की रेप के बाद हत्या

■ घर में शव मिला, माता-पिता जिम गए थे, नौकर पर शक

**नई दिल्ली।** दिल्ली के कैलाश हिल्स इलाके में बुधवार सुबह एक सीनियर आईआरएस अफसर के घर में उनकी 22 साल की बेटी की रेप के बाद हत्या कर दी गई। पुलिस के अनुसार, घटना सुबह करीब 6 बजे उस समय हुई जब युवती घर में अकेली थी।

आईआरएस अफसर और उनकी पत्नी रोज की तरह जिम गए हुए थे। वापस लौटे तो बेटी का शव कमरे में मिला। वह यूपीएससी की तैयारी कर रही थी। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि उसके साथ पहले रेप किया गया। फिर मोबाइल फोन के चार्जिंग केबल से गला घोंटकर हत्या की गई। पुलिस के मुताबिक, मामले में 19 साल का राहुल मीणा मुख्य संदिग्ध है। वह आईआरएस अफसर के घर में करीब आठ महीने तक नौकर था। उसे करीब एक महीने पहले रोजमर्रा के खर्चों में गड़बड़ी के आरोप में नौकरी से हटा दिया गया था। सूत्रों के अनुसार, मीणा को घर की बनावट और परिवार की दिनचर्या की पूरी जानकारी थी। उसे यह भी पता था कि युवती के माता-पिता कब वॉक या जिम के लिए घर से निकलते हैं।

# हिंदू एकजुट रहें, संप्रदायों में बंटे नहीं: सुप्रीम कोर्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ जस्टिस वीबी नागरत्ना ने कहा: वे हमारे मंदिर नहीं आ सकते, हम उनके मंदिर में नहीं जा सकते, यह सोच सही नहीं

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को सबरीमाला मंदिर में महिलाओं की एंट्री और धार्मिक भेदभाव से जुड़े मामले में सुनवाई हुई। जस्टिस वीबी नागरत्ना ने कहा कि हिंदू समाज को एकजुट होना चाहिए। दो संप्रदायों में बंटना नहीं चाहिए। वे हमारे मंदिर नहीं आ सकते, हम उनके मंदिर में नहीं जा सकते।

यह सोच सही नहीं है। अगर कोई संप्रदाय अपने मंदिर को दूसरों के लिए नहीं खोलता, तो वह कमजोर हो जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने यह बात ट्रावणकोर देवस्वम बोर्ड के वकील राकेश द्विवेदी की उस बात पर कही, जिसमें कहा गया था कि जहां एक संप्रदाय को दूसरे संप्रदाय के मंदिर में पूजा करने से रोका जा रहा है, जबकि वे वहां जाते भी नहीं। यदि वे जाना चाहें, तो क्या इसे सामाजिक सुधार के तहत सही ठहराया जा सकता है। अगर राज्य चाहे कि अन्य संप्रदायों के लोगों को भी अनुमति दी जाए, तो वह सुधार के रूप में कानून बना सकता है। सुप्रीम कोर्ट में 9 जजों की संवैधानिक बेंच सबरीमाला मंदिर में महिलाओं की एंट्री से जुड़े मामले पर सुनवाई कर रही है। इसके साथ धार्मिक आस्था के 66 मामले और जुड़े हैं। केरल हाईकोर्ट ने 1991 में सबरीमाला में मासिक धर्म वाली महिलाओं (10-50 साल) की एंट्री पर रोक लगाई थी। सुप्रीम कोर्ट ने 2018 में बैन हटा दिया। फैसले के खिलाफ कई पुनर्विचार याचिकाएं लगाई गईं, जिस पर अब सुनवाई हो रही है। मंदिर प्रशासन महिलाओं की एंट्री का विरोध कर रहा है। सबरीमाला मंदिर मामले पर 7 अप्रैल से सुनवाई शुरू हुई है। पहले 3 दिन, 9 अप्रैल तक सुनवाई हुई। इस दौरान केंद्र सरकार ने महिलाओं की एंट्री के विरोध में दलीलें रखीं। सरकार ने कहा था कि देश के कई देवी मंदिरों में पुरुषों की एंट्री भी बैन है, इसलिए धार्मिक परंपराओं का सम्मान किया जाना चाहिए।



## जांच में ममता का दखल लोकतंत्र को खतरा

■ कोई सीएम ऐसा करेगा, सोचा नहीं था, ईडी जांच के दौरान फाइल लेकर चली गई थीं बंगाल की सीएम

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने इस साल की शुरुआत में कोलकाता में आई-पैक के परिसरों पर ईडी की छापेमारी के दौरान पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के कथित हस्तक्षेप पर कड़ी आपत्ति जताई है।

न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ उन याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी, जिनमें ईडी ने सुश्री बनर्जी और राज्य पुलिस अधिकारियों के खिलाफ सीबीआई के समक्ष प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की है। एजेंसी का आरोप है कि सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के राजनीतिक सलाहकार आई-पैक पर छापेमारी के दौरान मुख्यमंत्री और पुलिस ने बाधा डाली थी। इसके साथ ही, ईडी अधिकारियों ने पश्चिम बंगाल पुलिस द्वारा उनके खिलाफ दर्ज की गई प्राथमिकी को भी चुनौती दी है। सुनवाई के दौरान न्यायालय ने तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा कि यह राज्य और केंद्र के बीच का विवाद नहीं है।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली के स्कूलों में हर घंटे पानी पीने की घंटी, ताजमहल देखने पहुंचे पर्यटक बेहोश

**नई दिल्ली।** दिल्ली में पारा इस हफ्ते 45 डिग्री सेल्सियस पार जा सकता है। इसके चलते दिल्ली के स्कूलों को निर्देश दिया गया है कि वे हर 45-60 मिनट में घंटी बजाकर छात्रों को पानी पीने की याद दिलाएं, ताकि उन्हें डिहाइड्रेशन से बचाया जा सके। इधर, यूपी के 30 जिलों में लू का अलर्ट है। आगरा में ताजमहल देखने पहुंचे 6 पर्यटकों की तबीयत बिगड़ गई। प्रयागराज में पारा 44 डिग्री सेल्सियस के ऊपर है। राजस्थान के उदयपुर, जयपुर में पर्यटकों की संख्या घट गई है। मध्य प्रदेश के भोपाल समेत 9 जिलों में पहली बार 'वार्म नाइट' की चेतावनी दी है। यहां रात का तापमान 27 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा रहेगा और रात में भी लू चलेगी।

### यूपी बोर्ड का परीक्षा परिणाम आज होगा घोषित

**प्रयागराज।** एशिया का सबसे बड़ा बोर्ड उत्तर प्रदेश (यूपी) बोर्ड का हाईस्कूल और इंटरमीडिएट का परीक्षा परिणाम गुरुवार को शाम 4 बजे यूपी बोर्ड के प्रयागराज मुख्यालय से जारी किया जाएगा। यूपी बोर्ड की परीक्षाएं 18 फरवरी से 12 मार्च तक कराई गई थी। यूपी बोर्ड की 2026 की परीक्षा में हाईस्कूल में 27 लाख 61 हजार 696 और इंटरमीडिएट में 25 लाख 76 हजार 82 को मिलाकर 53 लाख 37 हजार 778 परीक्षार्थी परीक्षा दिए थे। यूपी बोर्ड ने नकल विहीन, निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से परीक्षा के लिए व्यापक तौर पर इंतजाम किए थे। हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाएं 15 कार्य दिवसों में संपन्न कराई गई थी। जबकि यूपी बोर्ड की 2025 की परीक्षा में 54 लाख 38 हजार 597 परीक्षार्थी पंजीकृत थे।

### पीएफआई मामले के आरोपी की जमानत याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** एनआईए की एक विशेष अदालत ने यहां पीएफआई साजिश मामले के आरोपी इकबाल इब्राहिम खान की जमानत याचिका खारिज कर दी है। अदालत ने एनआईए की ओर से रिकॉर्ड पर रखे गए डिजिटल साक्ष्यों का हवाला देते हुए यह फैसला सुनाया। अदालत ने पाया कि यह मानने के उचित आधार हैं कि आरोपी के खिलाफ लगाए गए आरोप प्रथम दृष्ट्या सच हैं और आरोपों की प्रकृति गंभीर है।

# ट्रम्प ने युद्धविराम बढ़ाया ईरान ने धोखा बताया

## अमेरिका ने पाक आर्मी चीफ मुनीर व पीएम शहबाज की अपील पर लिया फैसला

वाशिंगटन, वार्ता



■ ईरान के भीतर गंभीर रूप से विभाजित स्थिति को देखते हुए यह कदम उठाया



■ ट्रम्प का एकतरफा युद्धविराम विस्तार एक 'चाल' : अब्बास अराघची

**अमेरिका के** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मंगलवार देर रात को घोषणा की कि अमेरिका ने ईरान के साथ जारी युद्ध में युद्धविराम की अवधि बढ़ा दी है और प्रस्तावित सैन्य हमले को फिलहाल टाल दिया गया है। ईरान ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के युद्धविराम को एकतरफा बढ़ाने की घोषणा पर शक जाहिर करते हुए कहा है कि यह एक 'चाल' है और उसने कभी इसके लिए दरख्वास्त नहीं की थी।

व्हाइट हाउस द्वारा भारतीय समयानुसार देर रात के बाद जारी बयान में कहा गया कि राष्ट्रपति ट्रम्प ने पाकिस्तान के नेतृत्व की अपील पर ईरान पर नियोजित सैन्य हमले को स्थगित करने और युद्धविराम को बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की है। उन्होंने बताया कि ईरान के भीतर गंभीर रूप से विभाजित स्थिति को देखते हुए यह कदम उठाया गया है, जिससे ईरान की ओर से एकजुट बातचीत की स्थिति पर सवाल उठ रहे हैं। बयान के अनुसार, युद्धविराम बढ़ाने का अनुरोध पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर और प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने किया था। अमेरिका ने कहा है कि जब तक ईरानी नेतृत्व बातचीत के लिए एक एकीकृत प्रस्ताव पेश नहीं करता, तब तक कोई आक्रामक कार्रवाई नहीं की जाएगी। राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा कि मैंने अपनी सेना को निर्देश दिया है कि वे नाकेबंदी जारी रखें और पूरी तरह तैयार रहें। इसका मतलब है कि सक्रिय सैन्य कार्रवाई भले ही टाल दी गई हो, लेकिन ईरान पर दबाव बना रहेगा। बयान में यह भी स्पष्ट किया गया कि युद्धविराम तब तक प्रभावी रहेगा जब तक ईरान अपना प्रस्ताव पेश नहीं करता और वार्ता किसी नतीजे पर नहीं पहुंचती चाहे जो भी परिणाम हो। इससे यह संकेत मिलता है कि कूटनीति विफल होने पर सैन्य कार्रवाई फिर से शुरू हो सकती है। यह कदम क्षेत्रीय संकट के बीच कूटनीति के लिए एक अस्थायी अवसर के तौर पर देखा जा रहा है, जिसमें पाकिस्तान मध्यस्थ के रूप में एक अहम भूमिका निभाने के तौर पर उभर रहा है। अमेरिका के हालांकि नाकेबंदी जारी रहने से यह भी स्पष्ट है कि -शेष पृष्ठ दो पर

## होर्मुज स्ट्रेट से भारत आ रहे जहाज को ईरान ने रोका

**तेहरान।** ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) ने होर्मुज स्ट्रेट में भारत आ रहे एक जहाज को रोककर कब्जे में ले लिया है। ईरान ने आरोप लगाया है कि जहाज बिना इजाजत होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने की कोशिश कर रहा था। लाइबेरिया के फ्लैग वाला एपामिनोडेस नाम का यह कंटेनर शिप गुजरात के मुंद्रा पोर्ट की ओर जा रहा था। ईरानी नौसेना के मुताबिक जहाज के नेविगेशन सिस्टम में छेड़छाड़ की गई थी, जिससे समुद्री सुरक्षा को खतरा पैदा हुआ। कार्रवाई के दौरान आईआरजीसी ने जहाज को इंटरसेप्ट कर अपने कब्जे में लिया और उसे तट की ओर ले गई। इसके अलावा इजराइल से जुड़े फ्रांसेस्का नाम के दूसरे जहाज को भी जब्त किया गया है। इसके अलावा यूफोरिया नाम के जहाज पर हमला भी किया गया है। इससे पहले खबरें आई थीं कि एक जहाज पर ईरान के पास फायरिंग हुई, जबकि दूसरा ओमान के तट के पास हमले में क्षतिग्रस्त हुआ था।

# श्रद्धालुओं के लिए खुले केदारनाथ धाम के कपाट

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ सीएम पुष्कर धामी बने साक्षी, पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि व कल्याण की कामना की, पीएम मोदी के नाम से प्रथम पूजा की अर्पित

■ मंदिर को 51 कुंतल से अधिक फूलों से भव्य रूप से सजाया गया

**रुद्रप्रयाग।** श्रद्धा, आस्था और दिव्यता की अद्भुत त्रिवेणी, ग्यारहवें ज्योतिर्लिंग श्री केदारनाथ धाम के कपाट बुधवार को विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए गए हैं। प्रातः 8 बजे शुभ मुहूर्त में कपाट खुलते ही पूरा धाम हर-हर महादेव और जय श्री केदार के उद्घोष से गूंज उठा। धाम में पहली पूजा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम से की गई।

इस पावन अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी उपस्थित रहे और उन्होंने बाबा केदारनाथ के दर्शन कर प्रदेश एवं देश की सुख, समृद्धि और शांति की कामना की। सिख रेजीमेंट के बैंड की भक्तिमय धुनों के बीच कपाट उद्घाटन का यह दिव्य क्षण और भी अलौकिक बन गया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने समस्त देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि केदारनाथ धाम न केवल सनातन धर्मावलंबियों की आस्था का प्रमुख केंद्र है, बल्कि यह भारत की समृद्ध आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत का भी प्रतीक है। उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा हर वर्ष नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है और इस वर्ष भी बाबा केदार के आशीर्वाद से यात्रा ऐतिहासिक होगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा चारधाम यात्रा को सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं सुगम बनाने के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं। उन्होंने सभी उत्तराखंडवासियों से देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं के प्रति सेवा और आतिथ्य भाव बनाए रखने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बाबा केदारनाथ का अनन्य भक्त बताते हुए कहा कि वर्ष 2013 की आपदा के बाद उनके मार्गदर्शन में केदारनाथ धाम का भव्य एवं दिव्य पुनर्निर्माण हुआ है, जो आज विश्वभर के श्रद्धालुओं को आकर्षित कर रहा है। भगवान केदारनाथ की पंचमुखी उत्सव डोली शीतकालीन गद्दीस्थल श्री ओंकारेश्वर मंदिर, उखीमठ से गुप्तकाशी, फाटा और गौरीकुंड होते हुए कल शाम ही धाम पहुंच -शेष पृष्ठ दो पर

# वैश्विक संकट के बावजूद भारत की स्थिति मजबूत

## संयुक्त राष्ट्र ने जताया भरोसा, इस साल 6.4 फीसदी की रफ्तार से बढ़ेगी आर्थिक वृद्धि दर

नई दिल्ली, वार्ता



■ मिडिल ईस्ट संघर्ष के बीच भारत ने सभी को चौंकाया

**पश्चिम एशिया** संकट से उपजी वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था इस साल 6.4 फीसदी की रफ्तार से बढ़ेगी। अगले साल यानी 2027 में वृद्धि की यह रफ्तार और बढ़कर 6.6 फीसदी पहुंच सकती है।

संयुक्त राष्ट्र ने भारत की मजबूत आर्थिक बुनियाद पर भरोसा जताते हुए कहा कि आर्थिक वृद्धि के ये आंकड़े एशिया-प्रशांत क्षेत्र में विकास के एक प्रमुख चालक के रूप में देश की निरंतर मजबूत स्थिति को दर्शाते हैं। संयुक्त राष्ट्र आर्थिक एवं सामाजिक आयोग एशिया-प्रशांत (ईएससीएपी) ने सोमवार को जारी रिपोर्ट में कहा कि दक्षिण और दक्षिण-पश्चिम एशिया की अर्थव्यवस्थाएं 2025 में 5.4 फीसदी की दर से बढ़ीं। इसमें भारत की मजबूत वृद्धि का प्रमुख योगदान रहा। 2024 में इन अर्थव्यवस्थाओं की वृद्धि दर 5.2 फीसदी रही थी। इकनॉमिक एंड सोशल सर्वे ऑफ एशिया एंड द पैसिफिक-2026 शीर्षक वाली रिपोर्ट के मुताबिक, 2025 में भारतीय जीडीपी 7.4 फीसदी की मजबूत रफ्तार से बढ़ी। इसे मजबूत खपत (विशेष रूप से ग्रामीण अर्थव्यवस्था से मांग), जीएसटी दरों में कटौती और अमेरिकी टैरिफ लागू होने से पहले निर्यात में तेजी से समर्थन मिला। हालांकि, भारत में 2025 की दूसरी छमाही में आर्थिक गतिविधियां धीमी पड़ीं, क्योंकि अगस्त, 2025 में 50 फीसदी टैरिफ लगाए जाने के बाद अमेरिका को निर्यात में 25 फीसदी गिरावट आई। सेवा क्षेत्र वृद्धि का प्रमुख चालक बना रहा। महंगाई के मोर्चे पर संयुक्त राष्ट्र ने कहा, भारत में मुद्रास्फीति इस साल 4.4 फीसदी और 2027 में 4.3 फीसदी रहेगी। व्यापार तनाव और अनिश्चितताओं के बीच विकासशील एशियाई एवं प्रशांत अर्थव्यवस्थाओं में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) घटा है। 2024 में 0.6 फीसदी वृद्धि के बाद 2025 में क्षेत्र में एफडीआई दो फीसदी घट गया, जबकि वैश्विक स्तर पर 14 फीसदी की बढ़ोतरी हुई। एशिया-प्रशांत क्षेत्र में पहले तीन तिमाहियों में जिन देशों ने नए प्रत्यक्ष विदेशी निवेश सबसे अधिक आकर्षित किए...वे भारत, ऑस्ट्रेलिया, कोरिया गणराज्य और कजाखस्तान हैं। इन देशों में क्रमशः 50 अरब डॉलर, 30 अरब डॉलर, 25 अरब डॉलर और 21 अरब डॉलर की निवेश घोषणाएं हुईं। एशिया-प्रशांत क्षेत्र के श्रमिकों की ओर से भेजा जाने वाला व्यक्तिगत धन प्रेषण (रेमिटेंस) लगातार बढ़ रहा है।

# मोदी को आतंकी कहने पर चुनाव आयोग का खड़गे को नोटिस

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ आयोग ने कांग्रेस अध्यक्ष की टिप्पणी पर कड़ा संज्ञान लिया

**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आतंकी कहे जाने वाले बयान पर कड़ा संज्ञान लिया है। आयोग ने इस टिप्पणी को गंभीरता से लेते हुए हुए कांग्रेस अध्यक्ष को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

इससे पहले अमित शाह, नितिन नवीन समेत शीर्ष भाजपा नेताओं ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पर जोरदार निशाना साधा और उनके बयान की आलोचना की है। मामले में चुनाव आयोग के अधिकारी ने बताया कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा पीएम मोदी को आतंकी कहे जाने का गंभीर रूप से संज्ञान लिया है और कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। इससे पहले मंगलवार को भाजपा ने चुनाव आयोग से इस मामले में तत्काल कार्रवाई की मांग की थी। भाजपा ने आयोग को सौंपे ज्ञापन में खड़गे के बयान को गंभीर रूप से अपमानजनक बताते हुए इसे आदर्श आचार संहिता का प्रथम दृष्ट्या उल्लंघन बताया था। पार्टी ने आयोग से खड़गे से सार्वजनिक माफी मंगवाने और उनके खिलाफ उचित दंडात्मक व नियामक कार्रवाई शुरू करने की मांग की थी।

## संक्षिप्त समाचार

### यूपी: 69000 शिक्षक भर्ती मामले में फिर प्रदर्शन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश 69 हजार शिक्षक भर्ती मामले में बुधवार को लखनऊ में अभ्यर्थियों ने फिर से प्रदर्शन किया है। इस बीच सैकड़ों की संख्या में अभ्यर्थी विधानसभा का घेराव करने के लिए पहुंचे। प्रदर्शन के दौरान अभ्यर्थी गले में झाड़ू और मटकी लटका कर पहुंचे हैं। प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थियों का आरोप है कि सरकार दलित और पिछड़ों को आगे नहीं बढ़ाना चाहती। सुप्रीम कोर्ट में लंबित केस में उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार की तरफ से वकील नहीं खड़ा हो रहा है, जिसकी वजह से मामले की पैरवी नहीं हो रही है। यूपी पुलिस द्वारा विधानसभा का घेराव करने पहुंचे अभ्यर्थियों को हिरासत में लिया गया है। जिसके बाद उन्हें इको गार्डन भेजा गया है।

### आरक्षण की मांग पर मोदी को भेजेंगे 10 लाख पोस्ट कार्ड

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने महिला आरक्षण को लेकर मोदी सरकार पर धोखा देने का आरोप लगाते हुए कहा है कि यदि उसमें इस मामले में जरा भी ईमानदारी है, तो उसे तत्काल संसद की मौजूदा सीटों से ही 33 प्रतिशत आरक्षण महिलाओं को देना चाहिए। महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लांबा ने कहा कि कांग्रेस इस मुद्दे को लेकर अत्यंत संवेदनशील है और अगले दो महीने में 10 लाख पोस्टकार्ड पीएम को भेजेंगी। कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के प्रमुख राजेंद्र पाल गौतम तथा अन्य पिछड़ा वर्ग विभाग के अध्यक्ष डा. अनिल जयहिंद ने कहा कि भाजपा की मानसिकता कभी महिलाओं को आरक्षण देने की नहीं रही है। यदि महिलाओं को आरक्षण देना चाहती है तो उसे 543 लोस सीटों के आधार पर महिला आरक्षण की व्यवस्था लागू करनी चाहिए।

# भीषण गर्मी की चपेट में यूपी, राहत के आसार नहीं

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ समेत कानपुर, प्रयागराज, वाराणसी, झांसी, आगरा, अलीगढ़ और मेरठ मंडलों में अधिकतम तापमान 40 से 45 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में भीषण गर्मी का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है और विभिन्न जिलों में तापमान सामान्य से ऊपर बना हुआ है। मौसम विभाग द्वारा बुधवार को जारी प्रभाव आधारित पूर्वानुमान के अनुसार प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में मौसम शुष्क रहने तथा तेज सतही हवाएं चलने की संभावना है, जबकि कई जिलों में लू की स्थिति बनी रहेगी।

राजधानी लखनऊ समेत कानपुर, प्रयागराज, वाराणसी, झांसी, आगरा, अलीगढ़ और मेरठ मंडलों के जिलों में अधिकतम तापमान 40 से 45 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया जा रहा है। बुंदेलखंड और पूर्वांचल के जिलों बांदा, चित्रकूट, कौशाम्बी, फतेहपुर, प्रतापगढ़, जौनपुर, आजमगढ़, मऊ और बलिया में तापमान 44 डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंचने से जनजीवन प्रभावित हो रहा है। मौसम विभाग के अनुसार 22 से 25 अप्रैल के बीच पश्चिमी और पूर्वी उत्तर प्रदेश में अधिकांश स्थानों पर मौसम शुष्क रहेगा, जबकि दिन के समय तेज गर्म हवाएं (30-40 किमी/घंटा) चल सकती हैं। पूर्वानुमान में कहा गया है कि हरदोई, उन्नाव, रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर, गाजीपुर, गोरखपुर मंडल के कुछ हिस्सों सहित मध्य और पूर्वी यूपी के बड़े हिस्से लू की चपेट में रहेंगे। वहीं पश्चिमी उत्तर प्रदेश के आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, अलीगढ़ और मथुरा में भी तापमान में तेजी से वृद्धि दर्ज की जा रही है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार 26 अप्रैल के आसपास कुछ स्थानों पर आंशिक बदलाव के संकेत हैं, जहां कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ हल्की बारिश या बौछारें पड़ सकती हैं, लेकिन उससे पहले गर्मी से राहत की संभावना कम है। उष्ण लहर के प्रभाव को देखते हुए स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने दोपहर के समय धूप में बाहर निकलने से बचने, पर्याप्त पानी और तरल पदार्थ लेने तथा बच्चों, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी है। कुल मिलाकर, प्रदेश के अधिकांश जिलों में अगले चार से पांच दिनों तक तापमान ऊंचा बना रहने और लू के प्रकोप के चलते जनजीवन पर असर जारी रहने की संभावना है।

# संगठन को मजबूत कर बढ़ाएं जनाधार

## बसपा प्रमुख मायावती ने दिए पदाधिकारियों को निर्देश

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने उत्तर प्रदेश के पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को संगठन को मजबूत करने, जनाधार बढ़ाने और आगामी चुनावों की तैयारियों में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने कहा कि वह वर्तमान में पार्टी कार्यों के सिलसिले में दिल्ली में हैं और कार्य पूर्ण होते ही शीघ्र ही लौटेंगी। मायावती ने 31 मार्च 2026 को लखनऊ में आयोजित प्रदेश स्तरीय बैठक का उल्लेख करते हुए कहा कि उसमें संगठन विस्तार, कैडर मजबूती, आर्थिक संसाधनों को सुदृढ़ करने और विधानसभा उपचुनाव की तैयारियों को लेकर जो दिशा-निर्देश दिए गए थे, उन पर पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ अमल सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रदेशभर में आयोजित बैठकों के दौरान बसपा सरकार में कराए गए विकास कार्यों और जनहित योजनाओं की जानकारी आम जनता तक पहुंचाई जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बने कई एक्सप्रेस-वे और नोएडा में विकसित हो रहा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा जैसी परियोजनाओं की परिकल्पना बसपा शासनकाल में ही की गई थी।

बसपा प्रमुख ने कानून द्वारा कानून का राज तथा सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय की नीति को प्रदेश के समुचित विकास और बेहतर कानून-व्यवस्था के लिए आवश्यक बताया और कार्यकर्ताओं से इसे जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने 22 फरवरी 2026 को लखनऊ में आयोजित ऑल इंडिया बैठक का भी उल्लेख करते हुए कहा कि उसमें पार्टी और मूवमेंट के हित में दिए गए दिशा-निर्देशों को भी समयबद्ध ढंग से पूरा किया जाए। मायावती ने महिला आरक्षण के मुद्दे पर पार्टी का रुख दोहराते हुए कहा कि 15 अप्रैल 2026 को मीडिया में जो आधिकारिक स्टैंड रखा गया था, उसमें कोई बदलाव नहीं किया गया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया कि इस विषय पर भ्रम की स्थिति न बनने दें और सही जानकारी लोगों तक पहुंचाएं। हालांकि, उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि महिला आरक्षण के समर्थन में पार्टी अनुशासन के तहत किसी भी प्रकार के धरना-प्रदर्शन या विरोध कार्यक्रम आयोजित न किए जाएं।

# पाक को मिल रही वैश्विक स्वीकार्यता चिंताजनक

नई दिल्ली, वार्ता

**■ कांग्रेस ने पहलगाम में मारे गए निर्दोष नागरिकों को किया याद**

कांग्रेस ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में जान गवांने वाले निर्दोष नागरिकों को याद करते हुए नमन किया है और कहा है कि इस हमले के गुनाहगार आतंकवादियों को पनाह देने वाले पाकिस्तान को आज वैश्विक स्वीकार्यता मिलना चिंताजनक है और यह स्पष्ट रूप से हमारी सरकार की कूटनीतिक विफलता है।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, ष्आज 22 अप्रैल का दिन हर भारतीय के लिए गहरे दुख और पीड़ा का दिन रहेगा। ठीक एक वर्ष पहले, पहलगाम में पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित आतंकवादी हमला हुआ था। हमारी संवेदनाएं उन शोकाकुल परिवारों के साथ हैं। हम उस युवा घोड़ा-चालक की बहादुरी को भी याद करते हैं, जिसने एक पर्यटक को बचाने की कोशिश करते हुए अपनी जान गंवा दी। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल ने स्वीकार किया था कि यह एक खुफिया विफलता थी, लेकिन अभी यह स्पष्ट नहीं है कि इस स्वीकारोक्ति पर क्या कार्रवाई की गई, हालांकि कुछ महीनों बाद हमलावरों को न्याय के कटघरे में लाया गया। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि नवम्बर 2008 में मुंबई में हुए आतंकवादी हमलों के बाद पाकिस्तान अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अलग-थलग पड़ गया था। उसकी अर्थव्यवस्था आज भी कमजोर स्थिति में है और बाहरी मदद पर निर्भर है।

## सीएम योगी की पश्चिम बंगाल में हुई जनसभा में दहाड़

# बंगाल की अस्मिता से कोई नहीं करेगा खिलवाड़

लखनऊ/कोलकाता, वार्ता



**■ वोट का सही प्रयोग करें बंगाल के निवासी, बंगाल की पहचान काबा से नहीं, मां कालीबाड़ी से है राज्य की आर्थिक स्थिति पर भी मुख्यमंत्री ने उठाए सवाल**

पश्चिम बंगाल में चुनावी माहौल के बीच उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कोलकाता के जोरासांको में अपनी पहली जनसभा को संबोधित करते हुए तृणमूल कांग्रेस और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर तीखा हमला बोला।

उन्होंने दावा किया कि 4 मई को चुनाव परिणाम आने पर राज्य में भाजपा का भगवा ध्वज लहराएगा। सभा में बड़ी संख्या में समर्थक योगी जी बुलडोजर लाओ, हम तुम्हारे साथ हैं, लिखे पोस्टर लेकर पहुंचे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि 23 अप्रैल को होने वाले पहले चरण के मतदान में भाजपा करीब 80 प्रतिशत सीटें जीतने जा रही है और राज्य में परिवर्तन की लहर साफ दिखाई दे रही है। उन्होंने कहा कि कोई माई का लाल बंगाल की अस्मिता से खिलवाड़ नहीं कर सकता और जनता को अपने वोट का सही इस्तेमाल करने की अपील की। योगी ने आरोप लगाया कि टीएमसी के लोग बंगाली अस्मिता से खिलवाड़ कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बंगाल की पहचान काबा से नहीं, मां कालीबाड़ी से है। साथ ही इशारों में ममता बनर्जी और अभिषेक बनर्जी पर निशाना साधते हुए उन्हें 'बुआ-भतीजा' बताते हुए कहा कि वे राज्य के अस्तित्व को कमजोर कर रहे हैं। जोरासांको स्थित रवींद्र नाथ टैगोर की ठाकुरबाड़ी का उल्लेख करते हुए कहा कि यह क्षेत्र बंगाल की सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक है। उन्होंने आरोप लगाया कि यहां जहां गुरुदेव और भारत माता की तस्वीरें होनी चाहिए थीं, वहां टीएमसी कार्यकर्ताओं ने जबरन ममता बनर्जी की तस्वीर लगा दी, जो बंगाल की अस्मिता का अपमान है। श्री योगी ने राज्य की आर्थिक स्थिति पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि कभी रोजगार के लिए देशभर के लोग बंगाल आते थे, लेकिन अब हालात बदल गए हैं।

### राहुल के साथ रहकर खड़गे की भाषा बिगड़ी



**दम दम उत्तर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को दम दम उत्तर विधानसभा में जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस और टीएमसी पर बड़ा हमला बोला है। अमित शाह ने कहा कि खड़गे पहले इस तरह के बयान नहीं देते थे, लेकिन राहुल बाबा के साथ रहकर उनकी भाषा भी बिगड़ने लगी है। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि राहुल के साथ रहने का ही असर है जो कांग्रेस अध्यक्ष पीएम नरेंद्र मोदी जी को आतंकवादी कह रहे हैं। कांग्रेस और राहुल बाबा, मोदी जी को जितना गाली देकर कीचड़ उछालने की कोशिश करेंगे, उतना ही कमल शान से खिलेगा। शाह ने दावा किया कि इस बार चुनाव के बाद ममता दीदी की विदाई हो जाएगी। यह चुनाव बंगाल में बहुत बड़ा बदलाव लेकर आने वाला है।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



**सेंसेक्स** 78516.49
**निफ्टी** 24378.10



**सोना** 152250
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार




**चांदी रु.** 249677
प्रति किलो



# बिकवाली से टूटे प्रमुख सूचकांक

## सेंसेक्स और निफ्टी दोनों गिरे, हिन्दुस्तान यूनीलिवर में तेजी रही

मुंबई, वार्ता



घरेलू शेयर बाजारों में बुधवार को आईटी कंपनियों में बड़ी बिकवाली देखी गई जिससे प्रमुख सूचकांक करीब एक फीसदी टूट गए और एचसीएल टेक्नोलॉजीज में तकरीबन 11 प्रतिशत की गिरावट रही।

कमजोर वित्तीय परिणाम के कारण एचसीएल टेक्नोलॉजीज को करीब 11 प्रतिशत का नुकसान उठाना पड़ा। कंपनी को गत 31 मार्च को समाप्त तिमाही में 900 करोड़ रुपए का घाटा हुआ है। इसकी मुख्य वजह विदेश में एक पुराने कर मामले में 5,733 करोड़ रुपए का भुगतान रहा। इसी मामले में वह 703 करोड़ रुपए का भुगतान पहली तीन तिमाहियों में कर चुकी है। एचसीएल टेक्नोलॉजीज के साथ दूसरी आईटी कंपनियों और बैंकों में बिकवाली से बीएसई का संसेक्स 756.84 अंक (0.95 प्रतिशत) गिरकर 78,516.49 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 198.50 अंक यानी 0.81 प्रतिशत टूटकर 24,378.10 अंक पर आ गया। दिग्गज कंपनियों के विपरीत वृहत बाजार में लिवाली का जोर रहा। महिंद्रा एंड महिंद्रा में तीन प्रतिशत की गिरावट रही।

आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक, एलएंडटी, भारती एयरटेल, आईटीसी, इंडिगो और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर एक से दो प्रतिशत तक गिर गए। बजाज फिनसर्व, भारतीय स्टेट बैंक, बीईएल, मारुति सुजुकी, टाइटन, बजाज फाइनेंस और अडानी पोर्ट्स के शेयर भी लाल निशान में रहे। हिंदुस्तान यूनीलिवर में पौने तीन फीसदी की तेजी रही। एनटीपीसी का शेयर भी सवा दो प्रतिशत से अधिक चढ़ा। इटरनल और अल्ट्राटेक सीमेंट में एक से डेढ़ प्रतिशत की बढ़त दर्ज हुई। ट्रेंट, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एशियन पेंट्स और टाटा स्टील के शेयर भी ऊपर बंद हुए।

### सोना 105 गिरकर 1.52 लाख पर, चांदी 836 सस्ती

**नई दिल्ली।** सोना-चांदी के दाम में बुधवार को गिरावट दर्ज की गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 105 रुपए गिरकर 1,52,250 रुपए पर आ गया है। इससे पहले 21 अप्रैल को इसकी कीमत 1,52,355 रुपए प्रति 10 ग्राम थी। वहीं एक किलो चांदी 836 रुपए गिरकर 2,49,677 रुपए पर पहुंच गई है। इससे पहले मंगलवार को इसकी कीमत 2,50,513 रुपए प्रति किलो थी।

इस साल सोने-चांदी की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। सोना 2026 में अब तक 19 हजार रुपए और चांदी 20 हजार रुपए महंगी हुई है। 31 दिसंबर 2025 को 10 सोना 1.33 लाख रुपए पर था, जो अब 1.52 लाख रुपए पर पहुंच गया है। वहीं चांदी 2.30 लाख रुपए किलो थी, जो अब 2.50 लाख रुपए पर पहुंच गई है। इस दौरान 29 जनवरी को सोने ने 1.76 लाख रुपए और चांदी ने 3.86 लाख रुपए का ऑलटाइम हाई भी बनाया था। सरकार ने सोने-चांदी और प्लेटिनम के गहनों को 'फ्री' कैटेगरी से हटाकर 'रिस्ट्रिक्टेड' कैटेगरी में डाल दिया है। इसका सीधा असर बाजार की सप्लाई पर दिख रहा है।

# चावल, चीनी व खाद्य तेलों में रही तेजी, गेहूं नरम, दालों में घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता

घरेलू थोक जिंस बाजारों में बुद्धवार को चावल का औसत भाव बढ़ गया। चावल के साथ चीन और खाद्य तेलों में भी तेजी देखी गई। गेहूं में नरमी का रुख रहा जबकि दालों के दामों में घट.बढ़ रही। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 10 रुपये बढ़कर 3,843 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई।

गेहूं नौ रुपये सस्ता हुआ और 2,774 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटे की कीमत पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर ही रही। दाल.दलहनों में उतार-चढ़ाव देखा गया। तुअर दाल तीन रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। मूंग दाल की कीमत 22 रुपये और उड़द दाल की 17 रुपये बढ़ गई। चना दाल 13 रुपये और मसूर दाल छह रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। स्थानीय बाजारों में सोया तेल की औसत कीमत 70 रुपये और वनस्पति की 58 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। मूंगफली तेल में 55 रुपये और पाम ऑयल में 52 रुपये की तेजी रही। सूरजमुखी तेल का भाव 29 रुपये और सरसों तेल का 19 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ा। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव 23 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गया।

चीनी भी पांच रुपये महंगी हुई। दाल-दलहन: दाल चना 7687.13 रुपये, मसूर काली 8086.17 रुपये, मूंग दाल 10182.40 रुपये, उड़द दाल 10810.95 रुपये, तुअर दाल 11247.35 रुपये प्रति क्विंटल रही। गेहूं दड़ा 2773.83 रुपये और चावल 3842.85 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3263.25 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी.गुड़ : चीनी एस 4307.40 रुपये और गुड़ 5015.15 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल : सरसों तेल 17884.42 रुपये, मूंगफली तेल 18852.14 रुपये, सूरजमुखी तेल 17485.66 रुपये, सोया तेल 14902.14 रुपये, पाम ऑयल 13451.76 रुपये और वनस्पति 14920.50 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

### ट्रम्प ने...

तनाव अभी कम नहीं हुआ है और बातचीत विफल होने पर स्थिति फिर से बिगड़ सकती है। इससे पहले ईरान ने संयुक्त राष्ट्र से अपील करते हुए अमेरिका द्वारा ईरानी जहाज टौस्का को जब्त करने की निंदा की थी और इसे समुद्री डकैती करार दिया था। अमेरिका-ईरान दोनों देशों के बीच युद्धविराम रुकने तक लगभग 4,000 लोगों की मौत हो चुकी है, जिनमें अधिकतर मौतें मिसा. इल हमलों और ड्रोन हमलों के कारण हुई हैं। उधर ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि ईरान ने 'धमकियों के साए' में युद्धविराम विस्तार या नई बातचीत की कोई गुजारिश नहीं की है। श्री अराघची ने ईरानी बंदरगाहों की जारी अमेरिकी नौसैनिक नाकेबंदी की निंदा करते हुए इसे 'युद्ध की कार्रवाई' और मौजूदा युद्धविराम सिद्धांतों का उल्लंघन करार दिया।

उन्होंने कहा कि ईरान जानता है कि दबंगई का मुकाबला कैसे करना है। ईरानी संसद के अध्यक्ष गालिबाफ के वरिष्ठ सलाहकार महदी मोहम्मदी ने युद्धविराम विस्तार को खारिज करते हुए कहा कि ईरान के नजरिए से इसका 'कोई मतलब नहीं' है और इसकी 'कोई वास्तविक अहमियत' नहीं है। उन्होंने इस कदम को 'अचानक हमले' के लिए वक्त हासिल करने की रणनीति बताया और दलील दी कि जो पक्ष इस तरह के दबाव का सामना कर रहा हो, वह शर्तें तय नहीं कर सकता। संयुक्त राष्ट्र में ईरान के राजदूत आमिर सईद इरावानी ने इस बात पर जोर दिया कि इस्लामाबाद में किसी भी औपचारिक शांति वार्ता में शामिल होने के लिए नौसैनिक नाकेबंदी को खत्म करना ईरान की अनिवार्य शर्त है। इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) से जुड़ी ईरान की अर्ध-सरकारी समाचार एजेंसी मेहर (एमएनए) ने कहा कि ईरान ने युद्धविराम बढ़ाने की मांग नहीं की है। एजेंसी ने ताकत के दम पर अमेरिकी नाकेबंदी को तोड़ने की धमकियों को फिर दोहराया। युद्धविराम विस्तार की यह घोषणा युद्ध में हुए कई बड़े घटनाक्रमों के बाद हुई है। हमलों पर रोक के बावजूद ट्रम्प ने अमेरिकी सेना को नौसैनिक नाकेबंदी जारी रखने का निर्देश दिया है, जो ईरान के लिए विवाद का मुख्य मुद्दा बना हुआ है।

### श्रद्धालुओं के...

चुकी थी। इसी क्रम में कपाट खुलने की प्रक्रिया आज प्रातः 5 बजे से प्रारंभ हुई। इसके बाद प्रातः 8 बजे रावल भीमाशंकर लिंग, पुजारी टी गंगाधर, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, विधायक केदारनाथ आशा नौटियाल, तीर्थ पुरोहित उमेश चंद्र पोस्ती सहित धर्माचार्यों एवं वेदपाठियों ने मंदिर के गर्भगृह में प्रवेश कर विधिवत पूजा-अर्चना की। देव आह्वान एवं लोककल्याण के संकल्प के साथ ठीक 8 बजे कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। कपाट उद्घाटन के अवसर पर श्री केदारनाथ मंदिर को 51 कुंतल से अधिक फूलों से भव्य रूप से सजाया गया। कपाट खुलते ही हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की गई, जिससे श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। कपाट खुलने के अवसर पर श्रीमती गीता धामी, बीकेटीसी अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी, विधायक केदारनाथ आशा नौटियाल, जिला पंचायत अध्यक्ष रुद्रप्रयाग पूनम कठैत, ब्लॉक प्रमुख ऊखीमठ पंकज शुक्ला, जिला पंचायत सदस्य अमित मैखंडी, पूर्व जिलाध्यक्ष महावीर पंवार, तीर्थ पुरोहित उमेश चंद्र पोस्ती, जिलाधिकारी रुद्रप्रयाग/मुख्य कार्याधिकारी बीकेटीसी विशाल मिश्रा, पुलिस अधीक्षक नीहारिका तोमर, सहित बड़ी संख्या में तीर्थ पुरोहितगण, हकहकूकधारी एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# पहलगाम में मृत लोगों को भुलाया नहीं जा सकता

नई दिल्ली, वार्ता



**■ मोदी, शाह व उमर ने हमले में मारे गए निर्दोष लोगों को किया याद**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह ने पहलगाम आतंकवादी हमले की पहली बरसी पर उसमें प्राण गंवाने वाले लोगों को याद किया है और आतंकवाद के खिलाफ सरकार के दृढ़ संकल्प को दोहराया है। श्री मोदी ने अपने संवेदना संदेश में मंगलवार को कहा,ष्पिछले साल इसी दिन पहलगाम में हुए भयावह आतंकवादी हमले में जान गंवाने वाले निर्दोष लोगों को कभी भुलाया नहीं जा सकेगा। इस दुख की घड़ी में मेरी संवेदनाएं पीड़ित परिवारों के साथ हैं। मोदी ने कहा कि एक राष्ट्र के रूप में, हम शोक की घड़ी में एकजुट हैं और दृढ़ संकल्प हैं। भारत आतंकवाद के किसी भी रूप के आगे कभी नहीं झुकेगा। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने पहलगाम आतंकवादी हमले की पहली बरसी पर इस हमले के पीड़ितों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि अपने लोगों को खोने का दुख और पीड़ा आज भी हर भारतीय के दिल में है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि आज के दिन हम पिछले वर्ष पहलगाम के भयावह आतंकवादी हमले में खो चुके मासूम लोगों को श्रद्धापूर्वक याद करते हैं। अपने लोगों को खोने का दुख और पीड़ा आज भी हर भारतीय के दिल में है। गृहमंत्री ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ हमें एकजुट होकर लड़ना और उसे परास्त करना होगा। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने पुलवामा आतंकवादी हमले बरसी पर कहा कि हम आतंकवाद और हिंसा के खिलाफ एकजुट हैं। जम्मू-कश्मीर को पीड़ा और निर्दोषों की मौत से मुक्त कराने की हमारी इच्छा दृढ़ है। हम यह सुनिश्चित करने के लिए प्रयास करने को प्रतिबद्ध हैं कि ऐसा दोबारा कभी न हो। हम उन परिवारों के साथ भी अपनी एकजुटता व्यक्त करते हैं जिन्होंने एक साल पहले कायरतापूर्ण हमले में अपने प्रियजनों को खो दिया।

### खड़गे-राहुल ने पहलगाम हमले में मारे गए नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने पिछले वर्ष आज ही के दिन जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले में मारे गए निर्दोष नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि देश ऐसी घटनाओं के खिलाफ ज्यादा ताकत के साथ खड़ा रहेगा। खड़गे ने बुधवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि 2025 में आज ही के दिन पहलगाम आतंकी हमले में अपनी जान गंवाने वाले 26 नागरिकों को मेरी विनम्र श्रद्धांजलि। राहुल गांधी ने कहा कि पहलगाम में पिछले वर्ष हुए कायरतापूर्ण आतंकी हमले में शहीद हुए सभी वीरों को मैं भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। देश उनका बलिदान और उनके परिवारों की पीड़ा को न कभी भूलेगा, और न ही इस कायराना कृत्य के दोषियों को कभी माफ करेगा। बेरहमी से छीने गए मासूम जिदगियों की याद आज भी हमारे दिलों को झकझोरती है। शहीदों के परिवारों का दुख हम सब का दुख्ख है। देश के उन बेटों की शहादत भारत की आत्मा में सदा अमिट रहेगी।

# सहायक शिक्षक अभ्यार्थियों ने घेरी विधानसभा

## हाईकोर्ट में याची बनकर अपने न्याय की लड़ाई लड़ रहे अभ्यर्थियों के सब्र का बांध टूटा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** 69 सहायक शिक्षक भर्ती में 19 सीटों पर हुए आरक्षण घोटाले को लेकर आज वर्ष 2.2. से हाईकोर्ट में याची बनकर अपने न्याय की लड़ाई लड़ रहे याची अभ्यर्थियों के सब्र का बांध आज टूट गया।

आज आरक्षण पीड़ित अभ्यर्थियों ने लखनऊ विधानसभा का घेराव कर 1. से 15 मिनट तक सैकड़ों की संख्या में आरक्षण पीड़ित अभ्यर्थियों के साथ धरना प्रदर्शन किया क्योंकि पिछले 18 महीने से उत्तर प्रदेश सरकार आरक्षण पीड़ित याची अभ्यर्थियों को न्याय देने के लिए सुप्रीम कोर्ट में उपस्थित नहीं हो रही लेकिन पुलिस ने आरक्षण पीड़ित यांची अभ्यर्थियों को बस में बैठकर इको गार्डन भेज दिया। आरक्षण पीड़ित याची अभ्यर्थियों के धरना प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे पिछड़ा दलित संयुक्त मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सुशील कश्यप एवं धनंजय गुप्ता का कहना है कि आरक्षण घोटाले का यह मामला लखनऊ हाई कोर्ट में वर्ष 2.2. से चल रहा है तथा इस भर्ती में ओबीसी वर्ग को 27 प्रतिशत की जगह सिर्फ 3.86 प्रतिशत तथा एससी वर्ग को 21 प्रतिशत की जगह सिर्फ 12 प्रतिशत आरक्षण दिया गया है और इस प्रकार इस भर्ती में बेसिक शिक्षा नियमावली 1981 तथा आरक्षण नियमावली 1994 का घोर उल्लंघन किया गया है और यही कारण है कि लखनऊ हाई कोर्ट डबल बेंच 13 अगस्त 2.24 को इस शिक्षक भर्ती की पूरी लिस्ट को रद्द कर चुकी है तथा उत्तर प्रदेश सरकार को इस शिक्षक भर्ती की सूची को 3 महीने के अंदर मूल चयन सूची के रूप में इस भर्ती की लिस्ट को बनाया जाए इस संबंध में आदेश दे चुकी है। पिछड़ा दलित संयुक्त मोर्चा के प्रदेश प्रदेश महासचिव सुमित यादव का कहना है कि यदि उत्तर प्रदेश सरकार सुप्रीम कोर्ट में जल्द से जल्द सुनवाई की पहल कर आरक्षण पीड़ित याची अभ्यर्थियों के पक्ष में यदि याची लाभ का प्रपोजल पेश कर देती है, तो अभ्यर्थी जो याची बनकर याची लाभ की मांग कर रहे है उन्हें न्याय मिल जाएगा और फिर यह मामला पूरी तरह से निस्तारित हो जाएगा, ,क्योंकि याची अभ्यर्थी यह नहीं चाहते कि इस भर्ती में जो भी शिक्षक गलत तरीके से लग गए हैं। इस दौरान सुशील कश्यप, धनंजय गुप्ता, सुमित यादव, मनोज प्रजापति, नकुल यादव, रामविलास यादव, पुष्पेंद्र सिंह जेलर, राजेश चौधरी, शोभा, कंचन, दीपिका राजपूत, इसरार अली, लइक अहमद मौजूद थे।




# राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन होगा नौ मई को

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** जन सामान्य को त्वरित, सस्ता एवं सुलभ न्याय उपलब्ध कराने हेतु 9 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है।

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार तथा माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ मलखान सिंह के कुशल दिशानिर्देशन में आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत 9 मई की तैयारियों की समीक्षा हेतु मंगलवार को सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुंवर मित्रेश सिंह कुशवाहा द्वारा बैंको एवं फाइनेंस कम्पनी के जिला समन्वयकोंधपदाधिकारियों के साथ बैठक आहूत की गई। बैठक में जिला अग्रणी प्रबन्धक, बैंक ऑफ इण्डिया मनीष पाठक के साथ भारतीय स्टेट बैंक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र, सेन्ट्रल बैंक, इण्डियन ओवरसीज बैंक, आई.सी.आई.सी.आई. बैंक, केनरा बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, यूको बैंक, बैक ऑफ बड़ौदा, यश बैंक, एच.डी.एफ.सी. बैंक, एक्सिस बैंक, उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक, टाटा, काशी कैपिटल प्रा.लि., बंधन बैंक, चोलामण्डलम, आई.डी.बी.आई.बैंक पदाधिकारीगण एवं पैनल अधिवक्ता उपस्थित रहे।

सचिव द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत में लगाये जाने वाले वादों की समीक्षा की गयी तथा बैंठक में उपस्थित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपनी बैक शाखाओं में बैनर आदि लगाकर आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत का प्रचार प्रसार कराएं।

## संक्षिप्त समाचार

### महंगाई और रोजगार पर जवाब दे भाजपा

**लखनऊ।** लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील सिंह ने भारतीय जनता पार्टी की जनाक्रोश रैली पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यदि भाजपा को सच में जनता के मुद्दों के लिए सड़क पर उतरना था, तो वह महिलाओं की आड़ लेने के बजाय महंगाई, गैस की भारी किल्लत, भोजन की बढ़ती कीमतों और युवाओं को रोजगार जैसे ज्वलंत मुद्दों पर उतरती, तो लोगों का विश्वास भी मजबूत होता। उन्होंने कहा कि आज देश की आम जनता महंगाई से त्रस्त है, रसोई गैस के दाम लगातार बढ़ रहे हैं, गरीब और मधयम वर्ग के लिए दो वक्त का भोजन जुटाना कठिन हो रहा है, जबकि युवा बेरोजगारी की मार झेल रहे हैं।

### युवक की सड़क हादसे में मौत

**गोण्डा।** जनपद के कर्नलगंज कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कुतुबपुर, तुलसीराम पुरवा निवासी 23 वर्षीय मोनू अवस्थी की सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना से परिवार में कोहराम मच गया, वहीं पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। मोनू अवस्थी दिल्ली में रहकर जीविकोपार्जन करते थे। मंगलवार को वह बाइक से दिल्ली से अपने घर कर्नलगंज लौट रहे थे।

### युवती की सड़क हादसे में मौत

**गोंडा।** जिले के कोतवाली क्षेत्र में मंगलवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में बांसगांव निवासी युवती खुशी तिवारी की मौत हो गई, जबकि उनके साथ मौजूद विशाल दुबे घायल हो गए। इस हृदयविदारक घटना से परिजनों में कोहराम मच गया और पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।

### सपाई गाजीपुर के कटरिया गांव पहुंचे

लखनऊ। प्रतिनिधि मंडल शांतिपूर्वा के निशा विश्वकर्मा के परिजनों के साथ घटना का जानकारी लेने पहुंचे थे। सिटी गाजीपुर थानाध्यक्ष करण्डा और सब इंस्पेक्टर तथा पुलिस बल के सामने ग्राम प्रधान आशुतोष सिंह आशु द्वारा पथराव किया गया। पथराव में पूर्व मंत्री रामआसरे विश्वकर्मा गम्भीर रूप से घायल तथा कार्यकर्ता भी हुए चोटिल।

# श्रीराम पार्क में किया पौधा रोपण



**लखनऊ।** विश्व पृथ्वी दिवस की पूर्व संध्या पर श्रीराम पार्क नेहरू एंक्लेव, गोमती नगर जनजागरूकता , पौधारोपण एवं पौधा वितरण कार्यक्रम डा. अंजू वार्ष्णेय अध्यक्ष, नागरिक सेवा समिति एवं संस्थापक एक पहल मुस्कराहट द्वारा किया गया। जिसमें श्रीराम पार्क में जामुन , आम, लीची ,अमरूद आदि का रोपण सरिता आनंद, सी ए अरविंद कुमार गुप्ता, अथर्व गुप्ता आदित्री, माधुरी राय, शिखा राय, रिद्धि आरू आदि ने किया गया। कार्यक्रम में सहभागिता देने वाले सभी नन्हे मुन्ने, बच्चों को पौधा देकर पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया गया।सभी बच्चों ने पेड़ लगाओ, पेड़ बचाओ के नारे लगाए तथा संकल्प लिया कि पेड़ों की रक्षा करेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी शेखर श्रीवास्तव, वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष व्यापार मंडल एवं समाजसेवी सुनीता श्रीवास्तव ने सभी को पृथ्वी दिवस के अवसर पर पेड़ लगान को प्रेरित किया तथा पेड़ों को संरक्षित करने के लिए कविता भी बच्चों को सुनाई।

# प्रतिभाओं का सम्मान विकसित भारत का संकल्प

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** संस्कृति आईएएस कोचिंग संस्थान के द्वारा आयोजित 'प्रतिभा सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने चयनित मेधावी अभ्यर्थियों लोक सेवा आयोग की परीक्षा में सफलता हासिल करने वाली प्रतिभाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर उन्होंने प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को देश और प्रदेश का भविष्य बताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि प्रशासनिक सेवा में चयन केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र की सेवा का एक महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने युवाओं को ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। कहा कि हमारे युवा देश, प्रदेश और अपने परिवारों के उज्ज्वल भविष्य के मजबूत स्तंभ हैं। आप अपने परिश्रम व प्रतिभा से राष्ट्र निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाएं, यही हमारी मंगलकामना है।



**प्रतिभा सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोले उपमुख्यमंत्री केशव मौर्य**

उन्होंने तीर्थराज प्रयाग की पावन धरती का उल्लेख करते हुए कहा कि यह गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के संगम की भूमि है, जो ज्ञान, साधना और परिश्रम की प्रेरणा देती है। उन्होंने कहा कि प्रयागराज देशभर के प्रतियोगी छात्रों का प्रमुख केंद्र है, जहां विद्यार्थी कठिन परिस्थितियों में रहकर भी सफलता अर्जित करते हैं। उपमुख्यमंत्री ने वर्ष 2.47 तक विकसित भारत एवं विकसित उत्तर प्रदेश के निर्माण का लक्ष्य रखते हुए युवाओं से आ]वान किया कि वे अपने परिवार, गांव और प्रदेश का नाम रोशन करें। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार भर्ती प्रक्रियाओं में पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित कर रही है, जिससे योग्य और मेहनती अभ्यर्थियों को उनका अधिकार मिल रहा है। संस्थान के निदेशक अखिल मूर्ति ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में शक्षकगण सी.बी.पी. श्रीवास्तव, ए.के. अरुण, श्री राज. कुमार एवं के.पी. द्विवेदी सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर प्रवीण पटेल, विधायकगण गुरु प्रसाद मौर्य, दीपक पटेल आदि उपस्थिति रहे।

# सपा ने किया डीएम दफ्तर पर प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** कैसर बाग समा. जवादी पार्टी के जिला मुख्यालय से चलकर जिलाधिकारी के कार्यालय पर प्रदर्शन कर ऋराज्यपाल को जिलाधिकारी द्वारा 10 सूत्रीय ज्ञापन दिया गया।

प्रदेश अध्यक्ष समाजवादी मजदूर सभा धनीलाल श्रमिक के निर्देश पर समाजवादी मजदूर सभा लखनऊ जिलाध्यक्ष ज्ञानेंद्र कुमार के नेतृत्व में नोयडा मे मजदूरों के ऊपर रासुका जैसी धाराओं में कार्यवाही और प्रशासन द्वारा उत्पीड़न के खिलाफ 1. सूत्रीय मांगों का ज्ञापन दिया गया! मुख्य रूप से पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विजय बहादुर,कुमार दुर्गेश सिंहष्सोनूष वरिष्ठ समाजवादी नेता सरोजनी नगर,हरि शंकर यादव वरिष्ठ नेता समाजवादी पार्टी,राष्ट्रीय सचिव मजदूर सभा रामनाथ यादव,युवजन सभा जिलाध्यक्ष शिव कुमार टाइगर, विनोद यादव फतेहगंज वरिष्ठ नेता समाजवादी,सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे,ज्ञानेंद्र कुमार ज्ञानू ने संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार मजदूर ,किसानों का उत्पीड़न कर रहीं हैं नोयडा में हक मांग रहे मजदूरों पर रासुका जैसी धाराओं में सैकड़ों मजदूरों की गिरफ्तारियां की है जब भी नौजवान, मजदूर,किसान अपने हक अधिकार की मांग करते हैं तो यह भाजपा के लोग मंदिर मस्जिद के पीछे छुपने लगते हैं,इनका हमेशा से ही हिन्दू मुस्लिम,साम्प्रदायिकता ही राजनैतिक हथियार रहा है। ज्ञापन देने वालों में नगर अध्यक्ष मजदूर सभा राम गोपाल कश्यप, रामौतार धीमान,विनोद शुक्ला, जगमोहन यादव,बचान सिंह,प्रदीप पत्रकार,अशोक कश्यप सत्तन भाई,गौरव यादव ओमकार ,कमलेश गौतम, प्रदीप गौतम, अन्नू यादव,इंद्रेश यादव,सुरेंद्र सिंह प्रदेश सचिव मजदूर सभा,अर्जुन रावत, गोविंद सभासद,संदीप गुप्ता,जगमोहन यादव, दीपक यादव,शाकिर राजवीर यादव, अखिलेश यादव अलीम अहमद लोगों ने हिस्सा लिया।




# हज मंत्री आजाद ने हज यात्रियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** अल्पसंख्यक कल्याण, वक्फ बोर्ड, हज राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी ने हज-2.26 में यात्रा पर जा रहे हज यात्रियों को स्वागत एवं अभिनन्दन कर उन्हें हरी झंडी दिखाकर हज के लिए रवाना किया। हज-2.26 की पहली उड़ान से कुल 427 हज यात्री रवाना हुए, जिनमें 222 पुरूष एवं 2.5 महिलाएं शामिल हैं। इस मौके पर उपस्थित सभी लोगों उन्होंने स्वागत एवं अभिनन्दन किया।

उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि जिनकी शान में आज यह महफिल सजी है हज की आज पहली उड़ान की शुरूआत लखनऊ से हुई है और मैं उत्तर प्रदेश सरकार एवं माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की तरफ तथा माननीय कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर जी की तरफ से सभी हज-2.26 पर जाने हजरतों को उनकी मंगल यात्रा की हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। राज्यमंत्री अल्पसंख्यक कल्याण व अध्यक्ष उ.प्र. राज्य हज समिति श्री दानिश आजाद अंसारी ने कहा कि जो आपको किट दी गई है उस किट में एक स्मार्ट वाच आपको मिला होगा। ये पहला हज है जिसमें भारत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इसमें इस्तेमाल पहली बार कर रहा है। एआई का इस्तेमाल हाजियों के खिदमत के लिए इस बार भारत सरकार कर रही है। ये स्मार्ट वाच आपके बहुत काम की है। स्मार्ट वाच के माधयम से एक तो आपको अजान के समय की भी पूरी जानकारी मिलेगी। इसके साथ-साथ जीपीएस ट्रैकर के माध्यम से कही गुम हो जाते है तो हाजी को ढूंढने व ट्रैक करने में आसानी होगी। इस स्मार्ट वाच के ऊपर एक इमरजेंसी बटन बनी हुई है, यदि हाजी को कोई इमरजेंसी है तो जब आप इस इमरजेंसी बटन को दबाएंगे तो आपको तीन से पांच मिनट के अंदर इमरजेंसी से संबंधित चीजें मुहैया करायी जायेंगी। हज यात्रियों को कोई दिक्कत होने पर वहां समुचित मेडिकल फैसिलिटी उपलब्ध कराई गई है।इस अवसर पर अतिथि के रूप में उ.प्र. राज्य हज समिति के यासूब अब्बास साहब शिया धर्मगुरू ,बमौलाना सुफियान निजामी, मौलाना सैयद अजीज अशरफ साहब, (किछौछा शरीफ), जनाब मौलाना सैफ अब्बास साहब अध्यक्ष शिया मरकजी चांदी कमेटी, लखनऊ व आर.पी. सिंह, संयुक्त निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण, उ.प्र., सचिन हज समिति श्री एसपी तिवारी उपस्थित रहकर अपने विचार व्यक्त किए।

### पावर कारपोरेशन और कर्मचारी संघ में वार्ता स्थगित

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड एवं कर्मचारी संगठनों के बीच होने वाली महत्वपूर्ण वार्ता को प्रबंधन की ओर से अचानक स्थगित कर दिया गया है। यह स्थगन कर्मचारियों में काफी निराशा और असमंजस की स्थिति पैदा कर रहा है। उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन संविदा कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री देवेन्द्र कुमार पाण्डेय ने कहा कि पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आज की बैठक में निम्नलिखित प्रमुख बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा प्रस्तावित थी। छटनी कर्मचारियों को तत्काल कार्य पर वापस लेने का मुद्दा कर्मचारियों की मनमानी छटनी रोकने आदि मुद्दे थे, नए प्रबंध निदेशक द्वारा अभी तक कार्यभार ग्रहण न करने के कारण पावर कारपोरेशन प्रबंधन द्वारा आज की निर्धारित वार्ता को अंतिम समय में स्थगित कर दिया गया।

## डीएनए टेस्ट के लिए लाया गया आरोपी फरार, दो सिपाही निलंबित

**प्रयागराज।** प्रतापगढ़ के मानिकपुर क्षेत्र में रविवार को डेढ़ वर्षीय बच्ची से यौन शोषण करने का आरोपी स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय प्रयागराज से पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया।

प्रतापगढ़ पुलिस मंगलवार को आरोपी को डीएनए टेस्ट के लिए एसआरएन लेकर आई थी। पुलिस जैसे ही ट्रामा सेंटर के अंदर दाखिल हुई, आरोपी मौका पाकर भाग निकला। मामले में दो सिपाहियों को निलंबित कर दिया गया है। इंस्पेक्टर नरेंद्र सिंह की शिकायत पर दोनों सिपाहियों मगन शर्मा और अनुज कुमार के खिलाफ कोतवाली थाने में एफआईआर दर्ज की गई है।प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार को ग्रामीणों ने पिटाई के बाद कुंडा के एक गांव निवासी आरोपी को पुलिस के हवाले कर दिया गया था। सोमवार को कोर्ट से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया था। मंगलवार सुबह आरोपी को मेडिकल कालेज ले जाया गया। इसके बाद उसे डीएनए टेस्ट के लिए एसआरएन प्रयागराज रेफर कर दिया गया। आरक्षी मदन शर्मा समेत अन्य पुलिसकर्मियों की देखरेख में आरोपी को एसआरएन अस्पताल लाया गया। इसी दौरान शाम करीब छह बजे स्वास्थ्य और पुलिस कर्मियों को झांसा देकर अस्पताल से भाग निकला। पुलिसकर्मियों ने पीछा किया, पर वह फरार हो गया।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
डाक पंजीयन संख्या
UP\MZN-01-\2026-28

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# मान्यता निलंबन के आधार पर नहीं रुकेगा मदरसा शिक्षकों का वेतन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि जब तक किसी मदरसे की मान्यता अंतिम रूप से रद्द नहीं हो जाती, तब तक वहां के कर्मचारी वेतन पाने के हकदार हैं। केवल मान्यता निलंबन के आधार पर वहां के शिक्षकों और शिक्षणेत्तर कर्मचारियों का वेतन रोका जाना अवैधानिक है।

यह टिप्पणी न्यायमूर्ति दिनेश पाठक की एकल पीठ ने आजमगढ़ स्थित दारुल उलूम अहले सुन्नत मदरसा अशर्फियां मिसबाहुल उलूम मुबारकपुर में तैनात रहे बदरे आलम और अन्य 19 शिक्षकों व कर्मचारियों की ओर से दाखिल याचिका पर की है। याचियों ने नौ जनवरी को जारी उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा बोर्ड के रजिस्ट्रार के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें मदरसे की मान्यता निलंबन की स्थिति में शिक्षकों का वेतन रोके जाने का आदेश दिया गया था। वेतन की मांग को लेकर हाईकोर्ट पहुंचे याचियों के वकील ने दलील दी कि उत्तर प्रदेश गैर-सरकारी अरबी और फारसी मदरसा मान्यता, प्रशासन और सेवा विनियमावली-2.16 के विनियम 13(6) के अनुसार, जब तक किसी मदरसे की मान्यता अंतिम रूप से रद्द नहीं हो जाती, तब तक वहां के कर्मचारी वेतन पाने के हकदार हैं। कहा कि केवल निलंबन के आधार पर वेतन रो. कना नियम विरुद्ध है। लिहाजा, कोर्ट ने उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा बोर्ड के रजिस्ट्रार को निर्देश दिया है कि वह शिक्षकों के बकाया वेतन के भुगतान पर दो माह के भीतर निर्णय लें।


### पुरस्कार वितरण कार्यक्रम संपन्न

**लखनऊ।** बी एल एस इंटर कालेज, ठाकुरगंज में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के संस्थापक स्वर्गीय संस्थापक की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देने के साथ हुआ। इसके उपरांत विद्यालय परिवार द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन किया गया। छात्रों द्वारा प्रस्तुत स्वागतम् गीत, नृत्य एवं नाट्य प्रस्तुतियों ने समारोह में चार चांद लगा दिए।विशेष रूप से 'बागबान' नाटक ने उपस्थित जनसमूह को भावुक कर दिया।

# प्रबंधन समिति के प्रस्ताव के बिना निलंबन मंजूर नहीं होगा: हाईकोर्ट

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि किसी शिक्षण संस्थान में कर्मचारीधप्राचार्य को निलंबित करने का अधिकार केवल प्रबंधक (मैनेजर) को व्यक्तिगत रूप से नहीं है, बल्कि इसके लिए प्रबंधन समिति का विधिवत प्रस्ताव आवश्यक है।

यह आदेश न्यायमूर्ति दिनेश पाठक की एकल पीठ ने राजीव कुमार द्विवेदी की याचिका पर दिया है।मऊ के रानीपुर क्षेत्र में स्थित जनता इंटर कालेज के कार्यवाहक प्राचार्य राजीव कुमार द्विवेदी को 15 जनवरी 2.26 को प्रबंधक की ओर से निलंबित कर



दिया गया था। निलंबन को डीआईओएस ने सात मार्च 2.26 को मंजूरी दे दी थी। याची के अधिवक्ता ने दलील दी कि प्रबंधक ने अपने व्यक्तिगत स्तर पर निलंबन आदेश जारी किया। इसके लिए प्रबंधन समिति का कोई प्रस्ताव नहीं था। ऐसे में डीआईओएस की ओर से दी गई मंजूरी अवैध है। विपक्षी की ओर से दलील दी गई कि प्रबंधन समिति ने 15 जनवरी 2.26 को प्रस्ताव पारित किया था। उक्त प्रस्ताव को निलंबन आदेश के साथ डीआईओएस को भेजा गया था। कोर्ट ने डीआईओएस की ओर से सात मार्च 2.26 को दिया गया निलंबन आदेश रद्द कर दिया। साथ ही मामले को डीआईओएस के पास भेजते हुए निर्देश दिया कि यदि प्रबंधन समिति का कोई प्रस्ताव उपलब्ध हो तो एक महीने के भीतर नया आदेश पारित करें। साथ ही कोर्ट ने दोनों पक्षों को निर्देश दिया कि वे 30 अप्रैल को डीआईओएस के समक्ष आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित हों।

# आतिशबाजी की चिंगारी से पशुशाला में लगी आग

## चार पशु गंभीर रूप से झुलसे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रहरा।** शादी की खुशियां उस वक्त मातम में बदल गईं, जब आतिशबाजी की एक चिंगारी ने पशुशाला को आग के हवाले कर दिया और चार बेजुबान इसकी चपेट में आ गए।

थाना क्षेत्र के गांव खेलिया पट्टी में बारात की वापसी के बाद हो रही आतिशबाजी ने बड़ा हादसा कर दिया। किसान सुरेश पुत्र झंडू की पशुशाला में चिंगारी गिरने से अचानक आग लग गई, जिसने कुछ ही देर में विकराल रूप धारण कर लिया। आग की लपटें उठते ही गांव में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीण बाल्टियों और पाइप के जरिए आग बुझाने में जुट गए, लेकिन तब तक पशुशाला में बंधे चार मवेशी बुरी तरह झुलस चुके थे। पीड़ित के बेटे राहुल कुमार ने बताया कि हाल ही में 75 हजार रुपये में खरीदी गई भैंस भी आग में गंभीर रूप से झुलस गई। इसके अलावा दो अन्य भैंसें और एक पड़वा भी प्रभावित हुए हैं। उन्होंने बताया कि पशुपालन ही उनके परिवार की आजीविका का मुख्य साधन है, ऐसे में इस घटना से भारी आर्थिक नुकसान हुआ है।

# पेड़ों का अंधाधुंध कटान मानव जीवन को खतरा

## वेंक्टेश्वर विश्वविद्यालय में पृथ्वी दिवस पर हुआ कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** पृथ्वी दिवस पर वेंक्टेश्वरा विश्व. विद्यालय में पर्यावरण संरक्षण को लेकर राष्ट्रीय सेमिनार, वृक्षारोपण और डिबेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय में विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर "फसलों में अंधाधुंध केमिकल फर्टिलाइजर व कीटनाशकों के इस्तेमाल का मानव स्वास्थ्य पर असर" विषय पर राष्ट्रीय सेमिनार, वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम और डिबेट प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थापक अध्यक्ष डॉ. सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी और कुलपति प्रो. कृष्णकांत दवे ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। संस्थापक अध्यक्ष डॉ. सुधीर गिरि ने कहा कि प्रकृति के अंधाधुंध दोहन के कारण ग्लोबल वार्मिंग बढ़ रही है और पूरा विश्व संकट की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने सभी को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के डीन, प्राध्यापक, छात्र-छात्राएं व अन्य स्टाफ मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. विनय कुमार सिंह और डॉ. ज्योति सिंह ने किया।



# पत्नी को दिया तीन तलाक

**■ पत्नी के साथ की मारपीट, पति समेत चार के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज**

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** घरेलू कलह के बाद मायके में रह रही एक विवाहित महिला को उसके पति ने तीन तलाक दे दिया। इतना ही नहीं मारपीट भी की। तहरीर के आधार पर पुलिस ने पति समेत ससुराल पक्ष के चार लोगों के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

जानकारी के रोशन जहां पत्नी सलीम पुत्री महमूद अली नगर के मौहल्ला अल्लीपुर मछली मंडी की निवासी है। उसकी शादी वर्ष 2014 में सलीम पुत्र मौ0 यासीन निवासी जलालूद्दीन वाली गली नई बस्ती कस्बा व थाना नौगावा सादात जिला अमरोहा के साथ हुई थी। पति से विवाद होने के बाद रोशन जहां अपने मायके आ गयी थी। आरोप है कि 19 अप्रैल में उसका पति सलीम, जेठ मौ0वसीम, हसमुद्दीन व अफसाना उसके घर आये और उसके साथ मारपीट की, वहीं सलीम ने रोशन जहां को तीन बार तलाक, तलाक, तलाक कहकर तलाक दे दिया। रोशन जहां ने बचाने के लिए शोर मचाया तो आसपास के लोग एकत्र होने लगे, यह देखकर आरोपी वहां से भाग गए। पीड़िता ने थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि सलीम, वसीम, हसमुद्दीन और अफसाना के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करके अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# स्कॉलर्स होम में बच्चों ने दिया धरती बचाने का संदेश

## विद्यालय में मनाया गया विश्व पृथ्वी दिवस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** स्कॉलर्स होम वर्ड क्लास स्कूल में पृथ्वी दिवस बड़े उत्साह और जागरूकता के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विशेष प्रार्थना सभा से हुई, जिसमें विद्यार्थियों को पृथ्वी के महत्व और उसके संरक्षण की आवश्यकता के बारे में सरल भाषा में बताया गया।

विद्यालय की प्रबंधक सोना अग्रवाल ने कहा कि प्रकृति हमें जीवन देती है, इसलिए उसकी रक्षा करना हम सभी का कर्तव्य है। उन्होंने बच्चों से पेड़ लगाने, पानी बचाने और प्लास्टिक का कम उपयोग करने की अपील की। उनके विचारों से विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना और मजबूत हुई। कार्यक्रम के दौरान चित्रकला (पोस्टर निर्माण), नारा लेखन, जागरूकता रैली और वृक्षारोपण जैसी गतिविधियों का आयोजन किया गया। प्रकृति का पालन करें, भविष्य सुरक्षित करें विषय पर बच्चों ने सुंदर चित्र बनाकर संदेश दिया। पार्व, पार्थ, शीलू, हार्दिक, ध्रुव, हरजीत, भूमिका, हर्षिता, दिव्यांशी और अयान सहित कई विद्यार्थियों ने अपने विचार और भाषण प्रस्तुत कर सभी को प्रेरित किया। विद्यालय परिसर में पौधारोपण कर विद्यार्थियों ने प्रकृति की रक्षा का संकल्प लिया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्या अफ्शा मतूब, प्रियंका मिश्रा, रुही चौधरी और हेमंत त्यागी भी मौजूद रहे। अंत में विद्यालय प्रशासन ने सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों के प्रयासों की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे सामाजिक और पर्यावरण से जुड़े कार्यक्रम जारी रखने का संकल्प लिया।

# हर्ष नागर ने प्राप्त किए 96.60 परसेंटाइल



**गजरौला।** नगर निवासी बिजली विभाग में कार्यरत अवर अभियंता धनवीर सिंह नागर के पुत्र हर्ष नागर ने जेईई मेन एडवांस्ड में 96.60 परसेंटाइल प्राप्त कर परिवार का नाम गौरवान्वित किया है। नगर के मौहल्ला अल्लीपुर भूड़ निवासी धनवीर सिंह नागर वर्तमान में मैनपुरी जनपद में बिजली विभाग में एसडीओ हैं। उनके पुत्र हर्ष नागर ने जेईई मेन एडवांस्ड में 96.60 परसेंटाइल प्राप्त कर परिवार का नाम गौरवान्वित किया है। हर्ष को मिली इस उपलब्धि पर परिजनों में उल्लास का वातावरण है।

# पृथ्वी दिवस पर ली पर्यावरण संरक्षण की शपथ

**■ नागपाल व नार्दन इण्डिया स्कूल में कार्यक्रम आयोजित**

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** नागपाल इंटरनेशनल स्कूल में बुधवार को 'पृथ्वी दिवस' का आयोजन उत्साह और जागरूकता के साथ किया गया। इस दौरान बच्चों ने पृथ्वी और पर्यावरण संरक्षण पर आधारित कविताएं, भाषण और लघु नाटिकाएं प्रस्तुत किये।

विद्यालय की चेयरपर्सन अंशु नागपाल ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से से जुड़कर बच्चों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि पृथ्वी हमारा घर है और इसकी सुरक्षा हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। यदि हमें अपना कल सुरक्षित रखना है तो बदलाव की शुरुआत आज से ही करनी होगी। इसीलिए हम सब मिलकर प्लास्टिक को 'न' कहें, अधिक से अधिक पेड़ लगाएं और पेड़ों की अंधाधुंध कटाई को रोकें। हम सबका छोटा-सा प्रयास भी बड़ा परिवर्तन ला सकता है। कक्षा 5 के बच्चों ने 'धरती मां की पुकार' शीर्षक से एक भावपूर्ण कविता सुनाकर सभी को भाव-विभोर कर दिया। प्रधानाचार्या निशि सिंह ने बच्चों को पर्यावरण मित्र बनने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर स्टाफ के सदस्य मौजूद रहे। उधर नगर के नॉर्दन पब्लिक स्कूल में भी पृथ्वी दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। शिक्षक अमित खंडूरी ने बच्चों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया। प्रधानाचार्य मनोज गोयल ने ग्लोबल वार्मिंग पर चिंता व्यक्त करते हुए अधिकाधिक पौधारोपण का आह्वान किया। इस अवसर पर महिमा, प्रियांशी, पूनम राठौर मौजूद रहे।



# शॉर्ट सर्किट से लगी आग, घरेलू सामान खाक

**■ थाना क्षेत्र के गांव दरियापुर में हुई घटना**

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** सोलर पैनल में शार्ट सर्किट के बाद लगी आग की चपेट में आकर किसान के घर में रखा घरेलु सामान जलकर खाक हो गया।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव दरियापुर बुजुर्ग में किसान कौसित ने अपने घर पर सोलर पैनल लगवा रहा है। बुधवार की सुबह उनकी पत्नी बबली घर में खाना बना रही थी, तभी सोलर पैनल में शार्ट सर्किट के बाद आग लग गई। कुछ ही देर में आग फैलने लगी। यह देखकर आसपास के लोगों ने बबली को आग लगने के बारे में जानकारी दी। जिसके बाद बबली ने घर से बाहर निकलकर खुद को आग से बचाया। इसके बाद आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। आग बुझाने का प्रयास किया मगर तब तक घर में रखा लाखों की कीमत का घरेलु सामान फ्रीज, एलईडी टीवी, बैटरी, इन्वर्टर, मेज और चार सोफा आदि जल गए। किसान कौसित ने आग लगने से लाखों रुपये का नुकसान होने की बात कही है।

# सड़क हादसे में एक की मौत, दूसरा घायल

**■ गैस सिलेण्डर लेने आते समय कार ने मारी टक्कर**

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** गैस सिलेण्डर लेने के लिए बाइक से आ रहे दो लोगों को वैगनआर कार ने टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया, जिनमें से एक घायल की उपचार के दौरान मौत हो गई। जिसके बाद परिजन मृतक के शव को लेकर सीएचसी पहुंचे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार बछरांयू थाना क्षेत्र के गांव रहमापुर माफी निवासी असलम और युसुफ बुधवार को पूर्वान्ह 11 बजे बाइक द्वारा नगर के धनौरा मार्ग स्थित एचपी गैस गोदाम से गैस सिलेण्डर लेने निकले थे। जब ये कुमराला चौकी के पास स्थित एक पम्प पर पेट्रोल लेने के लिए मुड़े तभी सामने से आ रही एक वैगनआर कार ने टक्कर मार दी। हादसे में असलम और युसुफ दोनों



गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां पर असलम की मौत हो गई। जिसके बाद परिजन मृतक के शव को लेकर सीएचसी पहुंचे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, तहरीर के आधार पर कार्रवाई की बात कही है।

## चरस तस्कर को चार साल की सजा

**शाह टाइम्स संवाददाता अमरोहा।** अदालत ने चरस तस्कर को चार साल व दस हजार रूपये जुर्माने की सजा सुनाई है। मामला शहर कोतवाली से जुड़ा हुआ था। दो जनवरी 2018 को मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने शहर के मोहल्ला कुरैशी गली नंबर एक से मोहसिन की गिरफ्तारी की थी। तलाशी के दौरान उसके पास से 200 ग्राम चरस बरामद हुई थी। वह नशीले पदार्थों की पुड़िए बनाकर उन्हें शहर में बेचता था। लिहाजा, इस मामले में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने आरोपी मोहसिन को जेल भेज दिया था। मामले की सुनवाई कोर्ट में चल रही थी। आखिरी सुनवाई के दौरान कोर्ट ने पत्रावली का गहनता से अवलोकन किया। साक्ष्यों के आधार पर मोहसिन को दोषी करार दिया। चार साल जेल की सजा सुनाई तथा 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया।

## देवर ने भाभी के साथ की मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** एक महिला ने देवर के विरुद्ध गाली-गलौच और मारपीट के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गाँव मोहरकापट्टी निवासी महिला शबनम इन दिनों पक्कापुल पर दो बच्चों के साथ रहती है। उसका पति रिफाकत कहीं बाहर रहकर काम करता है। 20 अप्रैल को उसका देवर मतलूब आया और उसके साथ गाली गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता का आरोप है कि मतलूब पहले भी उसके साथ बदतमीजी कर चुका है। पीड़िता ने थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी, जिसपर पुलिस ने आरोपित मतलूब के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# आज जारी होगा यूपी बोर्ड का रिजल्ट

## खुलेगा छात्र-छात्राओं की किस्मत का पिटारा, छात्रों में उत्सुकता चरम पर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** यूपी बोर्ड के हाईस्कूल और इंटरमीडिएट का रिजल्ट आज जारी होगा, जिसे लेकर छात्रों में उत्सुकता और बेचैनी बढ़ गई है।

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) आज सांय चार बजे हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा का परिणाम घोषित करेगा। रिजल्ट जारी होने की खबर से छात्रों और अभिभावकों में उत्साह के साथ-साथ हल्की चिंता भी देखने को मिल रही है। पिछले कई दिनों से छात्र-छात्राएं रिजल्ट का इंतजार कर रहे थे। जैसे-जैसे रिजल्ट की तारीख की घोष्णा की गयी, उनकी बेचौनी भी बढ़ती गई। कई छात्र अपने भविष्य को लेकर चिंतित नजर आ रहे हैं, वहीं कुछ ने बेहतर परिणाम की उम्मीद जताई है। स्कूलों और कोचिंग संस्थानों में भी रिजल्ट को लेकर चर्चाओं का माहौल है। शिक्षक छात्रों को सकारात्मक रहने और परिणाम चाहे जैसा हो, आगे बेहतर करने की सलाह दे रहे हैं। रिजल्ट जारी होते ही छात्र-छात्राएं बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अपना परिणाम देख सकेंगे। इसके लिए उन्हें रोल नंबर दर्ज करना होगा। अभिभावक भी बच्चों के साथ रिजल्ट को लेकर उत्साहित हैं और उनके अच्छे प्रदर्शन की कामना कर रहे हैं। रिजल्ट के बाद आगे की पढ़ाई और करियर को लेकर छात्रों को अहम निर्णय लेने होंगे।

### रिजल्ट से पहले धार्मिक हुए छात्र

**अमरोहा।** यूपी बोर्ड के रिजल्ट से पहले छात्र-छात्राओं में खासा उत्साह और घबराहट देखने को मिल रही है। अच्छे परिणाम की कामना के लिए कई छात्र अपने-अपने धर्म के अनुसार मंदिर, मस्जिद और अन्य धार्मिक स्थलों पर पहुंचकर प्रार्थना कर रहे हैं। कहीं छात्र भगवान के सामने दीप जलाकर सफलता की कामना कर रहे हैं, तो कहीं नमाज अदा कर बेहतर नतीजे की दुआ मांगी जा रही है। अभिभावक भी बच्चों के साथ पूजा-पाठ में शामिल होकर उनके उज्ज्वल भविष्य की प्रार्थना कर रहे हैं।रिजल्ट को लेकर बढ़ती बेचौनी के बीच यह आस्था छात्रों को मानसिक सहारा भी दे रही है।

# गैंगस्टर के दोषी को दो साल एक माह की सजा

## कोर्ट ने पांच हजार का जुर्माना भी लगाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** हसनपुर क्षेत्र के गैंगस्टर एक्ट के एक पुराने मामले में कोर्ट ने अहम फैसला सुनाते हुए आरोपी को दोषी करार दिया है तथा दो साल एक महीने व पांच हजार रूपये जुर्माने की सजा सुनाई है।

मामला हसनपुर कोतवाली क्षेत्र से जुड़ा था। 22 अप्रैल 2021 को तत्कालीन इंस्पेक्टर संजय तोमर ने क्षेत्र के गांव रुखालू निवासी रोपेश उर्फ रुपेश उर्फ भालू उर्फ भूरा के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस के मुताबिक आरोपी आपराधिक गति. विधियों में संलिप्त था। गिरोह बनाकर घटनाओं को अंजाम देता देता था। विवेचना इंस्पेक्टर राजकुमार ने की थी। जांच के दौरान पर्याप्त साक्ष्य जुटाते हुए कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी। इससे पहले आरोपी रोपेश उर्फ रुपेश को गिरफ्तार कर चालान कर दिया था। बाद में उसे जमानत पर रिहाई मिल गई थी। तभी से इस मुकदमे की सुनवाई एफटीसी द्वितीय (फास्ट ट्रैक कोर्ट) में विचाराधीन थी। मंगलवार को अंतिम सुनवाई के दौरान कोर्ट ने पत्रावली व साक्ष्यों का गहनता से अवलोकन किया। गवाहों के आधार पर रोपेश उर्फ रुपेश को दोषी करार दिया। दो साल एक महीने कैद की सजा सुनाई तथा दोषी पर पांच हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया।

# भीषण गर्मी से लोगों का हुआ बुरा हाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** नगर में पड़ रही भीषण गर्मी ने जनजीवन को प्रभावित कर दिया है। दोपहर के समय सड़कों पर सन्नाटा पसरा नजर आ रहा है और कई कामकाज भी प्रभावित हो रहे हैं।

जिले में इन दिनों तेज गर्मी ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। तापमान में लगातार बढ़ोतरी के चलते दोपहर के समय सड़कों पर सन्नाटा छा जाता है। लोग जरूरी काम होने पर ही घरों से बाहर निकल रहे हैं। भीषण गर्मी का असर रोजगार पर भी साफ देखने को मिल रहा है। ठेला-खोमचा चलाने वाले, मजदूर और छोटे दुक. ानदारों की आमदनी प्रभावित हो रही है, क्योंकि गर्मी के कारण ग्राहकों की आवाजाही कम हो गई है। बाजारों में भी पहले जैसी चहल-पहल नजर नहीं आ रही। गर्मी से बचने के लिए लोग तरह-तरह के उपाय अपना रहे हैं। कोई सिर पर गमछा रखकर निकल रहा है तो कोई छाता और पानी की बोतल साथ रख रहा है। वहीं, ठंडे पेय पदार्थों, लस्सी, शरबत और जूस की दुकानों पर थोड़ी रौनक जरूर बढ़ गई है। चिकित्सकों का कहना है कि इस भीषण गर्मी में लू से बचाव के लिए सावधानी बरतना बेहद जरूरी है। अधिक से अधिक पानी पिएं और दोपहर के समय धूप में निकलने से बचें। फिलहाल मौसम के तेवर देखते हुए लोगों को आने वाले दिनों में और सतर्क रहने की जरूरत है।

# कार्यकाल बढ़ाने की मांग को लेकर ग्राम प्रधानों ने किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** ग्राम पंचायत का कार्यकाल बढ़ाए जाने की मांग को लेकर जिले के विभिन्न गांवों के ग्राम प्रधानों ने प्रदर्शन किया। उन्होंने विकास भवन से कलेक्ट्रेट तक पैदल मार्च निकाला और जिलाधिकारी को मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन सौंपा।

ग्राम प्रधानों ने मांग की कि ग्राम पंचायतों का कार्यकाल बढ़ाया जाए। उनका कहना था कि सरकार को समय पर ग्राम पंचायत चुनाव कराने पर ध्यान देना चाहिए, लेकिन ऐसा होता नहीं दिख रहा है। समय पर चुनाव न होने की स्थिति में प्रशासक नियुक्त किए जाएंगे। प्रधानों ने आशंका व्यक्त की कि प्रशासकों की नियुक्ति से सरकारी धन का दुरुपयोग होगा और गांवों में चल रहे या प्रस्तावित विकास कार्य



बाधित हो जाएंगे। उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से ग्राम पंचायतों का कार्यकाल बढ़ाने की मांग दोहराई। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रोहित धनखड़ ने कहा कि यदि समय पर चुनाव नहीं होते हैं तो प्रशासक नियुक्त नहीं किए जाने चाहिए, बल्कि ग्राम प्रधानों का ही कार्यकाल बढ़ाया जाना चाहिए। उन्होंने तर्क दिया कि प्रशासकों की नियुक्ति से विकास कार्य रुकते हैं और धन की बंदरबांट होती है। धनखड़ ने बताया कि आज पैदल मार्च कर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया है।

# लव जिहाद व धर्मान्तरण को रोका जाए




## हनुमान दल ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** राष्ट्रीय हनुमान दल ने देश में लव जिहाद व धर्मांतरण की बढ़ रही घटनाओं को रोकने के लिए कानून बनाने की मांग की। प्रदर्शन कर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन कलेक्ट्रेट मे सौंपा। बुधवार को राष्ट्रीय हनुमान दल ने कलेक्ट्रेट मे राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा। जिसमे कहा गया है कि देश में लव जिहाद और धर्मांतरण की घटनाएं बढ़ रही है। टीसीएस जैसी बहु राष्ट्रीय कंपनियों में कार्यरत हिंदू समाज की बहन और बेटियों की सुरक्षा को खतरा उत्पन्न हो गया है। उनको टारगेट कर उनका धर्मांतरण कर उनके साथ लैंगिक अपराध की घटनाओं को अंजाम देना है। हिंदू समाज को अपमानित करना है प्रदर्शन करने वालो मे दिशू चौहान, संजय शर्मा, करन सिंह, दीपक, नरदेव, आनन्द त्यागी, अभिषेक, कैलाश सैनी, चंद्रपाल, यतेंद्र सिंह, चंद्रकिरण व राहुल सैनी शामिल रहे।

## सम्मेलन की सफलता को जुटे सुभासपाई



**शाह टाइम्स संवाददाता अमरोहा।** सुभासपा ने 29 अप्रैल होने वाले अति पिछड़ा सम्मेलन को सफल बनाने के लिए मंथन किया। पार्टी कार्यालय पर आयोजित बैठक में जिलाध्यक्ष सत्यपाल तोमर ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते कहा कि 29 अप्रैल को कैलसा बाईपास स्थित ताज गार्डन में अति पिछड़ा सम्मेलन आयोजित किया जायेगा। यह सम्मेलन पार्टी के लिए मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने बताया कि इस सम्मेलन में राष्ट्रीय अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर संबोधित करेंगे। बैठक में सुरेंद्र सिंह प्रधान, आदेश, मोहम्मद यूनुस सैफी, विनीत चौहान, चिंटू गुर्जर, पदम सिंह, मोहम्मद नाजिम, अमरजीत सिंह प्रधान, रमेश चौहान, टेकचंद, आसिफ, दिलशेर, दानिश, शाहरुख, दीपक कुमार आदि मौजूद रहे।

# रोवर मशीन से जमीन नापने की दी ट्रेनिंग

## मुरादाबाद में तीन दिन चला प्रशिक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** राजस्व काम को आसान और सही बनाने के लिए धनौरा तहसील के कानूनगो और लेखपालों को मुरादाबाद में रोवर मशीन की ट्रेनिंग दी गई। यह प्रशिक्षण आयुक्त के निर्देश पर तीन दिन तक चला, जिसमें अमरोहा के कई राजस्व कर्मियों ने हिस्सा लिया।

राजस्व निरीक्षक मनोज कुमार गौतम ने बताया कि इस नई तकनीक से जमीन की नाप-जोख बिल्कुल सही होगी और गलती की गुंजाइश कम रहेगी। इससे जमीन के झगड़े भी जल्दी सुलझ सकेंगे। उन्होंने बताया कि रोवर मशीन से डिजिटल तरीके से पैमाइश होगी, जिससे काम में पारदर्शिता आएगी और लोगों को बार-बार तहसील के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। अब जल्द ही जिले में इस तकनीक का इस्तेमाल शुरू किया जाएगा, जिससे किसानों और आम लोगों को राहत मिलने की उम्मीद है।

# समाजवादी मजदूर सभा ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** वेतनवृद्धि, 8 घंटे का कार्यदिवस, ओवरटाइम में दोगुना वेतन, साप्ताहिक अवकाश जैसे जायज और कानूनसम्मत मांगों के लिए नोएडा समेत उत्तर प्रदेश के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में मजदूर संघर्षरत हैं। श्रमिक आंदोलन के विरुद्ध उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा अपनाए जा रहे दमनकारी रवैये और श्रमिकों की जायज मांगों को अनसुना किए जाने के विरोध में आज जिलाधिकारी, जौनपुर को समाजवादी मजदूर सभा द्वारा ज्ञापन दिया गया।

श्रम कानूनों की स्थिति पर गंभीर सवाल उठाए और निम्नलिखित मांगें रखीं। नोएडा में शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे श्रमिकों पर की जा रही दंडात्मक और दमनकारी कार्रवाई को तुरंत रोका जाए।श्रमिक आंदोलन के दौरान गिरफ्तार किए गए सभी श्रमिकों और मजदूर नेताओं को तत्काल और बिना शर्त रिहा किया जाए। श्फ्लोर लेवल वेजश लागू कर न्यूनतम मजदूरी के वैधानिक अधिकार को कमजोर करने की साजिश बंद हो। श्फिक्स्ड टर्म रोजगारश जैसी नीतियों के जरिए श्रमिकों के भविष्य के साथ खिलवाड़ बंद कर उन्हें स्थायी रोजगार की सुरक्षा दी जाए। प्रदेश में उद्योगों के भीतर कानून का राज स्थापित किया जाए ताकि श्रमिकों का शोषण रोका जा सके। समाजवादी मजदूर सभा के राष्ट्रीय महासचिव अमित यादव ने कहा कि सरकार की नीतियां पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने और मजदूरों को अधिकारहीन बनाने के लिए तैयार की जा रही हैं साथ ही उन्होंने चेतावनी दी कि यदि नोएडा में श्रमिकों का उत्पीड़न बंद नहीं हुआ और गिरफ्तार साथियों को रिहा नहीं किया गया, तो जौनपुर से लेकर पूरे प्रदेश में आंदोलन को और तेज किया जाएगा। न्यूनतम मजदूरी मजदूरों का कानूनी अधिकार है, जिसे किसी भी कीमत पर कम नहीं होने दिया जाएगा।

ज्ञापन देने के लिए अजय यादव राष्ट्रीय सचिव समाजवादी मजदूर सभा,मनोज कुमार शर्मा जिलाअध्यक्ष समाजवादी मजदूर सभा, विशाल कन्नौजिया जिला महासचिव, प्रदीप यादव जिला उपाध्यक्ष समाजवादी मजदूर सभा, धीरज बिंद जिलाध्यक्ष मुलायम सिंह युथ ब्रिगेड सुदर्शन यादव विधानसभा अध्यक्ष केरा. कत अखिलेश यादव विधानसभा अध्यक्ष जफराबाद इंद्रेश यादव जिला सचिव युवजन सभा, रमाशंकर चौहान जिला उपाध्यक्ष मजदूर सभा, राज कुमार बिंद और तमाम कार्यकर्ता साथी उपस्थित रहें।

# ड्रग माफिया पर डीआईजी का बड़ा प्रहार
# बरेली रेंज में 330 तस्कर जेल भेजे

**■ 6 महीने के अभियान में 204 मुकदमे, 700 किलो से ज्यादा मादक पदार्थ बरामद**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**बरेली।** बरेली मंडल के चारों जिलों में ड्रग तस्करों के खिलाफ चलाए गए छह महीने के विशेष अभियान में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 330 तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। डीआईजी अजय साहनी के निर्देश पर 15 अक्तूबर से 15 अप्रैल तक चले इस अभियान के दौरान कुल 204 मुकदमे दर्ज किए गए। डीआईजी ने बताया कि इस अवधि में सात गैंगस्टर एक्ट की रिपोर्ट दर्ज कर 27 तस्करों पर कार्रवाई की गई, जबकि नौ तस्करों को माफिया के रूप में चिह्नित किया गया। साथ ही 10 गिरोह पंजीकृत कर 35 सदस्यों को चिन्हित किया गया और 32 तस्करों की हिस्ट्रीशीट खोली गई। अभियान के दौरान 701.5 किलो मादक पदार्थ बरामद किया गया और करीब 66 लाख रुपये की संपत्ति जब्त की गई। पुलिस तस्करों के नेटवर्क की भी गहराई से जांच कर रही है।

बरेली जिले में पुलिस ने सख्त कदम उठाते हुए सात तस्करों को माफिया घोषित किया है और 29 की हिस्ट्रीशीट खोलकर उनकी निगरानी शुरू कर दी है। गैंगस्टर एक्ट के तहत छह मुकदमे दर्ज कर 29 तस्करों पर कार्रवाई की गई। फतेहगंज पश्चिमी के अकरम, आसिफ, जावेद, राशिद, उस्मान, बारादरी के अफजाल और सीबीगंज के हारुन को माफिया घोषित किया गया है। इसके अलावा सिरौली के बजरुल कमर, अलीगंज के महिपाल, आंवला के संजय यादव, फतेहगंज पश्चिमी के अकरम, भमोरा के वीरेंद्र और बदायूं के बिनावर निवासी जतन कश्यप के गिरोह पंजीकृत कर उनके 24 सदस्यों को चिन्हित किया गया है। माफिया अकरम के खिलाफ पिट एक्ट के तहत भी कार्रवाई की गई है।

वहीं बदायूं जिले में भी पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए दो तस्करों को माफिया घोषित किया और चार गैंग पंजीकृत किए, जिनमें 11 सदस्यों को शामिल किया गया है। यहां गैंगस्टर एक्ट के तहत एक मुकदमा दर्ज कर तीन तस्करों पर कार्रवाई की गई और तीन की हिस्ट्रीशीट खोली गई। बदायूं कोतवाली क्षेत्र के खंडसारी निवासी भूरा उर्फ भूरे और जीशान को माफिया घोषित किया गया है। इसके अलावा थाना अलापुर के आसपुर निवासी आलिम, खंडसारी निवासी जीशान, दातागंज के आनंदापुर निवासी लालाराम और फिरोजपुर बझा निवासी अनिल कुमार के गैंग पंजीकृत किए गए हैं।

डीआईजी अजय साहनी ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि ड्रग तस्करों के नेटवर्क को पूरी तरह ध्वस्त किया जाए और उनके खिलाफ गैंगस्टर, गुंडा एक्ट, हिस्ट्रीशीट खोलने, गैंग पंजीकरण और माफिया घोषित करने जैसी सख्त कार्रवाई जारी रखी जाए। साथ ही पिट और सफेमा के तहत भी प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

## एक नजर

### अर्थ डे पर पौधारोपण व प्रतियोगिताओं का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**मीरगंज।** बीडीएम पब्लिक स्कूल में बुधवार को अर्थ डे उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर किंडरगार्टन एवं जूनियर कक्षाओं के छात्र-छात्राओं ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

जूनियर कक्षाओं में पोस्टर प्रतियोगिता एवं आर्ट डेकोर प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें छात्रों ने अपनी सृजनात्मकता का शानदार प्रदर्शन किया। वहीं सीनियर कक्षाओं के विद्यार्थियों ने सेमिनार और पावर प्वाइंट प्रतियोगिता के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण से जुड़े विषयों पर प्रभावशाली प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को वाइस चेयरमैन अचल मिश्रा ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान के पुरस्कार प्रदान किए। इस दौरान प्रधानाचार्या डा. चारू खन्ना, रोहित शर्मा सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

### नेशनल हाईवे पर अलग-अलग हादसों में चार लोग घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** क्षेत्र में हाईवे पर हुए दो अलग-अलग सड़क हादसों में चार लोग घायल हो गए। पहला हादसा उस समय हुआ जब असदनगर निवासी गिरधर किशोर और ब्रजपाल मंगलवार को फतेहगंज पश्चिमी के गांव टिटौली से रात में घर लौट रहे थे। बल्लिया ओवरब्रिज के पास अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची फतेहगंज पश्चिमी पुलिस ने घायलों को सड़क से उठाकर इलाज के लिए बरेली भेजा, जहां परिजन भी पहुंच गए।वहीं दूसरा हादसा बुधवार दोपहर हुआ, जब दिल्ली से दो युवक बाइक से शाहजहांपुर जा रहे थे। राधा स्वामी सत्संग भवन के पास उनकी बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई, जिससे दोनों घायल हो गए। पुलिस ने दोनों को सीएचसी भेजा, जहां प्राथमिक उपचार के बाद वे शाहजहांपुर के लिए रवाना हो गए।

### कुल्छा खुर्द में झोपड़ियों में लगी आग

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**मीरगंज।** क्षेत्र में पिछले चार दिनों से लगातार आग लगने की घटनाएं हो रही हैं, जिससे लोगों में भय का माहौल है। आगजनी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं।गांव कुल्छा खुर्द में ओमप्रकाश शर्मा, रामनिवास शर्मा व मथुरा प्रसाद की झोपड़ी, लकड़ी, बिटौरे और कूड़े के ढेर में अचानक आग लग गई। आग लगते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई और ग्रामीणों ने आग बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया।सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड टीम मौके पर पहुंची। कार्यवाहक प्रभारी राजेंद्र सिंह के नेतृत्व में अशोक यादव, विष्णु सिंह, विपिन कुमार और तीरंध्वज ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

### आशाओं ने सीएचसी प्रभारी को सौंपा ज्ञापन, भुगतान की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**क्योलड़िया।** भदपुरा ब्लॉक की आशा कार्यकर्ताओं ने बुधवार को सीएचसी प्रभारी डा. मुगीश को ज्ञापन सौंपकर लंबित भुगतान की मांग की।



आशा कार्यकर्ताओं ने बताया कि वे आर्थिक तंगी से जूझ रही हैं और कई परिवारों की स्थिति बेहद खराब हो चुकी है आशाओं का कहना है कि वे दूसरों के लिए स्वास्थ्य सेवाएं देने का कार्य करती हैं, लेकिन अपने ही बच्चों का भविष्य सुरक्षित नहीं कर पा रही हैं। कई आशाओं के पास बच्चों की पढ़ाई तक के लिए पैसे नहीं हैं, जिसके कारण उनके बच्चे घर पर ही रहने को मजबूर हैं ज्ञापन में आशाओं ने अनुरोध किया कि जब तक उनका भुगतान नहीं किया जाता, तब तक उन पर कार्य का दबाव न बनाया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी आशाएं काम करने के लिए तैयार हैं, लेकिन बिना भुगतान के काम करना संभव नहीं है इसके अलावा आशा कार्यकर्ताओं ने भदपुरा ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रविशंकर गंगवार को भी ज्ञापन सौंपकर शीघ्र भुगतान की मांग की। इस बाबत सीएचसी प्रभारी डॉ. मुगीश ने बताया कि जल्द से जल्द आशाओं की समस्या का समाधान किया जाएगा तो बहीआशाओं ने चेतावनी दी है कि यदि 15 मई तक भुगतान नहीं हुआ तो वे सीएचसी पर धरना-प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होंगी इस दौरान आशा मंडल अध्यक्ष मंजू पटेल, ओमवती, सूरजा, कामिनी, किरन, गौरी, राजेश्वरी, हरप्यारी, माया समेत कई आशा कार्यकर्ता मौजूद रहीं।

### नवाबगंज से चोरी हुआ रोड रोलर हाफिजगंज से बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** नवाबगंज क्षेत्र से चोरी किया गया रोड रोलर हाफिजगंज से बरामद हुआ है। पुलिस ने चोरी का रोड रोलर खरीदने वाले कबाड़ी के पुत्र को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।हाफिजगंज प्रभारी निरीक्षक प्रवीन सोलंकी ने बताया कि जिला पीलीभीत के न्यूरिया के रहने वाले मो० फहीम ने 18 अप्रैल को शिकायत दर्ज करवाई थी कि उनका बांस कम्पनी का रोड रोलर नवाबगंज के बिजौरिया फाटक के पास से चोरी कर गया है। जिसकी रिपोर्ट थाना नवाबगंज में ठेकेदार मोहन मिश्रा के खिलाफ दर्ज कराई गयी है। सूचना पर एसआई आकाश कुमार फोर्स के साथ बकैनिया तिराहे पर पहुंचे जहां से कवाड़ी के पुत्र रिजवान को पकड़ लिया जिसके पास से रोड रोलर को बरामद कर लिया। थाना प्रभारी ने बताया कि रिजवान ने बताया कि 19 अप्रैल को मोहन मिश्रा निवासी शहजहांपुर एक पुराने रोड रोलर को हाईड्रा से लादकर लाया, कहने लगा कि पुराना रोड रोलर है जिसे मैं बेचना चाहता हूं, जिस पर उसने रोड रोलर के कागज मांगे तो उसने कहा कि कागज नहीं हैं। कबाड़ी ने लालच में आकर कम रुपए में उसे खरीद लिया।

थाना प्रभारी प्रवीन सोलंकी ने बताया कि रात के अंधेरे में कहीं छुपाकर उसे कटवाने के लिए स्टार्ट कर रहा था, जिसे पुलिस टीम ने वहीं से पकड़ लिया। पुलिस ने आरोपी कबाड़ी को जेल भेज दिया, साथ ही पुलिस रोलर बेचने वाले की तलाश में जुटी है।

### एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने दर्ज की दुराचार की रिपोर्ट

**नवाबगंज।** नगर की एक युवती ने अपने पड़ोसी युवक पर शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाए जाने के बाद अब दूसरी युवती से निकाह करने का आरोप लगाते हुए एसएसपी को शिकायती पत्र दिया है। जिस पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुराचार की रिपोर्ट दर्ज की है।

मामला कस्बे का है, कस्बे की एक युवती ने अपने पड़ोसी युवक पर शादी का झांसा देकर उसे बरेली पीलीभीत ले जाकर कई बार शारीरिक संबंध बनाए जाने का आरोप लगाया है। युवती के अनुसार वह गर्भवती न हो जाए इसके लिए उसे आरोपी द्वारा दवाई दे देता था।

# 711 ग्राम स्मैक के साथ दो तस्कर दबोचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**मीरगंज।** चौकी प्रभारी पंकज कुमार ने पुलिस टीम के साथ बुधवार को हाईवे किनारे परौरा मोड़ पर छापा मारकर दो तस्करों को गिरफ्तार किया। पकड़े गए अभियुक्त सालिम व नवेद निवासी ग्राम मोहनपुर, थाना फरीदपुर के हैं। पुलिस ने तलाशी के दौरान नवेद के पास से 350 ग्राम और सालिम के पास से 361 ग्राम स्मैक बरामद की।

थाने में पूछताछ के दौरान आरो. पियों ने बताया कि वे गलत संगत में पड़कर अधिक पैसा कमाने और अपने शौक पूरे करने के लिए स्मैक बनाकर बेचते थे। इस काम में उनके साथ गुलाब उर्फ गुलब्बा, दानिश, नासिर, शहादत, नईम, नन्हू निवासी मोहनपुर तथा साहिब निवासी गुलड़िया, थाना मीरगंज भी शामिल हैं।आरोपियों ने बताया कि स्मैक बनाने के लिए कच्चा माल वे मुरादाबाद निवासी नीरज से खरीदते हैं और बिक्री से होने वाला लाभ आपस में बांट लेते हैं। सालिम पहले भी जेल जा चुका है, जबकि नवेद सिलाई का काम करता था, लेकिन लालच में इस धंधे में शामिल हो गया।पुलिस के अनुसार, दोनों आरोपी बुधवार को स्मैक बेचने के लिए मीरगंज आए थे, तभी उन्हें दबोच लिया गया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया है।

# पनकी और जवाहरपुर ताप विद्युत परियोजनाओं क संचालन -रखरखाव निजी कंपनियों को सौंपने का विरोध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लखनऊ ।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश के केंद्रीय पदाधिकारियों ने उत्पादन निगम की पनकी एवं जवाहरपुर ताप विद्युत परियोजनाओं के संचालन और अनुरक्षण का कार्य निजी कंपनियों को सौंपे जाने के निर्णय पर कड़ा विरोध दर्ज करते हुए इसे तत्काल वापस लेने की मांग की है। संघर्ष समिति का कहना है कि पावर कारपोरेशन के चेयरमैन डा. आशीष गोयल, जो उत्पादन निगम के भी चेयरमैन हैं, द्वारा पहले से जारी वितरण निगमों के निजीकरण की प्रक्रिया के बाद अब उत्पादन निगम के निजीकरण की दिशा में भी सुनियोजित कदम उठाए जा रहे हैं, जिससे बिजली कर्मियों में भारी आक्रोश व्याप्त है।




संघर्ष समिति ने बताया कि पनकी ताप विद्युत परियोजना में लगभग 1.. इंजीनियर, 75 जूनियर इंजीनियर, 75 टेक्नीशियन ग्रेड-2, 245 अन्य नियमित कर्मचारी तथा 5.. से अधिक संविदा कर्मी कार्यरत हैं। इसी प्रकार जवाहरपुर परियोजना में करीब 15. इंजीनियर, 9. जूनियर इंजीनियर, 1.. टेक्नीशियन ग्रेड-2, 135 अन्य कर्मचारी और 5.. से अधिक संविदा कर्मी कार्य कर रहे हैं। यदि इन परियोजनाओं का संचालन निजी कंपनियों को सौंपा जाता है, तो लगभग 2... से अधिक कर्मचारियों की सेवाएं अनावश्यक घोषित कर उन्हें बाहर का रास्ता दिखाया जाएगा। संघर्ष समिति ने मांग की कि मार्च 2.23 से अब तक कर्मचारियों के खिलाफ की गई सभी उत्पीड़नात्मक कार्यवाहियों को तत्काल वापस लिया जाए।

# केएसजी इंटर कॉलेज में लगा नि:शुल्क डेंटल कैंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** बुधवार को केएसजी इंटर कॉलेज में निशुल्क दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं का मुफ्त डेंटल चेकअप किया गया। कॉलेज के प्रधानाचार्य निश्चल गुप्ता ने बताया कि यह शिविर पब्लिक हेल्थ इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंस, बरेली के सहयोग से आयोजित किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में दंत स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना और मुंह व दांतों से संबंधित बीमारियों की समय पर पहचान करना था। शिविर में लगभग 600 विद्यार्थियों ने अपना चेकअप कराया। साथ ही सभी विद्यार्थियों को ब्रश व टूथपेस्ट वितरित किए। इस अवसर पर विद्यालय अध्यक्ष केतन गुप्ता, प्रबंधक रामपाल गुप्ता, उप प्रबंधक कुश गुप्ता सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।

# पत्नी से झगड़े के बाद फंदे पर झूला युवक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंवरगांव ( बदायूं )।** थाना क्षेत्र के गांव फकीराबाद में एक युवक का शव उसके घर के कमरे से बरामद हुआ। घर का कमरा अंदर से लगा हुआ था। ऐसे में आशंका जताई जा रही है कि युवक ने अपनी पत्नी से हुए विवाद के बाद खुदकुशी की है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है वहीं युवक के परिवार वालों ने उसकी पत्नी पर हत्या का आरोप लगाया है।

कुंवरगांव थाना क्षेत्र के गांव फकीराबाद में बुधवार सुबह को युवक चरन सिंह(30) का शव उसके घर के कमरे की छत के कुड़े से लटका मिला। गले में कपड़ा लिपटा हुआ था। ऐसे में गला दबने से उसकी मौत होने की आशंका है। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। सीओ सिटी और फोरेंसिक टीम मौके पर जांच पड़ताल के लिए पहुंच गए। पुलिस के अनुसार जिस कमरे में युवक का शव मिला है वह अंदर से बंद था। पुलिस ने खिड़की के सहारे कमरे में घुसकर दरवाजा खोला है, वहीं घर का मुख्य दरवाजा भी सुबह के समय बंद मिला है। चरन सिंह गांव में अपना अलग घर बनाकर पत्नी और बच्चों के साथ रह रहा था। परिवार वालों का आरोप है कि आए दिन उसका अपनी पत्नी से झगड़ा होता था। उसकी पत्नी गैर लोगों से बात किया करती थी जो चरन सिंह को पसंद नहीं था। चरन सिंह की मां ने थाने आकर उसकी पत्नी पर हत्या करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। थानाध्यक्ष राजेश कुमार कौशिक ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।चरन सिंह बरेली के एक होटल में काम करता था। मंगलवार की रात को चरन सिंह और उसकी पत्नी मिथिलेश के बीच झगड़ा हुआ था। परिवार के सदस्यों ने बताया कि सुबह के समय चरन सिंह के घर में मेन गेट पर ताला लगा हुआ था। वह जैसे घर के अंदर घुसे तो कमरा अंदर से बंद था। सुबह जब वह कमरे से बाहर नहीं निकला तो घरवालों ने जाकर देखा। उसका शव कमरे की छत के कुड़े से लटका मिला था। इस पूरे प्रकरण में मृतक चरन सिंह की पत्नी मिथिलेश की भूमिका संदिग्ध प्रतीत हो रही है।

# फर्जी इकरारनामा बनाकर दबाव का आरोप
## परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

**■ संदिग्ध हालात में युवक की मौत, पुलिस ने बिसरा सुरक्षित रखा, जांच शुरू की**

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बहेड़ी।** थाना क्षेत्र के ग्राम सिली जागीर में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के मामले में नया मोड़ आ गया है। मृतक के परिजनों ने गांव के कुछ लोगों पर आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। वहीं पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट न होने पर पुलिस ने बिसरा सुरक्षित रखकर जांच शुरू कर दी है।

ग्राम सिली जागीर निवासी आफाक हुसैन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके छोटे भाई अखलाक अहमद के नाम से कुछ लोगों ने जमीन से संबंधित एक कथित फर्जी इकरारनामा तैयार कर लिया। इस दस्तावेज में करीब 39.94 लाख रुपये की पेशगी दिखायी गई, जबकि परिवार का कहना है कि न तो कोई रकम बैंक से दी गई और न ही नकद। परिजनों के अनुसार जिस जमीन का सौदा दर्शाया गया है, वह अखलाक अहमद के नाम पर है ही नहीं।

आरोप है कि गांव के कुछ लोग लगातार अखलाक पर दबाव बना रहे थे कि वह अपने पिता से जमीन का बैनामा कराए, अन्यथा दोगुनी रकम लौटाए। विरोध करने पर उसे जान से मारने की धमकी भी दी जा रही थी। तहरीर में यह भी कहा गया है कि 13 अप्रैल की शाम आरोपी पक्ष के लोग घर पहुंचे और अभद्र व्यवहार किया। अगले दिन सुबह अखलाक नमाज पढ़ने के लिए घर से निकला, लेकिन वापस नहीं लौटा। दोपहर में ग्रामीणों ने गांव के पास गन्ने के खेत में एक शव पड़ा होने की सूचना दी। मौके पर पहुंचे परिजनों ने शव की पहचान अखलाक अहमद के रूप में की। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का कहना है कि या तो आरोपियों ने हत्या कर शव खेत में फेंक दिया या फिर लगातार दबाव और धमकियों के चलते अखलाक ने आत्महत्या कर ली। तलाशी के दौरान कथित इकरारनामे की प्रति भी मिलने का दावा किया गया है।

पीड़ित परिवार ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर निष्पक्ष जांच की मांग की है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुमार शर्मा ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है, इसलिए बिसरा परीक्षण के लिए सुरक्षित रखा गया है। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# दबंग ने प्रधानाध्यापक से की अभद्रता, पुलिस को दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** क्षेत्र के गांव खंजनियां के प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने गांव के एक दबंग पर विद्यालय में आकर गाली गलौज और अभद्रता करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है।

विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्रीकृष्ण चक्रवर्ती द्वारा पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि गांव का एक दबंग जिसने अपने आपको हिस्ट्रीशीटर भी बताया, विद्यालय आकर अपने बच्चे की टीसी देने को कहा। जिस पर प्रधानाध्यापक ने प्रार्थना पत्र देने को कहा, आरोप है इतना सुनते ही दबंग ने हेडमास्टर श्री चक्रवर्ती के साथ गाली गलौज और अभद्रता कर डाली। दबंग के इस कार्य से विद्यालय के सरकारी कार्य में वाधा पहुंची है। हेडमास्टर ने पुलिस को तहरीर देकर दबंग के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

# शुभलेश यादव के सपा जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर सपाइयों में हर्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नवाबगंज।** एक अर्से बाद समाजवादी को अपना नया जिला अध्यक्ष मिल गया। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ने पूर्व जिला अध्यक्ष शुभलेश यादव पर ही अपना भरोसा जताते हुए एक बार फिर उन्हें जिला अध्यक्ष की कमान सौंपी है।

सपा के जिला अध्यक्ष रहे शिवचरन कश्यप की कार्यकारिणी को कई माह पहले भंग कर दिया गया था, तब से संगठन के जिला अध्यक्ष की कुर्सी खाली पड़ी थी। बुधवार को पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की संस्तुति मिलने के बाद पूर्व जिला अध्यक्ष शुभलेश यादव को संगठन का एक बार फिर जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है।

उनके जिला अध्यक्ष बनने पर विधानसभा अध्यक्ष अनिल गंगवार, सेंथल चेयरमैन कंबर एजाज शानू, पूर्व ब्लॉक प्रमुख नरोत्तम दास गंगवार उर्फ मुन्ना, पुरुषोत्तम गंगवार, जिला पंचायत सदस्य अरविन्द गंगवार डब्लू, छेदालाल दिवाकर, तेजपाल गंगवार, प्रति. निधि नवाब अहमद अंसारी, प्रधान संघ के अध्यक्ष प्रहलाद गंगवार, युवा नेता प्रो0 राशिद अंसारी, भगवान दास उर्फ मुन्ना, पूर्व सभासद मुराद अहमद, तसव्वर हुसैन अंसारी, मो0 हसन अंसारी, कासिम अंसारी, मोहीद सिद्दीकी, रफीक सिद्दीकी सहित बड़ी संख्या में सपाइयों ने उन्हें बधाई दी है।

# सीसी रोड बनी मुसीबत, अधूरी नाली से ग्राम में रोज लगता है जाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** हाफिजगंज क्षेत्र के ग्राम हरहरपुर मटकली में हाल ही में बनाई गई सीसी रोड ग्रामीणों के लिए राहत के बजाए परेशानी का कारण बनती जा रही है। सड़क के दोनों किनारों पर लगभग दो-दो फीट गहरी नालियां तो बना दी गई हैं, लेकिन उनमें मिट्टी न डाले जाने से रास्ता संकरा हो गया है। आए दिन यहां जाम की स्थिति बनी रहती है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क निर्माण कार्य अधूरा छोड़ दिया गया है। नालियों के किनारे खाली रहने से वाहन चालकों को निकलने में काफी दिक्कत होती है, जिससे अक्सर बाइक और चार पहिया वाहन फंस जाते हैं। खासकर सुबह और शाम के समय स्थिति और भी खराब हो जाती है, जब लोगों की आवाजाही अधिक रहती है। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार छोटे-छोटे हादसे भी हो चुके हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। वहीं नालियों में कचरा जमा होने से गंदगी और दुर्गंध भी फैल रही है, जिससे स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं बढ़ने की आशंका है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की कि जल्द से जल्द नालियों के किनारे मिट्टी डलवाकर सड़क को समतल कराया जाए, ताकि जाम और दुर्घटनाओं की समस्या से निजात मिल सके।

# सिटी स्टेशन रोड से पूरी तरह दौड़ने लगे भारी वाहन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** करीब दो महीने से धूल और डायवर्जन की मार झेल रहे शहरवासियों के लिए सिटी स्टेशन रोड को सभी प्रकार के वाहनों के लिए पूरी तरह खोल दिया गया है। पीडब्ल्यूडी और ट्रैफिक पुलिस के संयुक्त निरीक्षण के बाद लिए गए इस फैसले से हजारों लोगों को बड़ी राहत मिली है। चौपुला पुल से किला क्षेत्र को जोड़ने वाली यह सड़क शहर के सबसे व्यस्ततम इलाकों में शुमार है। जलभराव के कारण यह मार्ग अक्सर क्षतिग्रस्त हो जाता था, इस गंभीर समस्या का स्थायी हल निकालने के लिए नगर निगम ने पांच करोड़ रुपये का विशेष बजट पीडब्ल्यूडी को आवंटित किया था। इसके तहत 1200 मीटर लंबी हाई-क्वालिटी सीसी रोड का निर्माण कराया गया है। सड़क निर्माण के दौरान वन-वे ट्रैफिक और लंबे डायवर्जन की वजह से आम जनता को रोजाना भीषण जाम से जूझना पड़ रहा था। पीडब्ल्यूडी के प्रांतीय खंड के अधिशासी अभियंता भगत सिंह ने बताया कि पिछले सप्ताह केवल दोपहिया वाहनों और ई-रिक्शा को अनुमति दी गई थी, अब सड़क को भारी वाहनों यानी बस और ट्रकों के लिए भी पूरी तरह खोल दिया गया है। बरेली में 24 अप्रैल से शुरू हो रहे 36वें उर्स-ए-ताजुशशरिया को देखते हुए प्रशासन ने सिटी स्टेशन रोड को पूरी तरह खोलने का निर्णय लिया है। 23 अप्रैल को निकलने वाले पारंपरिक ''परचम कुशाइ'' जुलूस और देश-विदेश से आने वाले हजारों अकीदतमंदों की सुविधा के लिए पीडब्ल्यूडी ने यह कदम उठाया है।

# मकान निर्माण कार्य के दौरान राजमिस्त्री की गिरकर मौत, परिवार में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** मझोला थाना क्षेत्र में बुधवार को एक दर्दनाक हादसे में एक राजमिस्त्री की जान चली गई। हादसे के बाद इलाके में शोक की



लहर दौड़ गई, वहीं मृतक के परिवार में मातम पसरा हुआ है। जानकारी के अनुसार कुंदनपुर लाइनपार रामल. ीला ग्राउंड निवासी धर्म प्रकाश कश्यप राजमिस्त्री का काम कर अपने परिवार का पालन-पोषण करते थे। बुधवार को वह रोज की तरह काम पर गए थे और रसूलपुर सुनवाती स्थित सैनी धर्म कांटा के पास बबलू नामक व्यक्ति के मकान में निर्माण कार्य कर रहे थे।बताया जा रहा है कि निर्माण कार्य के दौरान अचानक उनका संतुलन बिगड़ गया और वह ऊंचाई से नीचे गिर पड़े। गिरने की आवाज सुनकर आसपास काम कर रहे अन्य मजदूर मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक धर्म प्रकाश गंभीर रूप से घायल हो चुके थे। साथी मजदूरों ने बिना समय गंवाए उन्हें तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। अस्पताल प्रशासन ने शव को मोर्चरी में रखवाते हुए पुलिस को घटना की सूचना दे दी।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी। वहीं, जैसे ही हादसे की खबर परिवार को मिली, परिजन जिला अस्पताल पहुंचे। धर्म प्रकाश को मृत अवस्था में देखकर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया और पूरे अस्पताल परिसर का माहौल गमगीन हो गया।मृतक धर्म प्रकाश अपने पीछे पत्नी और बच्चों सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं, जिनका रो-रोकर बुरा हाल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि निर्माण स्थलों पर सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम न होने के कारण इस तरह के हादसे अक्सर होते रहते हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि मजदूरों की सुरक्षा के लिए सख्त नियम लागू किए जाएं, ताकि भविष्य में ऐसे हादसों को रोका जा सके।

## डॉ. कुंअर बेचौन के नाम पर बनी सड़क का 24 अप्रैल को होगा लोकार्पण

**चन्दौसी।** संभल कल्कि महोत्सव/विकासोत्सव-2025 के अंतर्गत बहजोई रोड से लायंस स्कूल चन्दौसी तक निर्मित सड़क का लोकार्पण 24 अप्रैल 2026 को अपराह्न 3:30 बजे किया जाएगा। करीब 01 करोड़ 16 लाख रुपये की लागत से विनियम क्षेत्र के माध्यम से बनी इस सड़क का नामकरण जनपद प्रशासन एवं नगरपालिका परिषद चन्दौसी द्वारा प्रख्यात कवि डॉ. कुँअर बेचैन के नाम पर किया गया है। लोकार्पण समारोह का आयोजन डॉ. कुँअर बेचैन स्मृति न्यास, ऑस्ट्रेलिया के तत्वावधान में शक्तिनगर टी-प्वाइंट (बहजोई मार्ग) पर होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पेंसिया होंगे। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष लता वार्ष्णेय, उपजिलाधिकारी नीतू रानी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे। साथ ही साहित्य जगत की हस्तियां, स्थानीय साहित्यकार एवं साहित्य प्रेमी भी कार्यक्रम में शामिल होंगे। उल्लेखनीय है कि डॉ. कुँअर बेचैन हिंदी के सुप्रसिद्ध कवि एवं लेखक थे, जिन्होंने अपनी रचनाओं से देश-विदेश में पहचान बनाई और चन्दौसी का नाम रोशन किया। उनकी प्रारंभिक से उच्च शिक्षा चन्दौसी में ही हुई तथा बाद में वे गाजियाबाद के एमएमएच कॉलेज में हिंदी विभागाध्यक्ष रहे। वर्ष 2021 में कोरोना काल के दौरान उनका नोएडा में निधन हो गया था। 29 अप्रैल 2026 को उनकी छठी पुण्यतिथि भी मनाई जाएगी।

# वाहनों में प्रेशर हॉर्न और अवैध हूटर बजाने पर हो सकती है जेल

### साइलेंसर मॉडिफाई करने वाले मैकेनिको पर भी अब कसा जाएगा शिकंजा

**कांठ (शाह टाइम्स)** वाहनों में प्रेशर हॉर्न और अवैध हूटर बजाने पर वाहन जब्त होने के साथ जेल भी हो सकती है। ज्यादा शोर करने वाली गाड़ियों को ध्वनि मानकों के भीतर लाने के लिए यातायात निद. ेशालय ने अदालत के आदेश के अनुपालन में मॉडीफाइड साइलेंसर, प्रेशर हॉर्न और अवैध हूटर के खिलाफ मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी की है। इसमें देश में निर्मित वाहनों के अलावा विदेशी वाहनों को भी भारतीय नियमों के अनुरूप मानकीकृत करने का प्रावधान किया गया है। जानकारी के अनुसार कुछ विदेशी दोपहिया और चारपहिया वाहनों की मूल ध्वनि ही 80 डेसिबल से अधिक है। यह निर्धारित सीमा से ऊपर है। एसआ. ेपी में स्पष्ट किया गया है कि मॉडीफाइड साइलेंसर, प्रेशर हॉर्न और अवैध हूटर का बढ़ता चलन अपराध है। पुलिस, यातायात, परिवहन और एसजीएसटी विभाग के अधिकारियों को ऐसे उपकरणों की बिक्री व फिटिंग करने वाले दुकानदारों, गैराज व वर्कशॉप का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए हैं। इसका उल्लंघन करने बालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज होगी। इसके अलावा फील्ड में तैनात अधिकारियों को संदिग्ध वाहनों की सघन जांच, अवैध हॉर्न और हूटर जब्त करने तथा आवश्यकता पड़ने पर वाहन का पंजीकरण निलंबित करने के निर्देश भी दिए गए हैं।कानूनी प्रावधानों के अनुसार, पहली बार नियमों का उल्लंघन करने पर तीन माह तक का कारावास या 10 हजार रुपये तक का जुर्माना या दोनों हो सकते हैं। बार-बार उल्लंघन करने पर यह सजा छह माह तक बढ़ सकती है। अनावश्यक हॉर्न बजाने पर पहली बार एक हजार रुपये और पुनरावृत्ति पर दो हजार रुपये का जुर्माना निर्धारित है। अस्पतालों, स्कूलों के आसपास साइलेंस जोन एसओपी में ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण नियमों के तहत अस्पतालों, न्यायालयों और स्कूलों के आसपास के क्षेत्रों को साइलेंस जोन घोषित करने की प्रक्रिया तेज करने पर जोर दिया गया है। इन क्षेत्रों में निर्धारित सीमा से अधिक ध्वनि वाले हॉर्न बजाने या अनावश्यक हॉर्न के प्रयोग पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। व्यस्त चौराहों और सार्वजनिक स्थलों पर भी अनावश्यक हॉर्न बजाने वालों पर भी कार्रवाई होगी

# इम्पीरियल ग्रीन बिल्डिंग में चौथी मंजिल पर आग से मचा हड़कंप, फायर ब्रिगेड की तत्परता से टला बड़ा हादसा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र स्थित इम्पीरियल ग्रीन बिल्डिंग की चौथी मंजिल पर बुधवार को अचानक आग लगने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। आग की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया और आनन-फानन में अग्निशमन विभाग को सूचना दी गई।सूचना प्राप्त होते ही फायर ब्रिगेड की टीम ने बिना देर किए फायर टेंडर को मौके के लिए रवाना कर दिया। कुछ ही समय में पहुंची टीम ने स्थिति का जायजा लेते हुए तत्काल आग बुझाने का कार्य शुरू किया। दमकल कर्मियों की सूझबूझ और तेज कार्रवाई के चलते आग को फैलने से पहले ही काबू में कर लिया गया, जिससे एक बड़ा हादसा होने से टल गया।घटना की जानकारी मिलते ही मुख्य अग्निशमन अधिकारी डॉ. राजीव कुमार पाण्डेय और अग्निशमन अधिकारी ज्ञान प्रकाश शर्मा भी मौके पर पहुंचे। दोनों अधिकारियों ने पूरी स्थिति का निरीक्षण किया और आग बुझाने के कार्य में लगे कर्मचारियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने बताया कि समय रहते उठाए गए कदमों के कारण न तो कोई जनहानि हुई और न ही कोई बड़ा नुकसान सामने आया।अधिकारियों के अनुसार, बिल्डिंग में तैनात गार्ड स्टाफ ने भी आग लगने के तुरंत बाद सतर्कता दिखाते हुए प्राथमिक स्तर पर प्रयास किए, जिससे आग को शुरुआती चरण में ही सीमित रखने में मदद मिली। इसके बाद फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंचकर पूरी तरह से आग पर काबू पा लिया।





अग्निशमन विभाग ने बताया कि समय-समय पर चलाए जाने वाले अग्नि सुरक्षा प्रशिक्षण और जागरूकता अभियानों का ही परिणाम है कि ऐसे संकट के समय स्टाफ सही तरीके से प्रतिक्रिया देता है। यही कारण रहा कि इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।घटना के बाद स्थानीय लोगों ने भी फायर ब्रिगेड की तत्परता की सराहना की। उनका कहना था कि यदि समय पर कार्रवाई न होती, तो आग बड़े हादसे का रूप ले सकती थी।

# बदहवास बहन ने ले ली मां और भाई की जान, पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कांठ।** मानसिक रूप से बीमार चल रही बहन ने आज दरांती से बार करके भाई और मां की जान ले ली सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और उसे गिरफ्तार कर लिया। घटना शाम करीब 6:00 बजे की है थाना क्षेत्र के गांव भैंसली जमालपुर निवासी अर्जुन और उसकी मां मुन्नी जंगल का काम निपटाकर घर आए थे बताया गया कि अर्जुन की बहन अनीता करीब एक माह से मानसिक रूप से बीमार चल रही थी उसने कल भी बदहवास हालत में परिजनों पर हमला करने की कोशिश की लेकिन आज उसे मौका मिल गया और उसने मां मुन्नी और भाई अर्जुन पर जानलेवा हमला कर दिया अनीता ने बदहवास हालत में मां और भाई पर इतने बार किए कि उनकी मौके पर मौत हो गई। बाकी परिवार खेत पर काम करने गया हुआ था घटना की सूचना मिलते ही हड़कम्प मच गया बताया गया कि अर्जुन दो भाई





हैं और तीन बहन है अनीता दूसरे नंबर की है अर्जुन के पिता मदन की करीब 10 साल पहले मौत हो चुकी है ग्रामीणों का कहना था कि मतलबपुर रेलवे स्टेशन पर ट्रेन की चपेट में आकर मदन की मौत हुई थी और उसकी भी मानसिक हालत खराब थी। घटना की सूचना चौकीदार रघुवीर ने थाने में दी सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई फोरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल पर जाकर जांच शुरू कर दी। पुलिस के आलाअधिक. ारी भी घटनास्थल पर पहुंच गए और दोनों शबों को अपने कब्जे में ले लिया मां और भाई की हत्या करने वाली अनीता को भी पुलिस ने हिरासत में ले लिया देर शाम हुई इस घटना से गांव में दहशत छा गई है समाचार लिखे जाने तक पुलिस घटनास्थल पर अपनी कार्यवाही कर रही थी।

# जायंट्स ग्रुप ने लगाया रक्तदान शिविर

**चन्दौसी।** जायंट्स ग्रुप ऑफ वूमेन पावर, वूमेन प्राइड व वूमेन एरा द्वारा बुधवार को बी.एस हॉस्पिटल में ब्लड डोनेशन कैंप शिविर लगाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि डॉ0 सुधा चौधरी के स्वागत भाषण से शुरू हुई जिसमें उन्होंने बताया कि इस शिविर का उद्देश्य समाज के लोगों में रक्तदान के महत्व के प्रति जागरूकता फैलाना और जरूरतमंदों की सहायता करना है। तत्पश्चात चिकित्सकों की टीम ने उपस्थित लोगों को रक्तदान के लाभों के बारे में बताया और यह भी समझाया कि रक्तदान करना एक महान कार्य है जिससे अनेक जीवन बचाएं जा सकते हैं। इस दौरान सुरभि अग्रवाल, सुमेघा अग्रवाल, लोकेश भारतीय, अमित शर्मा, विजय शर्मा, पूजा डूडेजा, अविनाश, सौरव अग्रवाल, सोनी बंसल व पल्लवी भारद्वाज ने रक्तदान किया। साथ ही रक्तदान करने के इच्छुक सभी नागरिकों का पंजीकरण करवाया गया। इस अवसर पर डॉ सुधा चौधरी, क्षमा अग्रवाल, कृष्ण अवतार गुप्ता, पदमा भार्गव, अनु रस्तोगी, सुभाष रूस्तगी, शुभा अग्रवाल, शुभा कागजी, नीतू अग्रवाल, प्रीति अग्रवाल, अंजलि, वंदना गुप्ता, प्राची, शिवानी अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल, सुरभि अग्रवाल, पल्लवी भारद्वाज, सुमेघा, मीनू आहूजा आदि मौजूद रहे।

# एसपी ग्रामीण ने फ्लैग मार्च कर लिया कानून व्यवस्था का जायजा, शांति बनाए रखने की अपील

**ठाकुरद्वारा।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नारायणपुर छंगा में शांति व्यवस्था को लेकर एसपी ग्रामीण कुँवर आकाश सिंह के नेतृत्व में भारी पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च निकाला गया। इस दौरान पुलिस ने पैदल गश्त कर कानून-व्यवस्था का जायजा लिया। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस अधिकारियों ने आमजन से संवाद स्थापित कर उन्हें सुरक्षा का भरोसा दिलाया। साथ ही ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को अपराध नियंत्रण, कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने तथा जनता में




सुरक्षा की भावना मजबूत करने के निर्देश दिए गए। प्रशासनिक अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगातार सतर्क निगरानी की जा रही है। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और शांति बनाए रखें।

अधिकारियों ने यह भी चेता. वनी दी कि अफवाह फैलाने या असामाजिक गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान डिप्टी एसपी आशीष प्रताप सिंह, कोतवाली प्रभारी मनोज परमार, उपनिरीक्षक बिजेंद्र सिंह, सहित अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# दिल्ली हाईवे पर युवकों की जानलेवा स्टंटबाजी वीडियो वायरल, पुलिस जांच में जुटी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** शहर में कानून- व्यवस्था को चुनौती देते हुए युवकों की खतरनाक स्टंटबाजी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। यह मामला मझोला थाना क्षेत्र के सर्किट हाउस के पास से गुजरने वाले नेशनल हाईवे का बताया जा रहा है, जहां कुछ युवक अपनी और दूसरों की जान जोखिम में डालते नजर आए।वायरल वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि तेज रफ्तार कार की छत पर दो युवक बैठे हुए हैं और बेखौफ होकर स्टंट कर रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि इस दौरान न तो उन्हें अपनी सुरक्षा की चिंता है और न ही सड़क पर चल रहे अन्य वाहन चालकों की। पीछे चल रही एक अन्य कार में सवार युवकों ने इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो बना लिया, जो अब इंटरनेट पर चर्चा का विषय बना हुआ है।स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह की लापरवाही से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। नेशनल हाईवे जैसे व्यस्त मार्ग पर इस तरह के स्टंट न केवल गैरकानूनी हैं, बल्कि बेहद खतरनाक भी हैं।इस मामले में एसपी ट्रैफिक सुभाष चंद्र गंगवार ने बताया कि वायरल वीडियो का संज्ञान लिया गया है और इसकी जांच कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि वीडियो के आधार पर संबंधित वाहन और युवकों की पहचान की जा रही



है।पुलिस का कहना है कि जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही लोगों से अपील की गई है कि वह इस तरह की खतरनाक हरकतों से बचें और यातायात नियमों का पालन करें, ताकि किसी भी अनहोनी से बचा जा सके।

# पृथ्वी के संरक्षण करने के लिए जागरूकता जरूरी: डॉ डीके अग्निहोत्री

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** नगर चन्दौसी के शिक्षाविद् व पर्यावरणविद् डॉ डी0के0 अग्निहोत्री ने बताया कि आज भारत समेत सम्पूर्ण विश्व 22 अप्रैल को विश्व पृथ्वी दिवस मना रहा है, वर्ष 2026 में विश्व पृथ्वी दिवस की थीम 'हमारी शक्ति-हमारा ग्रह' है। यह थीम विशेष रूप से नवीकरणीय ऊर्जा को अपनाने, स्वच्छ ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देने व जलवायु परिवर्तन से निपटने व जैव विविधता संकट को रोकने के लिए व्यक्तियों और समुदायों की सामूहिक प्रयासों पर ध्यान केंद्रित करती है। विश्व पृथ्वी दिवस, हमें पृथ्वी के प्रति अपनी जिम्मेदारियों की गंभीरता से याद दिलाने वाला अवसर है। नवीकरणीय ऊर्जा का उपयोग, कम कचरा फेंकना, व्यक्तियो,



संगठनो व सरकारों के सहयोग व प्रयासों को प्रेरित कर सफल करना है, ताकि हमारी आने वाली पीढिघ्यों का भविष्य बेहतर व स्वस्थ कल बन सके और यह पृथ्वी व आने वाली पीढिघ्यों के लिए बेहतर हो सके। इस प्रकार पृथ्वी दिवस, शांति स्थापना का आधार माना जा सकता है, जिसमें लोगों के साथ उन मुद्दों के बारे में ज्ञान साझा करना है, जो आज पर्यावरण को चुनौती देते हैं, जैसे कि जलवायु परिवर्तन, वृक्षो की कटाई, प्रदूषण, जैव विविधता की हानि व प्राकृतिक संसाधनों का असंतुलित उपयोग आदि महत्वपूर्ण है। पृथ्वी दिवस इस बात पर प्रकाश डालता है, कि हमारी पृथ्वी ग्रह व मानव भविष्य का स्वास्थ्य आपस में जुड़ा हुआ है, जिसके लिए तत्काल व सक्रिय देखभाल की आवश्यकता है।

## बिलारी समाचार

# संगठित क्षेत्र के मजदूरों का शोषण एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**बिलारी।** नगर के असंगठित क्षेत्र में संचालित व्यापारिक प्रतिष्ठानों में कार्यरत मजदूरों और लेबर के शोषण का मामला सामने आया है। आरोप है कि श्रमिकों को उनके कार्य के अनुरूप मजदूरी नहीं दी जा रही है और साप्ताहिक बंदी (बुधवार) के दिन भी प्रतिष्ठान खोलकर उनसे काम लिया जा रहा है। नियमों के अनुसार एक माह में चार साप्ताहिक अवकाश का प्रावधान है, लेकिन अधिकांश स्थानों पर मजदूरों को यह सुविधा भी नहीं मिल रही है। इस संबंध में नागरिक मंच के संयोजक एवं सामाजिक कार्यकर्ता संजय सक्सेना ने उप जिलाधिकारी बिलारी को ज्ञापन सौंपकर शिकायत दर्ज कराई। ज्ञापन में श्रमिकों के अधिकारों का उल्लंघन रोकने तथा नियमों का पालन सुनिश्चित कराने की मांग की गई है। उप जिलाधिकारी ने मामले में शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया है।



# अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक घायल, अस्पताल में भर्ती

**बिलारी।** थाना क्षेत्र के ग्राम हम्जापुर निवासी आकाश कुमार पुत्र चंद्रपाल सिंह अपने घर से बिलारी की ओर आ रहे थे। जैसे ही वह नारायण बैंक्विट हॉल के सामने पहुंचे, तभी एक अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायल आकाश कुमार को तत्काल बिलारी के सरकारी अस्पताल लाया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है। मिली जानकारी के अनुसार डॉक्टरों ने उनकी स्थिति फिलहाल ठीक-ठाक बताई है। पुलिस मामले की जानकारी जुटाने में लगी है।

# द ग्रीन फील्ड पब्लिक स्कूल में पृथ्वी दिवस पर 'बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट' प्रतियोगिता, बच्चों ने दिखाया हुनर



**मुरादाबाद (शाह टाइम्स ब्यूरो)।** महानगर मुरादाबाद स्थित द ग्रीन फील्ड पब्लिक स्कूल में आज पृथ्वी दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में 'बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट' प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं को घर में बेकार पड़े सामान से उपयोगी एवं सृजनात्मक वस्तुएं बनाकर लानी थीं। प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में बच्चों ने भाग लिया और अपनी कल्पनाशीलता का शानदार प्रदर्शन किया।

किसी ने पुरानी बोतलों से फूलदान बनाए, तो किसी ने अखबार और गत्ते से आकर्षक सजावटी सामान तैयार किया। बच्चों की रचनात्मकता देखकर सभी अभिभावक और शिक्षक बेहद प्रभावित हुए। इस प्रतियोगिता में पप्पू पत्रकार की बेटी सृष्टि ने भी हिस्सा लिया और अपनी कलाकृति प्रस्तुत की। सृष्टि के प्रयास की सभी ने सराहना की। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय की प्रिंसिपल और समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने पूरी लगन और मेहनत से कार्य किया। प्रतियोगिता के दौरान बच्चों को पर्यावरण संरक्षण, रीसाइक्लिंग और पृथ्वी को स्वच्छ रखने का महत्व भी समझाया गया।

# इस माह का राशन वितरण 24 से 8 मई के बीच कराने के निर्देश

**कांठ (शाह टाइम्स)।** अप्रैल माह का खाद्यान्न वितरण 24 अप्रैल से 8 मई के बीच कराए जाने के निर्देश शासन ने दिए है। उत्तर



प्रदेश सस्ता गल्ला विक्रेता परिषद के प्रदेश सचिव विजेंद्र चौधरी ने बताया कि 23 अप्रैल तक डोर स्टेप डिलीवरी के तहत राशन डीलरो को खाद्यान्न उपलब्ध करा कर उनका सत्यापन कराए जाने के लिए निर्देशित किया गया है। और जिलाधिकारी द्वारा प्रत्येक उचित दर बिक्रेता की दुकान पर गेहूं तथा चावल के भौतिक सत्यापन हेतु नोडल अधिकारी नामित कर दिए गए है। उन्होंने बताया कि अंत्योदय कार्ड धारकों को खाद्यान्न गेहूं 21 किलो और चावल 14 किलो दिया जाएगा। जबकि पात्र गृहस्थी कार्ड धारकों को प्रति यूनिट गेहूं 3 किलो और चावल 2 किलो के हिसाब से निशुल्क वितरण होगा।

# राजपाल प्रजापति के निधन पर दो मिनट का मौन मुकेश माहेश्वरी ने बताया अपूर्णीय क्षति

**कांठ( शाह टाइम्स )** भारतीय जनता पार्टी के नेता एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष राजपाल सिंह प्रजापति के निधन पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा शोक सभा आयोजित की गई।

जिसमें 2 मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। भाजपा कार्यकर्ताओं ने नगर कार्यालय पर उनके चित्र पर माल्यापर्ण कर उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की भाजपा नेता मुकेश माहेश्वरी ने राजपाल सिंह प्रजापति के निधन को अपूर्णीय क्षति बताया और कहा कि भाजपा को हुए इस नुकसान की भरपाई कभी नहीं हो सकती इसके बाद सभी कार्यकर्ता कार्यालय से उठकर उनके आवास पर पहुंचे और परिवार को ढांढस बंधाया। इस मौके पर पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# दोहरे हत्याकांड में फंसे भाजपा नेता समेत सभी बरी

## करीब 14 साल पहले सिविल लाइंस कोतवाली में हुआ था दोहरा हत्याकांड




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** सिविल लाइंस कोतवाली क्षेत्र में करीब 14 साल पहले हुए दोहरे हत्याकांड के मामले में कोर्ट आज फैसला सुना दिया है। कोर्ट ने सभी आरोपियों को घटना से संबंधित न होने पर बरी कर दिया है। दोहरे हत्याकांड का यह मामला सिविल लाइंस क्षेत्र का है। 17 मार्च 2012 को सुबह के वक्त नाले में दो युवकों के शव मिले थे। दो बाइक भी नाले में पड़ी थी। सूचना पर सिविल लाइंस पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। काफी मशक्कत के बाद पुलिस ने दोनों की शिनाख्त आगापुर निवासी अजय यादव और भोट थाना क्षेत्र के मिलक बिचौला गांव निवासी जुल्फिकार के रूप में की थी। दोनों मृतक आपस में काफी अच्छे दोस्त थे। मृतक के परिजनों की ओर से ज्वालानगर निवासी शिव सेना के पूर्व जिला प्रमुख अनुराग शर्मा, भाजपा नेता अवधेश शर्मा, आगापुर निवासी प्रदीप पंडित, शहजादनगर थाना क्षेत्र के रायपुर का मझरा निवासी कल्लू, मुरादाबाद जनपद के थाना मूंढापांडे अंतर्गत धतुर्रा मेघानगला गांव निवासी मुकेश, उसका भाई बंटी, जनपद बदायूं के थाना मिठवा निवासी विक्की पंडित और ज्वालानगर निवासी वसीउर्रहमान उर्फ शबलू को नामजद किया था। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी थी। वाद-विवेचना के बाद पुलिस ने कोर्ट में चार्जशीट दाखिल कर दी थी। मौजूदा समय में इस मामले की सुनवाई सेशन कोर्ट में चल रही है। सुनवाई के दौरान एक आरोपी शिवसेना प्रमुा अनुराग शर्मा की मौत हो गई। अनुराग की सिविल लाइंस क्षेत्र में ही हत्या कर दी गई थी। लंबे समय बाद इस मामले की सुनवाई पूरी हो चुकी है। इस प्रकरण में पिछली तारीख पर सुनवाई के लिए 22 अप्रैल की तारीख तय की गई है। आज यानि की बुधवार को कोर्ट ने अपना फैसला सुना दिया। दोनों पक्षों की बात सुनने के बाद कोर्ट ने सभी को बरी कर दिया है।

# शिवांश के हत्यारोपियों की गिरफ्तारी न होने पर कांग्रेसियों में उबाल

## केमरी थाना क्षेत्र में 14 अप्रैल को हुई थी घटना, कांग्रेसियों ने परिजनों से की मुलाकात



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** केमरी थाना क्षेत्र में अंबेडकर जयंती के मौके पर गायब हुए बालक की हत्या का अभी तक खुलासा न होने पर कांग्रेसियों में उबाल है। बुधवार को कांग्रेस के तमाम पदाधिकारियों ने घर जाकर शिवांश के परिजनों से मुलाकात की। इस घटना पर निंदा जताते हुए उन्होंने पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए। पीड़ित परिवार को ढ़ांढस बंधाने के साथ ही उन्होंने परिजनों को न्याय दिलाने के लिए हर प्रयास करने का आश्वासन दिया।

गौर तलब है कि केमरी थाना क्षेत्र के ग्राम खेमपुर निवासी सुनील का छह साल का बेटा शिवांश 14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती के मौके पर गांव में निकलने वाली रैली में शामिल होने गया था। उसके बाद से शिवांश गायब हो गया था। देर रात तक घर न आने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू कर दी लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। अगले दिन शिवांश का शव नग्न अवस्था में एक गेहूं के खेत में पड़ा मिला था। जानकारी होने पर परिजन भी तमाम ग्रामीणों के साथ मौके पर पहुंच गए थे। परिजनों ने कुकर्म के बाद हत्या करने का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की थी। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। इस घटना के कई दिन होने के बाद पुलिस अभी तक खुलासा नहीं कर सकी है।

### बोले कांग्रेसी, न्याय दिलाने को हर संभव किया जाएगा प्रयास

इस घटना के विरोध में पूर्व कांग्रेस संजय कपूर के नेतृत्व में कांग्रेस का एक प्रतिनिधि मंडल खेमपुर पहुंचा और मृतक के पिता शिवांश व दादा जसवंत सिंह से मुलाकात की। पीड़ित परिवार को ढ़ांढस बंधाते हुए उन्होंने इस घटना की निंदा की। साथ ही पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए। उनका कहना था कि प्रदेश में कानून व्यवस्था फेल हो रही है। मासूम बच्चों की हत्या हो रही है और पुलिस खुलासा करने में नाकाम है। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए हरसंभव कोशिश की जाएगी। जिला अध्यक्ष निक्कू पंडित ने कहा कि यह केवल एक आपराधिक घटना नहीं, बल्कि कानून-व्यवस्था की गंभीर विफलता है। कांग्रेस पार्टी मांग करती है कि मामले की गहन जांच कर सभी दोषियों को तत्काल प्रभाव से गिरफ्तार किया जाए और उन्हें कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। साथ ही पीड़ित परिवार को पर्याप्त आर्थिक सहायता और सुरक्षा प्रदान की जाए। मासूम शिवांश को न्याय मिलना ही चाहिए। इस मौके पर शहर अध्यक्ष बाकर अली खां, साहिर रजा खां, नोमान मुमताज खां, कांग्रेस अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के अध्यक्ष अजीत सिंह व अन्य लोग मौजूद रहे।

# भीषण गर्मी में कहां जाए राहगीर, हर रास्ते रहते हैं बंद

## राम-रहीम पुल बंद होने के कारण राहगीरों की बढ़ गई हैं दुश्वारियां

### पनवड़िया व सीआरपीएफ गेट नंबर एक पर हर समय बंद रहती है क्रासिंग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** राम-रहीम पुल की मरम्मत से पहले वास्तव में स्थानीय व रेलवे प्रशासन ने हजारों लोगों की कोई सुध नहीं ली। न तो उनको कोई वैकल्पिक मार्ग दिया और न ही निकलने का कोई ठीक रास्ता। भीषण गर्मी में राहगीर तपती धूप में परेशान हो रहे हैं। जो दूरी केवल तीन मिनट में तय की जा सकती थी उसे अब तय करने में एक घंटे से अधिक का वक्त लग रहा है। जो भी अंडरपास बने हैं वह भी आए दिन बंद कर दिए जाते हैं। आज रेलवे ट्रैक पर मरम्मत का हवाला देते हुए पनवड़िया का अंडर पास पत्थर लगाकर बंद कर दिया गया। नतीजा यह रहा कि राहगीर कई किलोमीटर का चक्कर लगाकर हाईवे तक पहुंचे। आलम यह था कि खेतों की पगडंडियों और गांव की संकरी गलियों से होते हुए लोग अपने गंतव्य की ओर जा रहे थे। जिसमें सबसे अधिक परेशानी निजी व सरकारी कर्मचारियों को हुई। बिना कोई सूचना के अचानक अंडरपास बंद होने के कारण कर्मचारी समय से अपने कार्यालय नहीं पहुंच सके। जिस कारण अधिकारियों की डांट का सामना अलग करना पड़ा। वहीं लगातार गुजरने वाली ट्रेनों के कारण पनवड़िया व सीआरपीएफ गेट नंबर वन पर बनी क्रासिंग अधिकतर समय बंद रहती है। ऐसे में राहगीर परेशान हैं कि आखिरकार वह निकलें तो कहां से निकले।

अचानक बढ़ी गर्मी और पुल बंद होने के कारण ज्वालानगर से सिविल लाइंस की ओर आने वाले वाहन चालकों की दुश्वारियां और बढ़ गई हैं। आलम यह है कि धूप और पसीने के बीच लोग धूल भरे रास्तों से गुजरने को मजबूर हैं। धूल भरे रास्ते इतने ऊबड़-खाबड़ हैं कि जरा सी चूक हादसे को अंजाम दे सकती है। वहीं इन रास्तों में जगह-जगह भरा गंदा पानी भी वाहन चालकों के लिए मुसीबत बना हुआ है।वहीं पनवड़िया और सीआरपीएफ गेट नंबर एक के रास्ते से गुजरने वाले वाहन चालकों के लिए रेलवे क्रासिंग सिर दर्द बनी हुई है। जिसकी वजह है कि इन क्रासिंग से रोजाना 150 से अधिक ट्रेनें गुजरती हैं, लिहाजा अधिकांश समय तक यह क्रासिंग बंद ही रहती है। लोग धूप में खड़े होकर क्रासिंग के खुलने का इंतजार करते रहते हैं। कई बार तो आलम यह हो जाता है कि क्रासिंग खुलने के बाद लंबा जाम लग जाता है। नतीजा यह है कि पांच मिनट का सफर तय करने में एक घंटे से अधिक का वक्त लग रहा है। इसके अलावा राहगीर लंबा चक्कर लगाने को मजबूर हैं।

### पनवड़िया अंडरपास बंद होने से राहगीर हुए परेशान

कहने को प्रशासन ने पनवड़िया व आगापुर अंडर पास को शुरू कर दिया है लेकिन हालात यह हैं कि अगर बारिश होती है तो अंडरपास पर पानी भर जाता है। जिस कारण वाहन चालकों को काफी परेशानी होती है। बुधवार को तो रेलवे प्रशासन ने हजारों वाहन चालकों की सुविधा का कोई ख्याल नहीं रखा। पनवड़िया क्रासिंग के पास बने अंडरपास को अचानक बंद कर दिया गया। हवाला दिया गया कि रेलवे ट्रैक पर काम चल रहा है। सुबह के वक्त जब लोग वहां से गुजरे तो अंडरपास बंद था। पनवड़िया क्रासिंग पहुंचे तो वहां फाटक बंद होने के कारण लंबा जाम लगा हुआ था। सुबह कार्यालय पहुंचने के चक्कर में कर्मचारियों ने मजबूरी में दूसरा रास्ता पकड़ा। वह लोग खेतों की पगडंडियों के अलावा गांव की संकरी गलियों से जान जोखिम में डालकर हाईवे तक पहुंचे। इसके बाद पनवड़िया पर बने पुल से होते हुए सिविल लाइंस की ओर आए। इस परेशानी के बाद राहगीरों का कहना था कि स्थानीय व रेलवे प्रशासन ने हजारों लोगों की कोई सुध नहीं ली। वाहन चालकों की जान जोखिम में डाल दी है। हर रास्ता बंद रहता है तो आखिरकार हम लोग गुजरे कहां से। अगर पुल की मरम्मत ही करनी थी तो सर्दियों में कर लेते। भीषण गर्मी और तपती धूप में हम लोग परेशान हो रहे हैं।

# महिलाओं के अधिकारों से खिलवाड़ कर रहा विपक्षः हरीश गंगवार

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम के विरोध में विपक्षियों की कड़ी निंदा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** बुधवार को भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर जिला अध्यक्ष हरीश गंगवार जी के नेतृत्व में एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। जिसमें आगामी कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा तय की गई। बैठक के दौरान सपा, कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों द्वारा नारी शक्ति वंदन अधिनियम के विरोध में मतदान किए जाने की कड़ी निंदा की गईबैठक को बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष हरीश गंगवार ने विपक्ष पर जोरदार हमला बोलते हुए कहा कि "नारी शक्ति वंदन अधिनियम का विरोध कर सपा और कांग्रेस ने यह साफ कर दिया है कि उनकी कथनी और करनी में जमीन-आसमान का अंतर है। ये दल वर्षों से महिलाओं के नाम पर राजनीति करते आए हैं, लेकिन जब उन्हें सशक्त बनाने का ऐतिहासिक अवसर आया, तो उन्होंने उसका विरोध कर दिया। उन्होंने आगे कहा कि यह अधिनियम देश की माताओं-बहनों को उनका हक दिलाने की दिशा में एक ऐतिहासिक और निर्णायक कदम है। लेकिन विपक्षी दलों ने अपने संकीर्ण स्वार्थ और वोट बैंक की राजनीति के चलते महिलाओं के अधिकारों को कुचलने का काम किया है। यह केवल एक विधेयक का विरोध नहीं, बल्कि देश की आधी आबादी के सपनों और सम्मान का विरोध है। हरीश गंगवार ने कहा कि अब समय आ गया है कि जनता इन दलों की असलियत को पहचाने। भारतीय जनता पार्टी इस मुद्दे को जन-जन तक पहुंचाएगी और महिलाओं के अधिकारों के लिए हर स्तर पर संघर्ष करती रहेगी। आने वाले समय में जनजागरण अभियानों के माध्यम से विपक्ष की महिला विरोधी सोच को पूरी तरह बेनकाब किया जाएगा। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे पूरी ताकत के साथ मैदान में उतरें, घर-घर संपर्क करें। बैठक में प्रदीप गुप्ता, विकास दीक्षित, कुंवर बहादुर राजपूत, विवेक रहेला,आकाश सक्सैना, शकुंतला लोधी,अशोक विश्नोई, पूजा शर्मा, मनु सक्सैना, भव्य उप्पल, कमल सिंह लोधी, नरेश सैनी, विक्रम सिंह, शुभम सक्सैना, लाल सिंह प्रजापति, हरिओम सैनी आदि मौजुद रहे।

# जिले में अपराध का ग्राफ घटा, फिर भी बढ़ गई गैंगों की संख्या

## तीन साल में जिले में बढ़ गए 25 गैंग

### डकैती, लूट हुई कम फिर भी हैं जिले में पंजीकृत हैं 26 गैंग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** जिले में अपराध का ग्राफ तो काफी कंट्रोल में हुआ है। अगर डकैती और लूट की बात करें तो पिछले चार साल में केवल पूरे जिले में केवल एक डकैती की वारदात हुई है। इसी तरह से लूट का आंकड़ा भी पिछले चार साल में केवल 13 है। वक्त के साथ कम हो रहे अपराध के आंकड़ों के बाद भी जिले में पंजीकृत गैंगों की संख्या लगातार बढ़ रही है। पिछले तीन साल में करीब 25 गैंग बढ़ गए हैं। जिसमें वर्ष 2024 में सात नए गैंग पंजीकृत किए गए हैं। हैरानी की बात यह है कि डकैती और लूट की वारदात कम होने के बाद भी इन अपराधों में पंजीकृत गैंग की संख्या 26 हैं। जिसमें छह डकैती और 20 गैंग लूट के अपराध में पंजीकृत हैं।

कानपुर के चर्चित बिकरू हत्याकांड के बाद प्रदेश में सख्ती काफी बढ़ गई है। खासतौर पर अपराधिक गतिविधियों में शामिल लोगों की निगेहबानी करने के लिए गैंगों के पंजीकरण पर पूरे प्रदेश में जोर दिया जा रहा है। अब इन गैंगों को चार श्रेणी में पंजीकृत किया जा रहा है। जिसमें जी श्रेणी के गैंग को केवल सक्रिय माना जाता है। जबकि आईडी श्रेणी के गैंग को जिले में सक्रिय माना जाता है। इसी तरह से आईआर श्रेणी के गैंग को रेंज और आईएस श्रेणी वाले को प्रदेश में सक्रिय माना जाता है। जिस वक्त गैंगों को पंजीकृत के लिए यह सख्ती बरती गई थी, उस दौरान जिले में केवल 53 गैंग थे। जो अब बढ़कर 78 तक पहुंच गई है।

### 80 प्वाइंटों पर दर्ज होता है अपराधियों का ब्यौरा

गैंग के पंजीकरण के साथ ही पुलिस उसमें शामिल सदस्यों का पूरा ब्यौरा भी अपने पास जुटा रही है। विभागीय सूत्रों के अनुसार गिरोह के सदस्य के करीब 80 प्वाइंटों को पुलिस अपने रिकार्ड में दर्ज करती है। जिसमें अपराधी की निजी पहचान जैसे शरीर में कोई निशान, दाग या फिर अन्य कोई चिन्ह, परिवार के सदस्यों के संबंध में पूरी जानकारी। साथ ही सामाजिक, अपराधिक, दोस्त व रिश्तेदारों तक का ब्यौरा शामिल होता है। अभी तक पंजीकृत गैंग में शामिल करीब 330 सदस्यों का पूरा ब्यौरा पुलिस रिकार्ड में दर्ज है।

### पंजीकृत गैंग का विवरण-

| अपराध | गैंग |
|---|---|
| डकैती- | 6 |
| लूट- | 20 |
| हत्या- | 2 |
| चौन स्नैचिंग- | 1 |
| नकबजनी- | 7 |
| वाहन चोरी- | 5 |
| गो-तस्करी- | 26 |
| चोरी- | 4 |
| धोखाधड़ी- | 2 |
| अवैध खनन- | 2 |
| अवैध शराब- | 1 |
| अन्य- | 2 |

नोट---यह आंकड़ 31 दिसंबर तक के हैं। इसके बाद संख्या घट या बढ़ सकती है।

# गजबः एक दिन की डीएम और चला दिया अवैध कब्जों पर हंटर

## 1 दिन के लिए बनी डीएम श्रीसिंह ने लिए कठोर फैसले




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** वास्तव में नारी शक्ति सब पर भारी पड़ती हैं ऐसे में अगर वह बालिका हो तो क्या कहना। उसके निर्णय तो भगवान भी नहीं काट सकता, आम प्रशासन की हिम्मत क्या। कुछ ऐसा ही किया जिले की एक बेटी ने, जो अभी पढ़ रही है हाईस्कूल में, लेकिन उसे मौका मिला एक दिन की डीएम बनने का। बस क्या था उस बेटी ने अपनी ताकत दिखा दी। 25 शिकायतों का डीएम की कुर्सी पर बैठकर निस्तारण करने के साथ ही अवैध कब्जों पर हंटर चला दिया। सख्त आदेश दिए कि अगर कहीं पर भी अवैध कब्जे हैं तो उनको हटाया जाए। दसवीं की इस छात्रा ने यह साबित कर दिया कि अगर उसे भविष्य में मौका मिलेगा तो वह आम जनता की शिकायतों का निस्तारण अपने तरीके से करेगी।

प्रदेश में मुख्यमंत्री जी के मिशन शक्ति फेज-5 के तहत महिला सशक्तिकरण की एक ऐसी अद्भुत तस्वीर सामने आई है, जो पूरे प्रदेश की बेटियों का सीना गर्व से चौड़ा कर देगी। रामपुर जिले में सेंट मैरी सीनियर सेकेंडरी स्कूल की 10वीं की छात्रा श्रीसिंह ने एक दिन की सांकेतिक जिलाधिकारी बनकर यह साबित कर दिया कि बेटियां सिर्फ सपने नहीं देखतीं, बल्कि मौका मिलने पर कड़े और बड़े फैसले भी ले सकती हैं। कलेक्ट्रेट पहुंचकर विधिवत डीएम की कुर्सी संभालने वाली इस मेधावी छात्रा ने स्वास्थ्य, पूर्ति और आवास से जुड़ी 25 शिकायतों को पूरी गंभीरता से सुना और अपने हस्ताक्षर से उनके त्वरित निस्तारण के आदेश जारी किए। इस एक दिन के कार्यकाल में छात्रा ने न सिर्फ प्रशासनिक धमक दिखाई, बल्कि यह संदेश भी दिया कि अगर प्रदेश की बेटियों को नेतृत्व का अवसर मिले, तो वे न्याय और जनसेवा की बेहतरीन मिसाल कायम कर सकती हैं।

**जब १०वीं की छात्रा ने एसडीएम को दिए कब्जा हटवाने के निर्देश**

छात्रा श्रीसिंह का सांकेतिक कार्यकाल केवल रस्म अदायगी नहीं रहा। जनसुनवाई के दौरान जब उनके सामने तहसील सदर के ग्राम घनश्यामपुर में अवैध कब्जे से जुड़ा एक प्रार्थना पत्र आया, तो इस युवा डीएम ने तुरंत कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने बिना किसी झिझक के उपजिलाधिकारी (एसडीएम) सदर को सख्त निर्देश दिए कि मौके पर जाकर तत्काल अवैध कब्जा हटवाया जाए और जमीन की पैमाइश सुनिश्चित की जाए। एक स्कूली छात्रा द्वारा इतनी दृढ़ता और स्पष्टता से लिए गए इस फैसले ने यह साबित कर दिया कि प्रदेश की बेटियां अब किसी भी चुनौती से डरने वाली नहीं हैं। इस दौरान जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने भी पूरे समय छात्रा का सहयोग करते हुए उन्हें प्रशासनिक बारीकियों से अवगत कराया।

### पूरे प्रदेश की बेटियों के लिए बना प्रेरणा का मंच

श्रीसिंह का यह एक दिन का कार्यकाल केवल रामपुर तक सीमित नहीं रहने वाला, बल्कि यह पूरे उत्तर प्रदेश की बालिकाओं के लिए एक नजीर बन गया है। इस दौरान कन्या इंटर कॉलेज खारी कुआं और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय पहाड़ी गेट की छात्राओं ने जब वहां पहुंचकर संवाद किया, तो उन्हें अपनी उम्र की एक लड़की को जिले की सर्वोच्च कुर्सी पर बैठे देखकर असीम प्रेरणा मिली। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने भी इस अवसर का लाभ उठाते हुए छात्राओं को सफलता के लिए नियमित अध्ययन, समय प्रबंधन और सकारात्मक सोच के टिप्स दिए। साथ ही 1090, 181, 112 और 1098 जैसे मिशन शक्ति हेल्पलाइन नंबरों का निर्भीकता से उपयोग करने के लिए उन्हें जागरूक किया।

### फाइलों और फैसलों के बीच दिखा एक संवेदनशील प्रशासक का दिल

प्रशासनिक जटिलताओं और अवैध कब्जे हटाने जैसे कड़े फैसलों के बीच इस सांकेतिक डीएम ने एक अनूठी मानवीय मिसाल भी पेश की। जिसकी चर्चा हर तरफ हो रही है। अपनी शिकायतें लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे फरियादियों के साथ आए छोटे बच्चों को जब छात्रा ने देखा, तो उन्हें अपने पास बुलाकर चॉकलेट वितरित की। डीएम की कुर्सी पर बैठी एक दीदी के हाथों चॉकलेट पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे और पूरा माहौल सकारात्मक ऊर्जा से भर गया। इस मार्मिक पहल ने यह संदेश दिया कि एक बेहतरीन प्रशासन सिर्फ नियमों की किताब से नहीं चलता, बल्कि उसमें जनता के प्रति मानवीय संवेदनाओं का होना भी उतना ही महत्वपूर्ण है।

### सशक्त भविष्य की ओर बढ़ते कदम

अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) संदीप कुमार वर्मा, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) डा. नितिन मदान और जिला प्रोबेशन अधिकारी ईरा आर्या सहित पूरे प्रशासनिक अमले की मौजूदगी में हुआ यह आयोजन इस बात का सशक्त प्रमाण है कि समाज में महिलाओं की भागीदारी अब केवल कागजों तक सीमित नहीं है। प्रशासनिक कार्यों का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त कर छात्रा ने भी माना कि शासन की योजनाओं को पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना ही प्राथमिकता होनी चाहिए। यह घटना पूरे उत्तर प्रदेश की हर उस बेटी के लिए एक खुली उड़ान का आमंत्रण है, जो अपनी मेहनत से भविष्य में उच्च प्रशासनिक पदों पर पहुंचकर देश और प्रदेश की तस्वीर बदलना चाहती है।

# दीवार फांदकर घर में घुसा अर्धविक्षिप्त, जानवरों पर किया हमला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद।** अधिक जानकारी के अनुसार आंवला रोड पर पेट्रोल पंप के निकट मोहल्ला कानूनगोयान में एक अजीबो गरीब घटना देखने को मिली। एक अर्धविक्षिप्त सा दिखने वाला व्यक्ति घर में दीवार फांदकर घुसा और उसने घर में बंधे जानवरों पर हमला बोल दिया। अर्ध विक्षिप्त सा दिखने वाला व्यक्ति अपने साथ ब्लैड लाया था उसने साजिद के मकान में घुसकर इस घटना को अंजाम दिया। घर में साजिद की पत्नी शकीला खाना बना रही थी। उसी वक्त अर्धविक्षिप्त व्यक्ति दीवार फांदकर घर में घुसा और उसने एक बकरी के बच्चे, दो मुर्गी,दो मुर्गे और बदख तक की गर्दन काटकर उनकी बलि दे दी। इस घटना से आसपास के क्षेत्र में भी भय व्याप्त हो गया है जो व्यक्ति जानवरों की और पक्षियों की बलि चढ़ा सकता है वह किसी भी वक्त किसी बच्चे की भी बली चढ़ा सकता है। परीजनों ने तुरंत 112 नंबर डायल किया। घटना स्थल पर पहुंची पुलिस अर्धविक्षिप्त को अपने साथ ले गई।

# चाइल्ड हेल्पलाइन ने बिछड़े बालक को परिजनों से मिलाया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** मसवासी चौकी पुलिस ने गुमशुदा हो चुके बालक को काफी मशक्कत के बाद परिजनों से मिलवा दिया। इसके बाद परिजनों ने पुलिस के प्रयासों की सराहना की है। 14 अप्रैल को चाइल्ड हेल्पलाइन में सूचना मिली कि एक बालक लावारिस अवस्था में घूम रहा है। इसके बाद मसवासी चौकी इंचार्ज अजय शुक्ला मौके पर गए और बच्चे को कब्जे में ले लिया। पूछताछ में बच्चे ने अपना नाम सिद्धार्थ बताया। इसके बाद चौकी प्रभारी ने इसकी सूचना जिला प्रोबेशन अधिकारी ईराआर्या को दी। इसके बाद जिला समन्वयक चाइल्ड हेल्पलाइन निजामुद्दीन के निर्देशन में टीम के सुपरवाइजर मशकूर साहब एवं शिवम सिंह मौके पर पहुंचे और बालक को अपनी सुपुर्दगी में लिया। टीम ने बालक को बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। शुरूआत में बालक अपनी सही पहचान नहीं बता सका। जिस पर समिति ने उसे राजकीय बाल गृह (शिशु), रामपुर में भर्ती करा दिया गया। वहां पर लगातार हो रही काउंसलिंग के बाद बालक ने खुद की पहचान बताते हुए अपना पता ग्राम नयाटोला महाराजपुर, पोस्ट महाराजपुर, पंचायत कल्यानी, जनपद साहेबगंज (झारखण्ड) बताया। इसके बाद टीम ने उसके पिता प्रेम रिख्यासन से संपर्क किया और पूरे मामले की जानकारी दी। इसके बाद परिजन रामपुर पहुंचे और अधिकारियों से संपर्क किया। इसके बाद प्रभारी अधीक्षक राजकीय बाल गृह (शिशु) कुलवन्त सिंह, जिला समन्वयक चाइल्ड हेल्पलाइन निजामुद्दीन, केस वर्कर संजू कुमार की मौजूदगी में बच्चे को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

# बेहतर उपचार के लिए रामपुर में मेडिकल कालेज खुलना है जरूरी

## उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने फिर उठाई मांग, डीएम को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के पदाधिकारियों ने एक बार फिर मरीजों को सुविधा देने के लिए रामपुर में 600 बेड का मेडिकल कालेज खोलने की मांग उठाई है। उनका कहना था कि जिला अस्पताल में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं न होने के कारण मरीजों को तुरंत रेफर कर दिया जाता है। जिससे कई मरीजों की जान रास्ते में चली जाती है। अगर मेडिकल कालेज की स्थापना हो जाए तो मरीजों को काफी राहत मिलेगी। उन्होंने इस संबंध में डीएम को ज्ञापन भी सौंपा है।

व्यापार मंडल के जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप अग्रवाल सोनी ने कहा कि मंडल लंबे समय से रामपुर में मेडिकल कालेज खुलवाने की मांग शासन से कर रहा है। इस संबंध में स्थानीय अधिकारियों से लेकर शासन तक मुलाकात की गई। जिसकी वजह है कि जिला अस्पताल में हार्ट, ब्रेन, लिवर, किडनी विशेषज्ञ और जनरल फिजीशियन की तैनाती नहीं हैं। जिस कारण रोगियों को दिल्ली-मुरादाबाद जाकर महंगा इलाज कराना पड़ता है। अगर इन बीमारियों से ग्रसित कोई मरीज आ जाता है तो उसे तुरंत रेफर कर दिया जाता है। कई मरीज तो मुरादाबाद पहुंचने से पहले ही दम तोड़ देते हैं। अगर मेडिकल कालेज की स्थापना हो जाए तो मरीजों को काफी राहत मिलेगी। उनका कहना था कि काफी प्रयास के बाद शासन ने मेडिकल कालेज की स्वीकृत दे दी थी। अलीगंज बेनजीर में मेडिकल कालेज के लिए जमीन भी चिन्हित कर ली गई थी। यह जमीन उद्यान विभाग की थी। पूरी प्रक्रिया होने के बाद भी अंत में मामला लटक गया। उन्होंने कहा कि मरीजों की सहूलियत के लिए मेडिकल कालेज की स्थापना होना जरूरी है। कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करने के बाद उन्होंन डीएम को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर प्रदेश मंत्री पप्पू खा, मण्डल अध्यक्ष अब्दुल बासिक,संगठन मंत्री कन्हैया लाल पटवा, गोपाल शर्मा, यासीन प्रचार, मिलन सक्सेना, शाहिद मामू, विष्णु सैनी, नजाकत अली रयान, प्रवीण गुर्जर आदि मौजूद रहे। इस मौके पर विजय अग्रवाल, सईद खुसरो, यूसुफ खां, तुफैल अहमद, विष्णु सैनी और नजाकत आदि मौजूद रहे।

# बार के अध्यक्ष बने कपिल चिकारा, अरशद भारती सचिव निर्वाचित

## चिकारा ने 323 वोटों से हासिल की रिकार्ड जीत, भारती पांच वोटों से सचिव का चुनाव जीते

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** बार एसोसिएशन जनपद अमरोहा के वार्षिक चुनाव में कपिल चिकारा एडवोकेट ने रिकार्ड 323 वोटों से एकतरफा अध्यक्ष का चुनाव जीत लिया। जबकि सचिव पद पर अरशद भारती एडवोकेट पांच वोटों से विजयी हुए।



बताते चलें कि बार एसोसिएशन जनपद अमरोहा के लिए बीते दिन चुनाव मतदान हुआ था। 1060 वोटरों में से 1016 वकीलों ने अपने मत का प्रयोग किया था। बार अध्यक्ष के चुनाव में छह प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे। बुधवार सुबह दस बजे कड़ी सुरक्षा के बीच मतगणना शुरू हुई। जैसे कि उम्मीद की जा रही थी परिणाम ठीक वैसा ही रहा। शुरू से ही कपिल चिकारा एडवोकेट अपने प्रतिद्वंद्वियों को पछाड़ते नजर आये। उन्हें 480 वोट मिले। जबकि अख्तर एडवोकेट को 157 वोट लेकर दूसरे स्थान पर रहे। इसके अलावा आदिश सैफी को 136, तथा बार के पूर्व अध्यक्ष महाराज एडवोकेट 112 वोट लेकर चौथे स्थान पर रहे, संजय शर्मा 101 वोट लेकर पांचवे स्थान पर संतोष करना पड़ा। सचिव पद शुरू से ही मुकाबला बहुत ही रोमांचक रहा। कई बार चुनाव लड़ चुके अरशद भारती एडवोकेट इस बार सफल रहे। उन्होंने कड़े मुकाबले में फारूक को मात्र पांच वोटों से चुनाव हराया। अरशद भारती को 245 तो वहीं फारूक को 240 वोट मिले। जबकि निरंकार को 229 वोट प्राप्त हुए। इसके अलावा दिनेश एडवोकेट को 127 तो धर्मेन्द्र को मात्र 120 वोट मिले। विशाल 50 वोट लेकर छठे स्थान पर रहे। बार नव निर्वाचित अध्यक्ष कपिल चिकारा एडवोकेट ने कहा कि उन्हें चुनाव में हर वर्ग के अधिवक्ताओं का सहयोग मिला। वकीलों ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है वह उस पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। वकीलों की जो भी समस्याएं हैं उनका समय रहते समाधान किया जायेगा। वकीलों का उत्पीड़न किसी भी स्तर पर सहन नहीं किया जायेगा। निर्वाचित सचिव अरशद भारती एडवोकेट ने वकीलों का आभार जताते कहा कि वह उनके विश्वास को कभी भी डिगने नहीं देंगे। वह हर समय वकीलों के लिए उपलब्ध रहेंगे। इस मौके पर सलीम खां एडवोकेट, मौहम्मद आदिल, अरशी आरोजी, मुस्तफा सुहैल, अबू सूफियान, अजीम पाशा, योगेन्द्र देवल, अजद, प्रवीण सिंह, जुल्फेकार, फैज आलम, फुरकान, सुशील, मनोज यादव, नरेन्द्र पोसवाल समेत बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।



अमरोहा। बार अध्यक्ष व सचिव का चुनाव जीतने पर कपिल चिकारा व अरशद भारती का स्वागत करते अधिवक्ता।

# पत्नी से विवाद पर युवक ने सल्फास खाकर जान दी

## परिजनों में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** घरेलू कलह ने खौफनाक रूप ले लिया है। पत्नी से विवाद होने के चलते युवक ने सल्फास खाकर जान दे दी।

नगर के मोहल्ला कायस्थान में घरेलू विवाद के चलते एक युवक द्वारा आत्मघाती कदम उठाने का मामला सामने आया है। मोहल्ले में चर्चा के मुताबिक युवक का अपनी पत्नी के साथ किसी बात को लेकर काफी समय से विवाद चल रहा था। कहासुनी इतनी बढ़ गई कि आवेश में आकर युवक ने घर में रखी सल्फास की गोलियां पीसकर खा लीं। जैसे ही युवक की तबीयत बिगड़ी और वह अचेत होकर जमीन पर गिरा तो परिजनों में हड़कंप मच गया। उसे तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद उसकी नाजुक हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे बेहतर इलाज के लिए मेरठ के हायर सेंटर रेफर कर दिया है। लेकिन मेरठ में पहुंचते ही युवक की मौत हो गई। 30 वर्षीय युवक अपने पीछे एक बेटी को भी छोड़ गया है। बिना कानूनी कार्रवाई किए हुए युवक का संस्कार करने के लिए परिजन गंगा घाट पर ले गये।

# डीएम-एसपी ने किया परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण

## 25 से 27 अप्रैल तक होगी होमगार्ड परीक्षा, 28 हजार 224 अभ्यर्थी देंगे परीक्षा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** होमगार्ड भर्ती परीक्षा को लेकर डीएम-एसपी ने परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण कर परीक्षा को नकलविहिन व पारदर्शी तरीके से कराने के निर्देश दिये।

जिलाधिकारी नितिन गौड़ व पुलिस अधीक्षक लखन सिंह यादव ने संयुक्त रूप से परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिले के दस केन्द्रों पर 25 से 27 अप्रैल के बीच होमगार्ड परीक्षा आयोजित होनी है। उन्होंने आईएम इंटर कॉलेज, जेएस हिंदू इंटर कॉलेज और जेएस हिंदू पीजी कॉलेज (ब्लॉक-ए व बी) सहित विभिन्न केंद्रों पर सुरक्षा और निगरानी व्यवस्थाओं को परखा। अधिकारियों ने स्पष्ट निर्देश दिए कि परीक्षा पूरी तरह नकलविहीन, शांतिपूर्ण और शुचितापूर्ण ढंग से कराई जाए। केंद्रों पर पेयजल, साफ-सफाई, बिजली और प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने को



कहा गया। जनपद में 25, 26 और 27 अप्रैल को 10 केंद्रों पर दो पालियों में परीक्षा होगी, जिसमें कुल 28,224 अभ्यर्थी शामिल होंगे। पुलिस अधीक्षक ने यातायात और पार्किंग की समुचित व्यवस्था के भी निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारी और विद्यालयों के प्राचार्य मौजूद रहे।

## एक नजर

### स्मार्ट मीटर का मुद्दा सदन में उठाऊंगा: महबूब



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** लोक लेखा समिति के सभापति एवं सदर विधायक महबूब अली ने कहा कि विद्युत विभाग द्वारा लगाए गए स्मार्ट मीटर आम जनता के लिए परेशानी का सबब बनते जा रहे हैं। अगर समस्या का समाधान न हुआ तो वह इस मामले को विधानसभा में उठायेंगे। श्री अली ने कहा कि वैसे तो सरकार ने आगे से स्मार्ट मीटर लगाने पर रोक लगा दी है। परन्तु जिन उपभोक्ताओं के लगाये गये हैं उन्हें लगातार समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

### पूर्व सभासद पति के इंतकाल पर शोक

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** रालोद के पूर्व नगर अध्यक्ष एवं पूर्व सभासद पति का इंतकाल होने से शहर में रंजो गम की लहर दौड़ गई। मंगलवार की रात नगर के मोहल्ला कायस्थान निवासी मोहम्मद शाहनवाज का दिल्ली में उपचार द्वारा अस्पताल में इंतकाल हो गया। मोहम्मद शाहनवाज को कुछ दिन पूर्व हेमरेज हुआ था। परिजनों द्वारा उनका उपचार कराया जा रहा था। मोहम्मद शाहनवाज रालोद हसनपुर के नगर अध्यक्ष रहे हैं। साथ ही उनकी पत्नी नगर पालिका में सभासद भी रही है। मोहम्मद शाहनवाज के इंतकाल के बाद उनके घर पर काफी भीड़ जमा हो गई। इस दौरान पूर्व पालिकाध्यक्ष शादाब टाटा, बसपा नेता मुमताज अली उर्फ हाजी भुट्टो, सपा नेता चंद्रपाल सैनी, रालोद नेता मुजाहिद चौधरी, हम्जा अली अलीमुद्दीन, मोनिश अंसारी, जावेद जरताब आदि मौजूद थे। पूर्व सभासद का उनके पृतक कब्रिस्तान में दफिना कर दिया गया।

### सीएम सम्राट चौधरी को सैनी समाज ने किया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज के निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी इंद्राज सिंह सैनी के नेतृत्व में समाज के प्रतिनिधिमंडल ने बिहार के नवनियुक्त मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी (कुशवाहा) से दिल्ली स्थित बिहार सदन में शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान समाज की ओर से मुख्यमंत्री को बधाई और शुभकामनाएं दी गईं। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को शॉल ओढ़ाकर, पटका पहनाकर और बुके भेंट कर सम्मानित किया। साथ ही भगवान श्रीराम की मूर्ति स्मृति चिन्ह के रूप में भेंट की गई। इस अवसर पर मौजूद लोगों ने मुख्यमंत्री के उज्ज्वल कार्यकाल की कामना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में बिहार प्रदेश विकास की नई ऊंचाइयों को छुएगा। कार्यक्रम में पूर्व चेयरमैन राजेश सैनी विनोद सैनी, पवन सैनी, विपिन कुमार एडवोकेट, तरुण सैनी प्रधान, शिवचरण कुशवाहा, धर्मचंद सैनी, वीर सिंह सैनी समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### समस्याएं न सुलझी तो भाकियू करेगी चक्का जाम

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को तहसील पर पहुंचकर किसानों की समस्याओं को लेकर प्रदर्शन किया और एसडीएम शैलेश कुमार दुबे को ज्ञापन सौंपा। प्रदेश उपाध्यक्ष आलोक कुमार के नेतृत्व में किसानों ने जल्द समाधान की मांग की। किसानों ने कहा कि आवारा पशु और बंदरों से फसलें बर्बाद हो रही हैं, जिससे नुकसान बढ़ रहा है। साथ ही बिजली विभाग पर जबरन स्मार्ट मीटर लगाने और चेकिंग के नाम पर उत्पीड़न के आरोप लगाए। ग्राम डींगरा बिजलीघर से पारा खालसा तक सड़क निर्माण शुरू कराने की भी मांग की गई।

### गेहूं के खेत में आग से हजारों का नुकसान

**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** घटना कोतवाली डिडौली क्षेत्र के गांव फतेह खालसा निवासी वीरपाल पुत्र करण सिंह सैनी के तीन बीघा खेत में ट्रांसफार्मर की चिंगारी से आग लग गई जिससे तीन बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई जिसमें किसान करण सिंह का हजारों का नुकसान हो गया करण सिंह नियमों के पर पहुंचकर ट्यूबवेल के पानी से आग पर काबू पाया।

### अन्ना बने गौतम बुद्ध समिति के अध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** गौतम बुद्ध समिति का अरविन्द उर्फ अन्ना को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुन लिया गया। मंगलवार को दिनेश गौतम की एजेंसी पर अरविन्द अन्ना पूर्व सभासद को गौतम बुद्ध समिति का अध्यक्ष बनाया गया हैं। नवनियुक्त अध्यक्ष अरविंद अन्ना ने बताया 1 मई को गौतम बुद्ध की जयंती को बनाया जायेगा। इस अवसर पर गौतम बुद्ध समिति के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गौतम, कार्यक्रम संयोजक मास्टर रामवीर सिंह, विनोद गौतम, विजय कुमार गौतम, शुभम सिंघानिया, अजब सिंह एडवोकेट, मुकेश मुखिया, लवी सागर, तुषार कुमार, आशीष जाटव, हरीश जाटव, रोहतास उर्फ डबलू, मौजूद रहे।

# नोएडा में मजदूरों पर लाठीचार्ज की निंदा

## सपा ने राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** नोएडा में मजदूरों पर दमनकारी कार्रवाई के विरोध में सपा मजदूर सभा ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

बुधवार को सपा मजदूर सभा के कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले दिनों नोएडा में जब श्रमिक मजदूरी बढ़ाने की मांग को प्रदर्शन कर रहे थे तो पुलिस ने उन पर बर्बर तरीके से लाठीचार्ज की। श्रमिक नेताओं को गिरफ्तार कर जेल में डाल दिया। मजदूर सभा के जिलाध्यक्ष मोहम्मद अकरम ने कहा कि प्रदेश सरकार श्रमिकों के हकों को लाठी के दम पर दबाना चाहती है। उन्होंने सरकार से मांग की कि महंगाई को देखते हुए श्रमिकों की मजदूरी को तत्काल बढ़ाया जोय। राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा गया। जिसमें सरकार से मांग की गयी कि वह श्रमिकों से बात कर उनकी



जायज मांगों को पूरा करे। ज्ञापन देने वालों में जिताम्बर सिंह यादव, मुख्तार नकवी, मुमताज अली, राधे लाल रघुवंशी, नवनीत गोला, आल. ेमीन सैफी आदि मौजूद रहे।

# वार्ड में काम को लेकर भिड़े सभासद

## एक सभासद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** दो सभासदो के सरेराह आपस में भिड़ने से अफरा तफरी मच गई। पुलिस ने एक पक्ष की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

मंगलवार की शाम संभल बस स्टैंड चौराहा के समीप दो सभासद आपस में भिड़ गये। देखते ही देखते वहां पर मारपीट शुरू हो गई। उसके बाद मौके पर जमा भीड़ ने सभासदों को वहां से हटा दिया। कुछ ही देर के बाद सभासद शाहनवाज अंसारी अन्य सभासदों के साथ कोतवाली पहुंच गये। सभासद ने पुलिस को दूसरे सभासद जाहिद बंजारा के खिलाफ मारपीट किये जाने का आरोप लगाते हुए तहरीर दे दी। सभासद शाहनवाज अंसारी ने बताया वह बाइक पर आ रहे थे। जाहिद अली ने उन्हें रोक लिया। उनका गिरेबान पड़कर उनकी लात घुसो से पिटाई की है। शाहनवाज अंसारी ने बताया जाहिद अंसारी मारपीट करते समय कह रहे थे नगर पालिका के सारे काम तेरे वार्ड में हो रहे हैं मेरे में नहीं हो रहे हैं। घटना के विरोध में कई अन्य सभासद पीड़ित पक्ष के समर्थन में कोतवाली पहुंच गये। पुलिस ने सभासद जाहिद बंजारा के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुक. दमा दर्ज कर लिया है।

# नहर किनारे तेंदुआ दिखाई देने से ग्रामीणों में दहशत

## वीडियो सोशल मीडिया पर हुआ वायरल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** अमरोहा के नौगांव सादात थाना क्षेत्र में रामगंगा पोशक नहर किनारे एक तेंदुआ देखा गया। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिससे इलाके में दहशत फैल गई है।

यह घटना अलीपुर कलां गांव के पास हुई। नहर के पास से गुजर रहे एक राहगीर ने अपने मोबाइल फोन से तेंदुए की तस्वीरें और वीडियो रिकॉर्ड कर लिया। इस घटना के बाद से ग्रामीण खेतों पर जाने से भी कतरा रहे हैं। स्थानीय निवासियों के अनुसार, रामगंगा पोशक नहर का यह क्षेत्र कई वर्षों से तेंदुओं का ठिकाना रहा है। यहां अक्सर तेंदुए दिखाई देते रहते हैं, जिससे ग्रामीणों में भय का माहौल बना रहता है। वन विभाग ने बताया कि उन्हें इस क्षेत्र में तेंदुए की मौजूदगी की सूचनाएं लगातार मिलती रहती हैं। विभाग ने क्षेत्र के लोगों से सतर्कता बरतने की अपील की है। वन विभाग के दरोगा केपी सिंह ने जानकारी दी कि ग्रामीणों को विशेष सतर्कता बरतने की अपील की है उन्होंने यह भी कहा कि यदि आवश्यक हुआ तो तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरा भी लगाया जाएगा।

# बच्चों ने लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

## एएसएम मार्डन एकेडमी में मना पृथ्वी दिवस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**जोया।** एएसएम मॉडर्न एकेडमी में पृथ्वी दिवस पर बच्चों ने विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

एएसएम मॉडर्न एकेडमी में पृथ्वी दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में "हमारी शक्ति, हमारा ग्रह" थीम के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने पोस्टर मेकिंग, वृक्षारोपण और स्लोगन गतिविधियों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। बच्चों ने भारत को प्लास्टिक मुक्त बनाने और स्वच्छ रखने की शपथ भी ली। विद्यालय के प्रबंधक वीरेन्द्र कुमार गुप्ता ने बच्चों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि पृथ्वी को हरा-भरा और स्वच्छ बनाए रखने के लिए सभी को मिलकर प्रयास करने चाहिए। वहीं प्रधानाचार्या आशा रस्तोगी ने भी बच्चों को पर्यावरण संरक्षण



के प्रति जागरूक करते हुए विभिन्न अभियानों की जानकारी दी और प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संच. ालन चेतना सागर और रविन्द्र कुमार ने किया। इस दौरान विद्यालय स्टाफ व अन्य सहयोगियों का भी योगदान रहा।

# महिलाओं ने निकाली आक्रोश रैली

## पुतला फूंककर जताया विरोध



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** बुधवार को भाजपा युवा मोर्चा के बैनर तले नगर में महिलाओं और कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। महिला सम्मान और महिला आरक्षण के समर्थन में यह आक्रोश रैली नगर पालिका परिषद से शुरू होकर होली पार्क चौराहे तक निकाली गई। रैली में बड़ी संख्या में महिलाओं ने हिस्सा लिया और हाथों में तख्तियां लेकर नारेबाजी की। रैली का नेतृत्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल और अपराजिता क्लब की अध्यक्ष सोनिया अग्रवाल ने किया। महिलाएं पूरे जोश के साथ सड़कों पर उतरीं और कुछ राजनीतिक दलों की नीतियों को महिला विरोधी बताते हुए विरोध जताया। नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने कहा कि भाजपा हमेशा महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा के लिए काम करती आई है। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण का विरोध करने वाली ताकतों को अब नारी शक्ति पहचान चुकी है और आने वाले समय में उन्हें जवाब दिया जाएगा। रैली नगर के मुख्य मार्गों से होती हुई होली पार्क चौराहे पर पहुंची, जहां कार्यकर्ताओं ने विरोध स्वरूप विपक्ष का पुतला फूंका। इस दौरान जमकर नारेबाजी की गई और महिला विरोधी नीतियों के खिलाफ आवाज उठाई गई। कार्यक्रम में प्रत्यक्ष शर्मा, दुलीचंद गिहार, मण्डल उपाध्यक्ष रजनी शर्मा, मीनाक्षी गुप्ता, सभासद सीमा, सरस्वती देवी, संगीता देवी, कविता आदि मौजूद रहीं।

# जमीनी विवाद को लेकर चाचा भतीजे आपस में भिड़े

## दो घायल, वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** जमीन के विवाद में चाचा-भतीजे के बीच खूनी संघर्ष होने से दोनों और से दो लोग घायल हो गये। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव सिरसा गुर्जर में ध्जमीन के एक टुकड़े के लिए खून के रिश्ते सफेद हो गये। गांव निवासी जोगेंद्र पुत्र मलखान का अपने सगे चाचा सुखदेव व बलवंत से भूमि विवाद चल रहा है। मंगलवार को दोनों पक्षों के बीच विवाद होने लगा।देखते ही देखते चाचा और भतीजे के दो पक्ष आपस में भिड़ गये। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों ओर से जमकर लाठी-डंडे चले। मारपीट के दौरान वहां मौजूद किसी ग्रामीण ने इस पूरी घटना का वीडियो बना लिया। जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में दोनों पक्ष एक-दूसरे पर बेरहमी से लाठियां बरसाते नजर आ रहे हैं। चीख-पुकार और हंगामे के बीच गांव में अफरा-तफरी का माहौल पैदा हो गया।।घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल भेज दिया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है। कोतवाल राजेश कुमार तिवारी ने बताया पुलिस को दोनों पक्षों की ओर से शिकायतें मिली है। मामले की जांच की जा रही है।

# गर्भपात करवाने में सहयोगी बनी महिला को भेजा जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** रेप के बाद किशोरी का गर्भपात कराने वाली आरोपी महिला को पुलिस ने गिरफ्तार कर कोर्ट के समक्ष पेश कर दिया।आदमपुर थाना क्षेत्र में पिछले दिनों एक सनसनी खेज मामला प्रकाश में आया था।

पूरा मामला एक किशोरी के साथ हुई दरिंदगी से जुड़ा है। आरोप है कि क्षेत्र के ही एक युवक ने किशोरी के साथ रेप की वारदात को अंजाम दिया था। जिसके बाद वह गर्भवती हो गई थी। इस करतूत को छिपाने के लिए आरोपी युवक ने अपनी बहन कुसुम के साथ मिलकर किशोरी का जबरन गर्भपात करवा दिया था। पुलिस इस मामले में मुख्य आरोपी युवक को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। लेकिन उसकी बहन कुसुम लगातार फरार चल रही थी। बुधवार को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कुसुम को दबोचा लिया। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश कर दिया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

# RR ने LSG को 160 रन का टारगेट दिया

### जडेजा ने 43 रन बनाएय पहले ओवर में बडोनी शून्य पर रनआउट हुए




**लखनऊ, वार्ता।** राजस्थान रायल्स ने आईपीएल 2026 के 32वें मैच में लखनऊ सुपर जाएंट्स को 160 रन का टारगेट दिया। इकाना स्टेडियम में बुधवार को लखनऊ ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। राजस्थान ने 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 159 रन बनाए। राजस्थान के लिए सबसे ज्यादा नाबाद 43 रन रवींद्र जडेजा ने बनाए। 15 साल के ओपनर वैभव सूर्यवंशी बड़ी पारी नहीं खेल सके और सिर्फ 8 रन बनाकर आउट हो गए। उन्हें मोहसिन खान ने दिग्वेश राठी के हाथों कैच कराया।

वहीं, गेंदबाजी में मोहम्मद शमी, मो. हसिन खान और प्रिंस यादव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 2-2 विकेट झटके। इससे पहले वैभव ने चौका लगाकर आईपीएल में 227 गेंदों पर 500 रन पूरे किए। वे लीग में सबसे कम गेंदों पर यह कारनामा करने वाले बैटर बने। उन्होंने आंद्रे रसेल का रिकार्ड तोड़ा। रसेल ने 244 गेंदों पर अपने पहले 500 रन बनाए थे। रवींद्र जडेजा ने अंतिम ओवर में 3 बाउंड्री लगाई। मयंक यादव के ओवर में जडेजा ने 4, 2, 4, 2, 2 और आखिरी गेंद पर छक्का लगाकर कुल 20 रन बटोर लिए। आखिरी गेंद पर जडेजा ने फाइन लेग के ऊपर पुल शाट खेलकर छक्का जड़ा और टीम का स्कोर 159/6 तक पहुंचा दिया। 19वें ओवर में प्रिंस यादव की बाल पर इम्पैक्ट प्लेयर शुभम दुबे ने दो चौका लगाया। इस ओवर में कुल 12 रन बने। प्रिंस यादव ने 16 वें ओवर में डोनोवन फरेरा को पवेलियन भेजा। आफ साइड के बाहर धीमी और शार्ट गेंद पर फरेरा ने बड़ा शाट खेलने की कोशिश की, लेकिन गेंद बल्ले के ऊपरी किनारे से लगकर हवा में चली गई। थर्ड मैन पर खड़े मोहसिन खान ने पीछे की ओर कदम लेते हुए शानदार कैच लपका। अंपायर्स ने कैच की जांच भी की, लेकिन रिप्ले में साफ हुआ कि उनका पैर बाउंड्री रोप से नहीं लगा था।

इस तरह फरेरा 19 गेंदों में 20 रन बनाकर आउट हुए। मयंक यादव की धीमी गेंद पर जडेजा ने स्क्वेयर लेग की ओर खेलकर एक रन लिया। इसके बाद दूसरे रन के लिए बड़ी गलतफहमी देखने को मिली। जडेजा ने पहले रन के लिए काल किया, फिर अपने साथी डोनोवन फरेरा को वापस भेज दिया, जो आधे रास्ते तक पहुंच चुके थे। डीप से निकोलस पूरन का थ्रो काफी खराब रहा, जिसके बाद ;षभ पंत ने गेंद पकड़कर बेल्स उड़ाई, लेकिन वह भी संतुलन खो बैठे। इस बीच फरेरा ने डाइव लगाकर क्रीज में वापसी कर ली। 15वें ओवर में मयंक यादव की धीमी गेंद पर जडेजा ने लॉन्ग-ऑन की बाईं ओर शाट लगाकर 2 रन पूरे किए। इसी के साथ राजस्थान की टीम ने अपने 100 रन भी पूरे कर लिए। 13वें ओवर में मोहम्मद शमी की गेंद पर डोनोवन फरेरा को जीवनदान मिला।

लेग साइड पर फुल गेंद को फरेरा ने डीप बैकवर्ड स्क्वेयर लेग की ओर खेला, जहां मयंक यादव ने कैच का गलत अंदा. जा लगा लिया। मयंक आगे की ओर दौड़े, जबकि गेंद उनके ऊपर से निकल गई और बाउंड्री पार कर गई। इस गलती से शमी काफी निराश दिखे। दिग्वेश राठी ने 12वें ओवर में शानदार कंट्रोल दिखाते हुए बल्लेबाजों को खुलकर खेलने का मौका नहीं दिया। पूरे ओवर में सिर्फ 3 रन ही आए। रवींद्र जडेजा और डोनोवन फरेरा स्ट्राइक रोटेट करने की कोशिश जरूर करते रहे, लेकिन बड़े शाट का मौका नहीं मिल पाया।

# आतिशी शतक लगाकर अभिषेक ने किया ऑरेंज कैप पर कब्जा

**हैदराबाद, वार्ता।** अभिोक शर्मा ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) इतिहास का पांचवां सबसे बड़ा व्यक्तिगत स्कोर करते हुए 68 गेंदों में नाबाद 135 रन बनाकर ऑरेंज कैप तालिका में शीर्ा पर पहुंच गए है।

यह उनका नौवां टी-20 शतक, उन्हें इस सीजन सात पारियों में 323 रन बना लिए। अभिोक से तीन रन पीछे हाइनरिक क्लासन ऑरेंज कैप टेबल में दूसरे स्थान पर हैं। उन्होंने इस मैच में 13 गेंदों में नाबाद 37 रन बनाए और तीसरे विकेट के लिए अभिोक के साथ 32 गेंदों में 66 रन की साझेदारी की। तीसरे स्थान पर गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल हैं, जिनके पांच पारियों में 265 रन हैं। उनके बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के विराट कोहली और राजस्थान रॉयल्स के वैभव सूर्यवंशी हैं। इस मामले में शीर्ा दस में इशान किशन (एसआरएच), रजत पाटीदार (आरसीबी), कूपर कॉनॉली, यशस्वी जायसवाल और प्रियांश आर्या शामिल हैं। पर्पल कैप की बात की जाए तो इस पर अभी चेन्नई सुपर किंग्स के अंशुल कम्बोज का कब्जा है। वहीं इशान मलिगा ने टी-20 क्रिकेट में अपना तीसरा 4-विकेट हॉल लिया और इससे वह इस आईपीएल सीजन में सबसे अधिक विकेट लेने वालों की सूची में संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर पहुंच गए। उनके अब 12 विकेट हैं, जबकि जीटी के प्रसिद्ध कृणा के भी 12 विकेट हैं। पर्पल कैप अभी भी चेन्नई सुपर किंग्स के अंशुल कम्बोज के पास है, जिनके नाम 13 विकेट हैं।

## खेल विशेष

### वीनस विलियम्स को लगातार 10वीं हार का सामना करना पड़ा

**मैड्रिड, वार्ता।** पूर्व विश्व नंबर एक वीनस विलियम्स को मैड्रिड ओपन में कैटलिन क्वेवेडो के हाथों 6-2, 6-4 से हार का सामना करना पड़ा, जिसके साथ ही उन्होंने अपना लगातार 10वां सिगल्स मैच गंवा दिया। 45 वर्ीय विलियम्स 1975 में रैंकिंग शुरू होने के बाद से लगातार 10 मैच हारने वाली पहली पूर्व नंबर एक खिलाड़ी बन गई हैं। इस अनुभवी खिलाड़ी ने आखिरी बार पिछले साल जुलाई में वाशिगटन ओपन में अपनी हमवतन अमेरिकी खिलाड़ी पेटन स्टर्न्स को हराकर कोई मैच जीता था। विलियम्स ने 2000 और 2008 के बीच पांच बार विबलडन जीता और दो बार यूएस ओपन भी अपने नाम किया। बीबीसी स्पोर्ट के अनुसार, ग्रैंड स्लैम में सबसे ज्यादा बार हिस्सा लेने का रिकॉर्ड उन्हीं के नाम है, इस साल का ऑस्ट्रेलियन ओपन उनका 95वां टूर्नामेंट था।

### श्रीलंका महिला टीम ने बंगलादेश को चार विकेट से हराया

**राजशाही, वार्ता।** चामरी अटापट्टू (तीन विकेट और 40 रन), हर्ीता समरविक्रमा (50) और हंसिमा करुणरत्ने (40) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत श्रीलंका की महिला टीम ने बुधवार को दूसरे एक दिवसीय मुकाबले में बंगलादेश को 70 गेंदों शो रहते चार विकेट से हरा दिया। आज यहां बंगलादेश की महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। कप्तान चामरी अटापट्टू की अगुवाई में श्रीलंकाई गेंदबाजों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए बंगलादेश की पूरी टीम को 45 -5 ओवरों में 165 रन के स्कोर पर समेट दिया। कप्तान निगार सुल्ताना ने सर्वाधिक 58 रनों की पारी खेली। सरमिन सुल्ताना ने (25), नाहिदा अख्तर ने (20) रितु मोनी ने (17), शोर्ना अख्तर (16) और राबिया खान ने (15) रनों का योगदान दिया। शो बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। श्रीलंका महिला टीम की ओर से चामरी अटापट्टू ने तीन विकेट लिए।

### मेजबान भारत, बंगलादेश और मालदीव के साथ एक ही ग्रुप में

**नई दिल्ली, वार्ता।** बंगलाद.ेश के ढाका में सैफ सचिवालय में हुए ड्रॉ के बाद, भारतीय महिला राट्रीय टीम को सैफ महिला चैंपियनशिप 2026 के ग्रुप बी में बंगलादेश और मालदीव के साथ रखा गया है। यह टूर्नामेंट 25 मई से 6 जून, 2026 तक गोवा के मडगांव में आयोजित किया जाएगा। ग्रुप ए में नेपाल, श्रीलंका और भूटान शामिल हैं। हर ग्रुप से शीर्ा दो टीमें सेमी-फाइनल में जगह बनाएंगी। सैफ महिला चैंपियनशिप 2026 के सभी मैचों का आयोजन पंडित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में किया जाएगा। यह दूसरी बार होगा जब भारत सैफ महिला चैंपियनशिप की मेजबानी करेगाद्ध इससे पहले 2016 में पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी में आयोजित संस्करण में 'ब्लू टाइग्रेस' ने अपना चौथा खिताब जीता था। यह दूसरी बार होगा जब गोवा किसी सैफ टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा।

# टेस्ट पॉजिटिव आने के बाद नवाज की जांच चल रही है: पीसीबी

**लाहौर, वार्ता।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने बुधवार को कहा कि मोहम्मद नवाज के मादक पदार्थ सेवन की टेस्ट रिपोर्ट पॉजिटीव आने के बाद इस मामले में जांच चल रही है। पीसीबी के प्रवक्ता ने बताया कि अंतर्राट्रीय क्रिकेट परिाद (आईसीसी) ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) को इस मामले की जानकारी दी है और पीसीबी ने जरूरी प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस प्रक्रिया के नतीजे आज आईसीसी को बता दिए जाएंगे। मोहम्मद नवाज आईसीसी की एंटी-डोपिग प्रक्रिया के दायरे में है।

उनका टेस्ट एक 'रिक्रिएशनल ड्रग' (नशे वाली दवा) के इस्तेमाल के लिए पॉजिटिव आया है। इसके कारण इंग्लैंड में होने वाले टी-20 ब्लास्ट के लिए सरे टीम में शामिल होने का नवाज का करार टूट गया है। नवाज ने पाकिस्तान के लिए 98 टी-20 मैच खेले हैं। उल्लेखनीय है कि यह पॉजिटिव नतीजा इस साल की शुरुआत में टी-20 वर्ल्ड कप के दौरान किए गए टेस्ट से आया है। 32 साल के नवाज ने श्रीलंका में पाकिस्तान के सभी सात मैचों में हिस्सा लिया था, जहां टीम सुपर-8 स्टेज से बाहर हो गई थी, इन मैचों में उन्होंने 15 रन बनाए और सात विकेट लिए। नवाज ने सरे के साथ करार करने पर सहमति जताई थी, और उन्हें पूरे ब्लास्ट टूर्नामेंट के लिए उपलब्ध रहना था, जो 26 मई से 18 जुलाई तक चलेगा। पीसीबी ने दो हफ्ते पहले घोाणा की थी कि नवाज को ब्लास्ट के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) दे दिया गया है, और सरे ने इस हफ्ते उनके टीम में शामिल होने की घोाणा करने की योजना बनाई थी।

# मुम्बई बनाम चेन्नई के ब्लॉकबस्टर मुकाबले में धोनी व जैक्स की वापसी तय



**मुंबई, वार्ता।** महेंद्र सिंह धोनी और विल जैक्स गुरुवार रात वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के बीच होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के बड़े मुक.ाबले के लिए वापसी करने को तैयार दिख रहे हैं।

कल होने वाले मुकाबले धोनी की मौजूदगी संघ्रा कर रही सीएसके टीम के लिए एक बड़ा सहारा बन सकती है। 44 साल के इस अनुभवी खिलाड़ी ने मंगलवार को वानखेड़े में अभ्यास किया। उन्होंने करीब आधे घंटे तक विकेटकीपिग की और फिर 30 मिनट तक बिना किसी परेशानी के बल्लेबाजी का अभ्यास किया। प्री-सीजन शिविर के दौरान पिडली में खिचाव से उबर रहे धोनी में किसी भी तरह की परेशानी के कोई लक्षण नहीं दिखे और वह मैच के लिए पूरी तरह तैयार नजर आए। सीएसके इस समय अंक तालिका में आठवें स्थान पर है, उसने छह मैचों में से केवल दो मैच जीते हैं, ऐसे में धोनी की वापसी टीम के बल्लेबाजी क्रम को बहुत जरूरी स्थिरता और अनुभव दे सकती है। वहीं मुम्बई इंडियंस (एमआईल) की बात जाए जैक्स के लंबे समय से इंतजार हो रहे आगमन से टीम में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। इंग्लैंड के इस ऑलराउंडर ने 2026 टी-20 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन किया था और चार बार 'प्लेयर ऑफ द मैच' का खिताब जीता था। पहले छह मैच न खेल पाने के बाद वह अब टीम से जुड़ गए हैं। उन्होंने सोमवार शाम को वानखेड़े में ट्रेनिग की और मंगलवार को रात की रोशनी में होने वाले सेशन के लिए भी लौटे, जहां उन्होंने बल्ले और गेंद, दोनों के साथ काफी समय बिताया। जैक्स के टीम में शामिल होने से एमआई का संतुलन मजबूत हो गया है।

# मुंबई-चेन्नई मुकाबले से पहले धोनी का तूफान




**मुंबई, वार्ता।** वानखेड़े की रोशन रोशनी में, मुंबई इंडियंस बनाम चेन्नई सुपर किंग्स का मुक.ाबला एक बार फिर इतिहास, प्रतिद्वंद्विता और भावनाओं के भारी बोझ के साथ आ रहा है। लेकिन इस बार, यह मुकाबला लीग सीजन का एक आम अध्याय कम, और दो अलग-अलग युगों की टक्कर ज्यादा लग रहा है, जो बिल्कुल हमारी आंखों के सामने हो रही है।

इन सबके केंद्र में हैं महेंद्र सिंह धोनी। उनके शामिल होने की जरा सी भी चर्चा ने ही इस मुक.ाबले के इर्द-गिर्द की पूरी बातचीत का रुख बदल दिया है। लंबे समय तक बैटिंग प्रैक्टिस और विकेटकीपिग ड्रिल की खबरों ने इस उत्सुकता को और भी बढ़ा दिया है। चाहे यह सिर्फ एक प्रतीकात्मक मौजूदगी हो, कोई रणनीतिक फैसला हो, या सीजन के आखिर में एक छोटी सी झलक हो, धोनी की मौजूदगी हमेशा एक अलग ही स्तर पर काम करती है, आंकड़ों से परे, टीम में चुने जाने की बहसों से परे, और लगभग समय से भी परे। ऐसे मुकाबलों में, वह अब सिर्फ एक खिलाड़ी नहीं रह जाते, वह भावनाओं का वह केंद्र बन जाते हैं, जिसके इर्द-गिर्द सारी उम्मीदें घूमती हैं। लेकिन चेन्नई के लिए, क्रिकेट की असलियत कहीं ज्यादा मुश्किल है। कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ एक मुश्किल दौर से गुजर रहे हैं, टॉप ऑर्डर में बार-बार नाकाम होने से एक गहरी चिंता सामने आ रही है, टूर्नामेंट के इस अहम पड़ाव पर सीएसके लगातार बैटिंग की लय बनाने में नाकाम साबित हो रही है। मुद्दा सिर्फ 'फॉर्म' का नहीं, बल्कि 'फ्लो' (बहाव) का है। एक ऐसी टीम जो पारंपरिक रूप से स्थिरता पर टिकी रही है, अब दबाव में आकर अच्छी साझेदारियों, गति और स्पटता की तलाश में भटक रही है। चोटों और टीम में चुने जाने को लेकर बनी अनिश्चितता ने इस उथल-पुथल को और भी बढ़ा दिया है, जिसकी वजह से टीम में लगातार फेरबदल और नए-नए प्रयोग करने पड़ रहे हैं। दूसरी तरफ, मुंबई इंडियंस इस सीजन के एक अहम पड़ाव पर आकर अपनी पुरानी प्रतिस्पर्धी पहचान को फिर से हासिल करने लगी है।

गुजरात टाइटंस के खिलाफ उनका पिछला मुकाबला सिर्फ एक जीत ही नहीं थी, बल्कि यह उनके इरादों का एक जोरदार ऐलान था। तिलक वर्मा ने एक यादगार पारी खेली, शुरुआत में लय पाने के लिए संघ्रा करने के बावजूद, उन्होंने जबरदस्त नियंत्रण और इरादे के साथ खेलते हुए एक शानदार शतक जड़ा। उनकी इस पारी ने मैच का रुख पूरी तरह से बदल दिया, एमआई की धीमी और संभली हुई शुरुआत को एक ऐसे विशाल स्कोर में बदल दिया, जिससे विरोधी टीम फिर कभी उबर नहीं पाई। गेंदबा.जी में, अश्विनी कुमार ने एक ऐसी शानदार परफॉर्मेंस दी, जिसने मुकाबले को पूरी तरह से एमआई के पक्ष में झुका दिया। उनके चार विकेटों के झटके ने गुजरात के बैटिंग ऑर्डर की कमर तोड़ दी, उन्होंने मैच के अहम पड़ावों पर साझेदारियों को तोड़ा और एमआई की एक बड़ी जीत पक्की कर दी। यह शानदार तालमेल - एक अनुभवी बल्लेबाज का आगे बढ़कर जिम्मेदारी उठाना और एक युवा गेंदबाज का दबाव में भी बेहतरीन प्रदर्शन करना-मुंबई की टीम में एक नई उम्मीद और आत्मविश्वास भर गया है। जसप्रीत बुमराह ने भी अपना दबदबा फिर से बनाना शुरू कर दिया है, उन्होंने उस बॉलिग यूनिट में फिर से कंट्रोल और अनुशासन ला दिया है, जो तब सबसे अच्छा प्रदर्शन करती है जब लय और सटीकता का मेल होता है। तो, जो मुकाबला सामने आता है, वह कई परतों वाला है।

# बंगलादेश को हराकर श्रीलंका की महिला टीम ने सीरीज में बराबरी की

**राजशाही, वार्ता।** कप्तान चामरी अटापट्टू (तीन विकेट और 40 रन), हर्ीता समरविक्रमा (50) और हंसिमा करुणरत्ने (40) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत श्रीलंका की महिला टीम ने बुधवार को दूसरे एक दिवसीय मुकाबले में बंगलादेश को 70 गेंदों शो रहते चार विकेट से हरा दिया। इसी के साथ श्रीलंका ने तीन मैचों की सीरीज में 1-1 से बराबरी कर ली है।

चामरी अटापट्टू को उनके बेहतरीन प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार मिला। आज यहां बंगलादेश की महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। कप्तान चामरी अटापट्टू की अगुवाई में श्रीलंकाई गेंदबाजों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए बंगलादेश की पूरी टीम को 45 -5 ओवरों में 165 रन के स्कोर पर समेट दिया। कप्तान निगार सुल्ताना ने सर्वाधिक 58 रनों की पारी खेली।

सरमिन सुल्ताना ने (25), नाहिदा अख्तर ने (20), रितु मोनी ने (17), शोर्ना अख्तर (16) और राबिया खान ने (15) रनों का योगदान दिया। शो बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। श्रीलंका महिला टीम की ओर से चामरी अटापट्टू ने तीन विकेट लिए। मल्की मदारा, निमाशा मीपेज और इनोका राणावीरा को दो-दो विकेट मिले। कविशा दिलहारी ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद बललेबाजी करने उतरी श्रीलंका ने 38-2 ओवरों में विकेट छह पर 166 रन बनाकर मुकाबला चार विकेट से अपने नाम लिया।

# अभिषेक का रन आउट और कैच छोड़ना भारी पड़ा: अक्षर पटेल



**हैदराबाद, वार्ता।** आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद से मिली हार से निराश नजर आ रहे दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल ने कहा कि अभिोक शर्मा का रन-आउट और कैच छोड़ना हमें भारी पड़ा - अगर हमने उसे पकड़ लिया होता, तो हम उन्हें रोक सकते थे। सलामी बल्लेबाज अभिोक शर्मा के 68 गेंदों पर 10 चौकों और 10 छक्कों से सजे नाबाद 135 रन की बदौलत सनराइजर्स हैदराबाद ने दिल्ली कैपिटल्स को मंगलवार को 47 से करारी शिकस्त दे दी।

अभिोक को 49 रन पर एक लाइफलाइन मिली जब विकेटकीपर के एल राहुल ने एक आसान रन-आउट का मौका गंवा दिया। उन्हें 87 रन के स्कोर पर नीतीश राणा ने भी बॉउंड्री पर कैच टपकाकर जीवनदान दिया। अक्षर ने मैच के बाद प्रेजेंटेशन में कहा कि लेकिन हां, अगर कोई इतनी अच्छी बैटिंग करता है, और उनके एग्जीक्यूशन में कोई कमी नहीं है, तो ऐसे परफॉर्मेंस का क्रेडिट मिलना चाहिए। क्लासेन ने भी जिस तरह से दूसरी तरफ से बैटिंग की, उसे देखते हुए यह बॉलर की गलती नहीं है। जब कोई बैट्समैन इस तरह बैटिंग करता है, तो कोच और कैप्टन को यह मानना होगा कि कैप्टन भी किसी को नहीं रोक सकता। मैं बॉलर्स से भी यही कह रहा था, कि अगर तुमने अच्छा एग्जीक्यूट किया, और उसके बाद भी उसने अच्छा शॉट मारा, तो तुम कुछ नहीं कर सकते। तुम्हें पता है, तुम्हें आगे बढ़ना होगा। कप्तान ने कहा कि फील्डिंग एरिया तुम्हारे हाथ में है। कैचिंग और रन-आउट - ए तुम कर सकते हो। और तुम्हें पता है, ऐसे समय में बॉलर को सपोर्ट करना बहुत जरूरी होता है।

# खुद को सिर्फ दो ओवर देने के लिए फिंच ने की अक्षर की कड़ी आलोचना

**हैदराबाद, वार्ता।** दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के पास आईपीएल में सबसे मजबूत स्पिन-बॉलिग जोड़ियों में से एक जोड़ी है, जहां उनके कप्तान अक्षर पटेल और कुलदीप यादव साथ खेलते हैं।

एक डिफेंस करने में एक्सपर्ट है, जबकि दूसरा ऐसा रिस्ट स्पिनर है, जिसे बल्लेबाज हमेशा हाथ से पढ़ नहीं पाते। फिर भी सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के खिलाफ हार में दोनों ने मिलकर सिर्फ चार ओवर डाले। आरोन फिंच ने ईएसपीएन क्रिकइंफो के टाइम आउट शो में कहा कि हम सब सिर खुजा रहे हैं, है ना? आपके दो भारतीय प्रीमियर स्पिनर कप्तान अक्षर पटेल (2-0-23-1) और कुलदीप यादव (2-0-30-0) दोनों ने मिलकर सिर्फ चार ओवर डाले, जबकि पार्ट-टाइम ऑफ स्पिनर नितीश राणा ने चार ओवर डाले। मेरे लिए इसका कोई मतलब नहीं बनता। राणा, जो डीसी के पिछले दो मैचों में नहीं खेले थे, एसआरएच के खिलाफ गेंदबाजी की शुरुआत करने आए। आईपीएल में उनके 122 मैचों में यह 27वीं बार था,

जब उन्होंने गेंदबाजी की और सिर्फ दूसरी बार उन्होंने अपना पूरा कोटा डाला। डीसी की टीम साफ तौर पर ऐसे गेंदबाज को चाहती थी, जो गति कम करे और अभिोक शर्मा व ट्रैविस हेड से गेंद दूर टर्न कराए। डीसी के प्रमुख स्पिनर गेंद को बाएं हाथ के बल्लेबाजों के लिए अंदर की तरफ लाते हैं, और जब एक बल्लेबाज (अभिोक शर्मा) पूरी पारी खेल रहा था, तो अक्षर को मौके पर सोचकर फैसले लेने पड़े। फिंच ने डीसी की मुश्किल को समझा, लेकिन अपनी बात रखने से भी पीछे नहीं हटे। उन्होंने कहा कि यह आपके कप्तान, आपके सीनियर खिलाड़ी, आपके रिटेन खिलाड़ी और आपके सबसे अच्छे भारतीय गेंदबाज की जिम्मेदारी है। वह भारतीय टीम के मुख्य गेंदबा.जों में से एक हैं, यह छोटी बात नहीं है। वह दो बार विश्व कप जीत चुके हैं। तो अगर वह दबाव में खुद पर भरोसा नहीं करते और बाएं हाथ के बल्लेबाजों के खिलाफ खुद को बचाने की को.शिश करते हैं, तो यह उनके रवैए के बारे में ज्यादा बताता है।

इसलिए मुझे लगता है कि हम यहीं बेहतर कर सकते थे।

(आगे होने वाले संभावित बदलावों पर) नहीं, अभी ऐसा नहीं लग रहा है, क्योंकि जिस तरह का क्रिकेट चल रहा है - अगर तुम देखो,

तो जाहिर है हम अच्छी बैटिंग और अच्छी बॉलिग कर रहे हैं। मुझे लगता है कि जब विकेट इतना अच्छा हो, तो इसे खराब दिन मानकर भूल जाना चाहिए।

# सम्पादकीय

गुरुवार, 23 अप्रैल 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

## आतंक के खात्मे का संकल्प

22 अप्रैल 2025 सामान्य दिनों के जैसे वो भी सुबह रही। हर दिन जैसे कश्मीर आज भी उसी खूबसूरती के साथ पर्यटकों का स्वागत कर रहा था। हालांकि किसी को नहीं पता था कि इस दिन को किसी की नजर लग जाएगी और अचानक से सब बदल जाएगा। आज बुधवार को देशभर में पहलगाम हमले की बरसी पर मृतकों को श्रद्धांजलि दी गई और आतंकवाद को करारा जवाब देने का संकल्प लिया गया। कश्मीर के पहलगाम में स्थित बैसरन (कश्मीर का स्विटजरलैंड) अपने यहां आए आगंतुकों का बांह फैला कर स्वागत कर रहा था। दोपहर के समय कुछ ऐसा हुआ कि देश का हर नागरिक हिल गया। विश्व के सभी देश सन्न रह गए। अचानक दोपहर में कुछ आतंकी आए और निर्दोष लोगों को मार गिराया। इस घटना ने देश को झकझोर कर रख दिया। आतंकियों ने धर्म पूछकर निर्दोष लोगों को मार दिया, जिसकी दुनियाभर में निन्दा की गई और इसके लिए पाकिस्तान में बैठे आतंकियों को जिम्मेदार ठहराया गया। गीता, कुरान, बाइबल और ग्रन्थ साहिब में कहीं भी किसी भी नागरिक को मारने या प्रताड़ित करने की बात नहीं की गई। अगर आतंकी कुरान पढ़ने वाले थे, तो उनका दिल कैसे कठोर हो गया। जबकि आतंकी किसी धर्म के नहीं होते, वे अपने आपको जिहादी भले कहें, लेकिन दुनिया में उनकी इज्जत नहीं है। अब जबकि दुनिया 21 वीं सदी की ओर जा रही है और सबकुछ हाईटेक होता जा रहा है, तो ऐसे मौकों पर आतंक को खत्म करने का संकल्प लेना होगा। क्योंकि यदि ऐसी घटना की पुनरावृत्ति होती है, तो 21वीं सदी की ओर जा रही दुनिया के विकास में रुकावट आ सकती है। पहलगाम में आतंकियों ने कथित तौर पर पर्यटकों से उनका धर्म पूछा, उनसे कलमा पढ़ने को कहा। जब वह ऐसा नहीं कर सके, तो आतंकियों ने उन्हें गोली मार दी। इस घटना में आतंकियों ने 26 निर्दोष लोगों की जान ले ली। इस कायराना हरकत के बाद देश के हर नागरिक का खून उबल रहा था। पहलगाम हमले के बाद दुनिया भर के देशों ने इस कायराना हरकत की निंदा की। पाकिस्तान पोषित आतंकवाद के खिलाफ सभी देशों ने एक सुर में आवाज उठाई। विश्व के कई देशों के नेताओं ने इस घटना पर दुख व्यक्त किया और आतंक के खिलाफ भारत की लड़ाई में साथ रहने का आश्वासन दिया। हालांकि पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ की ओर से इस घटना पर कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। हालांकि इस हमले के बाद पीएम मोदी ने कई जनसभाओं में कहा था कि जिन्होंने यह घोर पाप किया है, उन्हें मिट्टी में मिला दिया जाएगा। इसके बाद सेना अधिकारियों के साथ गोपनीय बैठक कर पीएम मोदी ने पाक के अंदर घुसकर कार्रवाई का आदेश दिया, जिसके बाद सेना ने ऑपरेशन सिंदूर चलाया, जिसमें पाक में बैठे कई आतंकियों को जमींदोज कर दिया और घर मिट्टी में मिला दिए। इसके बाद अपनों को खोने वालों के आंसू पोंछे गए।

## सरकार ने देश की महिलाओं को धोखा दिया



महिला आरक्षण को लेकर मोदी सरकार में जरा भी ईमानदारी है, तो उसे तत्काल संसद की मौजूदा सीटों से ही 33 प्रतिशत आरक्षण महिलाओं को देना चाहिए, कांग्रेस इस मुद्दे को लेकर अत्यंत संवेदनशील है और महिला कांग्रेस के कार्यकर्ता देश की महिलाओं को संसद तथा विधानसभाओं में संसद से पारित आरक्षण कानून को लागू करने की मांग को लेकर अगले दो महीने में 10 लाख पोस्टकार्ड प्रधानमंत्री मोदी को भेजेंगी, भाजपा की मानसिकता कभी महिलाओं को आरक्षण देने तथा उनके साथ न्याय करने की नहीं रही है, यदि पार्टी सच में महिलाओं को आरक्षण देना चाहती है, तो उसे 543 लोकसभा सीटों के आधार पर महिला आरक्षण की व्यवस्था लागू करनी चाहिए, महिला आरक्षण संशोधन विधेयक के जरिये प्रधानमंत्री और उनके नेतृत्व वाली सरकार ने देश की महिलाओं को धोखा दिया है। **–अलका लांबा, अध्यक्ष, महिला कांग्रेस**

## नारी शक्ति वंदन पर राष्ट्र के नाम पीएम का रुंदन भरा संबोधन





निर्मल रानी

मध्य एशिया में छिड़े संघर्ष के परिणामस्वरूप पूरे विश्व में मंहगाई व बेरोजगारी बढ़ती जा रही है। भारत में भी गैस व सिलेंडर के अभाव के कारण लगने वाली लंबी लंबी कतारों के साथ ही हजारों छोटे व मध्यम उद्योगों के बंद होने के समाचार मिल रहे हैं। विभिन्न औद्योगिक नगरियों से कामगारों के ऐसे दर्दनाक दृश्य दिखाई दे रहे हैं जो कोरोना काल के समय हुए प्रवासियों के पलायन की याद दिला रहे हैं। परन्तु हमारे देश की सरकार व यहां के नेता इन वास्तविकताओं से मुंह मोड़कर हमेशा की तरह आज भी श्चुनावी मोड श में हैं। प्राय: ऐसा देखा गया है कि चुनावी बेला में कुछ न कुछ ऐसा शगूफा जरूर छोड़ा जाता है जो सत्ता के पक्ष में, चुनाव को प्रभावित करने, विपक्ष को बदनाम करने, चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन करने तथा सत्ता का दुरुपयोग करने वाला हो परन्तु इन चुनावी महारथियों को इससे कोई फर्क नहीं पड़ता क्योंकि चुनाव आयोग सहित अनेक संस्थाओं पर सत्ता ने अपनी पकड़ मजबूत जो कर ली है?

देश ने पिछले दिनों एक ऐसा ही हाई प्रोफाइल राजनैतिक ड्रामा देखा। केंद्र सरकार ने अचानक 16 से 18 अप्रैल 2026 तक संसद का तीन दिवसीय विशेष सत्र बुला लिया। सरकार की तरफ से पहले तो इस आपात सत्र को बुलाने के कारण को भी सांसदों से गुप्त रखा गया। फिर एन वक्त पर बताया गया कि इस विशेष सत्र का मुख्य उद्देश्य महिला आरक्षण विधेयक जिसे वर्तमान सरकार ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम का नाम दिया है इसे जल्द लागू करने के लिए लोकसभा की सीटों का परिसीमन करना व इनकी संख्या 543 से बढ़ाकर अधिकतम 850 करने संबंधी संशोधन विधेयक पारित कराना है। सरकार का कहना है कि ऐसा करने से 2029 के आम चुनावों से पहले 33 प्रतिशत महिला आरक्षण लागू हो सकेगा। यही बताकर लोकसभा में विगत 17 अप्रैल को 131वां संविधान संशोधन विधेयक सरकार द्वारा पेश किया गया जो मतदान के बाद पारित नहीं हो सका। क्योंकि इस संविधान संशोधन विधेयक को पारित होने के लिए लोकसभा में विशेष यानी दो तिहाई बहुमत की जरूरत थी। गोया वर्तमान में लोकसभा में कुल 543 सदस्य हैं और कुल सदस्यों का सामान्य बहुमत लगभग 272 होता है जोकि सरकार के गठन के लिए तो पर्याप्त है परन्तु संविधान संशोधन के लिए उपस्थित और मतदान करने वालों सदस्यों में दो-तिहाई बहुमत के लिए सामान्यत: 362 या इससे अधिक वोट चाहिए। परन्तु चूंकि केवल 298 मत विधेयक के पक्ष में और 230 इस के विपक्ष में पड़े इसलिए यह विधेयक पारित नहीं हो सका। वैसे भी इतना महत्वपूर्ण विधेयक सदन की पटल पर लाने से पूर्व जिसपर परिसीमन को लेकर चर्चा की जाने थी, सत्ता पक्ष ने विपक्ष से बात करना,सर्वदलीय बैठक बुलाना या विपक्ष को विश्वास में लेना भी जरूरी नहीं समझा।

अब इस नारी शक्ति वंदन नामक विधेयक के गिरने के बाद सत्ता ने एक बड़ा है हाई वोल्टेज ड्रामा शुरू किया जिस के तहत पहले तो प्रधानमंत्री ने कैबिनेट की बैठक में विधेयक गिरने का ठीकरा विपक्ष पर फोड़ा और बाद में प्रधानमंत्री ने श्राष्ट्र के नाम संबोधनश किया जो कि एक रुन्दन भरा व शत प्रतिशत चुनावी भाषण जैसा सम्बोधन था। जनता के टैक्स के पैसों से संचालित होने वाले दूरदर्शन, संसद टी वी व ऑल इंडिया रेडिओ जैसे चौनल्स पर इसे लाइव प्रसारित किया गया। जबकि सत्ता के गुणगान में लगे श्गोदी मीडिया श के अधिकांश निजी चौनल्स ने भी इसे लाईव प्रसारित किया। यह संबोधन पूरी तरह से राजनीति से प्रेरित, विपक्षी दलों को बदनाम करने,कई राज्यों में चल रहे चुनावों के बीच चुनाव को प्रभावित करने वाला तथा चुनाव आचार सं. हता का खुला उल्लंघन था। सही मायने में सरकार की जितनी फजीहत विधेयक के पारित न होने से हुई थी उससे कहीं ज़्यादा इस तथाकथित श्राष्ट्र संबोधन श से हो गई। 18 अप्रैल को श्राष्ट्र के नाम सम्बोधनश के नाम पर दिए गए इस 29 मिनट के चुनावी भाषण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने न केवल चुनाव आचार संहिता का खुला उल्लंघन किया बल्कि अन्य कई विपक्षी दलों के अतिरिक्त 58 बार केवल कांग्रेस पार्टी का नाम लेकर उसे खूब कोसा। इसके बाद देश के 700 से अधिक पूर्व नौकरशाहों व विशिष्ट लोगों ने भारतीय चुनाव आयोग को पत्र लिखकर शिकायत दर्ज कराई कि प्रधानमंत्री के प्रसारण में चुनाव अचार संहिता की धज्जियां उड़ाई गईं और प्रधानमंत्री का भाषण चुनाव अचार संहिता का सरासर उल्लंघन है। क्योंकि चुनाव अचार संहिता के लागू होने के बावजूद सरकारी टीवी प्रसारण के द्वारा चुनाव प्रचार किया गया और पार्टी प्रोपेगैंडा करने के लिए सरकारी मास मीडिया प्लेटफार्म का दुरूपयोग किया गया जोकि चुनाव नियमों का गंभीर उल्लंघन है। निश्चित रूप से देश के इतिहास में यह पहला मौका था जबकि किसी प्रधानमंत्री ने केवल विपक्ष को बदनाम करने व उसकी आला. ेचना करने के लिए श्राष्ट्र को संबोधितश करने के बहाने इस तरह से सरकारी प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल किया हो। इसके बाद मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने जिस तरह आंकड़ों व तथ्यों के साथ भाजपा को आइना दिखाना शुरू किया उससे तो भाजपाइयों के लेने के देने पड़ गए। ,सबसे पहले तो कांग्रेस ने कहा कि जो महिला आरक्षण विधेयक पहले ही संसद में पारित हो चुका है उसे पुन: पारित करने का अर्थ क्या है ? नेता विपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि ए दरअसल महिला आरक्षण विधेयक नहीं है बल्कि भारत के वर्तमान चुनावी ढांचे को बदलने की साजिश है। राहुल गांधी ने कहा कि यदि प्रधानमंत्री महिला आरक्षण चाहते हैं तो 2023 का पारित हो चुका महिला विधेयक लाएं और उसे आज ही लागू करें तो पूरा विपक्ष समर्थन देगा। साथ ही इस विधेयक के गिरने के बाद महिलाओं की हमदर्दी में घड़ियाली आंसू बहाने व विपक्ष पर ही हमलावर होने वाली भाजपा से इसी विपक्ष ने ऐसे सवाल पूछने शुरू कर दिए जिसका भाजपा के लफ्फाजी नेताओं के पास कोई जवाब नहीं।

महिला आरक्षण के इन स्वयंभू सत्ताधारी हमदर्दों से विपक्ष ने यह भी पूछा कि सबसे ज़्यादा सांसद होने के बाद भी बीजेपी की महिला सांसदों की संख्या का अनुपात अन्य राजनैतिक दलों की तुलना में सबसे कम क्यों है ? गौरतलब है कि वर्तमान लोकसभा में बीजेपी के 240 लोकसभा सांसदों में केवल 31 महिलाएं हैं अर्थात उनकी संख्या मात्र 12.90 प्रतिशत है। जबकि कांग्रेस के 98 सांसदों में 14 यानी 14.30 प्रतिशत इसी प्रकार टीएमसी के 29 में 11 महिला सांसद यानी 37.90 प्रतिशत महिलाएं हैं। इसी तरह समाजवादी पार्टी में भी 37 में 5 यानी 13.50 प्रतिशत महिला सांसद हैं। इसके साथ ही कांग्रेस ने भाजपा का यह चिठा भी खोलकर रख दिया कि भाजपा के शासन में यहां तक कि स्वयं अनेक भाजपा नेताओं द्वारा नारियों का किस तरह शोषण व अपमान किया गया है व किया जा रहा है। इसलिए यह कहना गलत नहीं होगा कि नारी शक्ति वंदन विधेयक के गिरने पर प्रधानमंत्री का राष्ट्र के नाम रुन्दन भरा संबोधन कोरी राजनीति,आचार संहिता का उल्लंघन ,जनता के टैक्स के पैसों का दुरूपयोग और भाजपा की हताशा के सिवा और कुछ नहीं था।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## ईरानी मीडिया में पाकिस्तान की किरकिरी

**एक तरफ वह आतंकवाद विरोधी सहयोग की बात करता है, वहीं दूसरी ओर विरोधी तत्वों को समर्थन देता है। मैकमास्टर ने कहा कि भारत द्वारा लंबे समय से उठाए जा रहे ये मुद्दे नए नहीं हैं। पाक 1940 के दशक के अंत से ही आतंकवादी संगठनों को अपनी विदेश नीति के औजार के रूप में इस्तेमाल करता रहा है। उन्होंने चीन-ईरान संबंधों का जिक्र करते हुए कहा कि बीजिंग की आर्थिक मदद तेहरान के लिए अहम है। चीन ईरान के तेल का करीब 90 प्रतिशत खरीदता है, जिससे वहां की सरकार को वित्तीय सहारा मिलता है।**



रोहिताश सिंह वर्मा


एक ओर ईरान के वार्ता से इन्कार करने पर अमे. रिका ने सीजफायर का दायरा बढ़ा दिया है, तो दूसरी तरफ ईरानी मीडिया ने पाकिस्तान पर सवाल उठा दिए है। ईरान का कहना है कि पाकिस्तानी नेता आसिम मुनीर खुद अमेरिका और चीन के मोहरे हैं, इसलिए पहली दौर की वार्ता में पाकिस्तान ने प्रस्तावों का जवाब नहीं आने दिया। अमेरिकी मीडिया के खुलासे के बाद पाकिस्तान कि फिर से किरकिरी हो गई हैं।

रिपोर्टों के अनुसार ईरानी मीडिया ने अमेरिका-ईरान के बीच मध्यस्थता में पाकिस्तान की भूमिका और उसकी तटस्थता पर गंभीर सवाल उठाए हैं। ईरानी सरकारी मीडिया ने पाकिस्तान की तटस्थ ब्रो. कर के रूप में भूमिका पर तीखी टिप्पणी की है। ईरान ने संकेत दिया है कि पाकिस्तान के माध्यम से की जा रही बातचीत के दौरान उन पर दबाव बनाने की कोशिश की जा रही है, जिसे ईरान स्वीकार नहीं कर रहा है। कुछ विश्लेषकों ने यह चिंता भी जताई है कि क्या पाकिस्तान वास्तव में निष्पक्ष है या वह चीन के एजेंडे का पालन कर रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक ईरान ने पाकिस्तान द्वारा आयोजित की जाने वाली बातचीत के अगले दौर में देरी की है या उसमें शामिल होने से संकोच किया है। हालांकि इन सवालों के बीच ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अरागची ने स्पष्ट किया है कि वे पाकिस्तान की को. शिशों के लिए आभारी हैं और उन्होंने बातचीत में शामिल होने से इन्कार नहीं किया है, लेकिन वे उन शर्तों पर बात करना चाहते हैं, जो उन्हें स्वीकार्य हों। वहीं अमेरिका के पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार एचआर मैकमास्टर ने ईरान से जुड़ी कूटनीतिक को. शिशों में पाकिस्तान की भूमिका पर गंभीर सवाल उठाए हैं।

उन्होंने पाकिस्तान को चीन का क्लाइंट बताते हुए उसकी मध्यस्थता पर संदेह जताया। एक विशेष इंटरव्यू में मैकमास्टर ने कहा कि पाकिस्तान को चीनी कम्युनिस्ट पार्टी का करीबी सहयोगी माना जाना चाहिए। उनका मानना है कि ऐसे में ईरान-अमेरिका वार्ता में उसकी भूमिका को निष्पक्ष नहीं माना जा सकता। यह बयान ऐसे समय आया है, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को इस्लामाबाद में प्रस्तावित अमेरिका-ईरान वार्ता के दूसरे दौर को रद्द कर दिया। मैकमास्टर ने चीन की भूमिका पर भी टिप्पणी करते हुए कहा कि बीजिंग की दिलचस्पी ईरान में मौजूदा व्यवस्था को बनाए रखने में है। चीनी कम्युनिस्ट पार्टी ईरान में इस्लामिक रिपब्लिक को सत्ता में बनाए रखने के लिए बेताब है। उनके अनुसार चीन का यह रुख क्षेत्रीय शक्ति संतुलन और अपने आर्थिक हितों से जुड़ा है। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि पाकिस्तान की ओर से मध्यस्थता की पेशकश पूरी तरह निष्पक्ष नहीं हो सकती। इन वार्ताओं में मध्यस्थ बनने की पेशकश के पीछे कोई न कोई छिपा हुआ उद्देश्य हो सकता है। मैकमास्टर ने पाकिस्तान की सुरक्षा नीति पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने अपने अनुभव को निराशाजनक बताया। उनके अनुसार पाकिस्तान अक्सर दोहरी नीति अपनाता है। एक तरफ वह आतंकवाद विरोधी सहयोग की बात करता है, वहीं दूसरी ओर विरोधी तत्वों को समर्थन देता है। मैकमास्टर ने कहा कि भारत द्वारा लंबे समय से उठाए जा रहे ये मुद्दे नए नहीं हैं। पाकिस्तान 1940 के दशक के अंत से ही आतंकवादी संगठनों को अपनी विदेश नीति के औजार के रूप में इस्तेमाल करता रहा है। उन्होंने चीन-ईरान संबंधों का जिक्र करते हुए कहा कि बीजिंग की आर्थिक मदद तेहरान के लिए अहम है। चीन ईरान के तेल का करीब 90 प्रतिशत खरीदता है, जिससे वहां की सरकार को वित्तीय सहारा मिलता है। उनके मुताबिक इससे ईरान अपनी क्षेत्रीय गतिविधियों को जारी रखने में सक्षम रहता है। मैकमास्टर ने निष्कर्ष में कहा कि इन सभी कारकों को देखते हुए पाकिस्तान की कूटनीतिक भूमिका को चीन की व्यापक रणनीति से अलग करके नहीं देखा जा सकता।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## जब पाल ने कांग्रेसी सांसदों से कहा, आप अपने नेता पर हंस रहे



यूपी के राजनेताओं की बात करें तो एक हैं जगदंबिका पाल! यूं तो यह बहुआयामी व्यक्तित्व के मुख्तार हैं लेकिन यदि हम इनके सिर्फ राजनीतिक कद काठी को नापें तो यह सूबे के और नेताओं से बिल्कुल अलहदा हैं। इनके व्यक्तित्व और व्यवहार की खास बात यह है कि ए चाहे विधानसभा में रहें हों या अभी संसद में, इसके भीतर ही इनमें पक्ष और विपक्ष का अंतर दिखता है। इसके बाहर इनका हंसी ठठाका,बात व्यवहार सभी के साथ वे चाहे सत्ता पक्ष के हों या विपक्ष के सब के साथ दोस्ताना ही होता है। निसंदेह यही वह कारण है जो इन्हें यूपी के राजनेताओं में सबसे अलग साबित करता है।

मूलत: बस्ती जिले के निवासी जगदंबिका पाल का राजनीतिक सफर बहुत लंबा है। उनका राजनीतिक पृष्ठभूमि कांग्रेसी रहा है। स्वर्गीय संजय गांधी के निकट रहे हैं। यूपी में सेवा दल से लगायत युवक कांग्रेस और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष तक का इनका सफलतम कार्यकाल रहा है। यह विधानपरिषद में भी रहे और लंबे समय तक विधानसभा में भी रहे। मंत्री तो रहे ही,एक बार एक दिन के लिए मुख्यमंत्री का ताज भी इनके सिर पर रहा। इन्होंने स्वर्गीय कल्याण सिंह को अपदस्थ कर मुख्यमंत्री की कुर्सी हासिल की थी। जगदंबिका पाल इस वक्त सिद्धार्थनगर जिले की इकलौती डुमरियागंज संसदीय सीट से भाजपा के तीन बार से सांसद हैं। इसके पहले 2009 में वे यहां से कांग्रेस के टिकट पर भी सांसद चुने गए थे। अचानक मन बदला तो ए भाजपा में आ गए। खांटी कांग्रेसी नेता रहे राजनीति के इस बड़ी शख्सियत का भाजपा में आना उनके समर्थकों को अचंभित करने वाला था लेकिन चूंकि यह राजनीति है और यहां पद और प्रतिष्ठा ही सर्वोपरि है इसलिए हैरानी जैसी बात भी नहीं थी। उनके संसदीय क्षेत्र डुमरियागंज के लोग उन्हें मंत्री के रूप में देखने को अभी भी तरस रहे हैं।

जगदंबिका पाल का कांग्रेस छोड़ भाजपा में आने का मकसद हो सकता हो मंत्री पद की लालशा ही रही हो, लेकिन वह अभी तक पूरी नहीं हुई जबकि पार्टी के प्रति उनकी निष्ठा, ईमानदार छवि और पार्टी लाइन के अनुसार विपक्ष के प्रति उनकी मुखरता में कहीं से कोई कमी नहीं है। खैर ए भाजपा का अंदरूनी मामला है लेकिन जब दूसरे दलों से ढेर सारे नेता भाजपा में समार्. हत हो कर मंत्री, मुख्यमंत्री बन रहे हैं तो जगदंबिका पाल क्यों नहीं यह सवाल तो खटकता ही है। जगदंबिका पाल लोकसभा में स्पीकर पैनलिस्ट भी हैं। गाहे-बगाहे संसद सत्र में इन्हें लोकसभा में स्पीकर के आसन पर बैठने का मौका मिलता रहता है। इस पैनल में

**जगदंबिका पाल का कांग्रेस छोड़ भाजपा में आने का मकसद हो सकता हो मंत्री पद की लालशा ही रही हो, लेकिन वह अभी तक पूरी नहीं हुई जबकि पार्टी के प्रति उनकी निष्ठा, ईमानदार छवि और पार्टी लाइन के अनुसार विपक्ष के प्रति उनकी मुखरता में कहीं से कोई कमी नहीं है। खैर यह भाजपा का अंदरूनी मामला है लेकिन जब दूसरे दलों से ढेर सारे नेता भाजपा में समाहित हो कर मंत्री, मुख्यमंत्री बन रहे हैं तो जगदंबिका पाल क्यों नहीं यह सवाल तो खटकता ही है। जगदंबिका पाल लोकसभा में स्पीकर पैनलिस्ट भी हैं। गाहे-बगाहे संसद सत्र में इन्हें लोकसभा में स्पीकर के आसन पर बैठने का मौका मिलता रहता है। इस पैनल में और भी सांसद हैं जिन्हें स्पीकर की भूमिका निभाने का मौका मिलता है लेकिन इस अस्थाई कुर्सी पर जब जगदंबिका पाल बैठते हैं तो सुर्खियों में क्यों होते हैं, यह उनके समर्थक और विरोधियों में चर्चा का विषय बन जाता है।**

और भी सांसद हैं जिन्हें स्पीकर की भूमिका निभाने का मौका मिलता है लेकिन इस अस्थाई कुर्सी पर जब जगदंबिका पाल बैठते हैं तो सुर्खियों में क्यों होते हैं,यह



यशोदा श्रीवास्तव

उनके समर्थक और विरोधियों में चर्चा का विषय बन जाता है। वे जब भी स्वीकार के आसान पर होते हैं, संसद का संचालन निर्विवाद और निर्विघ्न होता है।

यानि कि इस कुर्सी पर बैठ कर भी वे अपनी खास छवि उकेरने में कामयाब होते हैं। तभी तो वरिष्ठ कांग्रेस नेता और राज्यसभा सदस्य दिग्विजय सिंह उन्हें शाबा. शी बाशी देते हुए कहते हैं कि स्पीकर आपको ही होना चाहिए। संसद सत्र के दौरान जब हो हल्ला होता है, विपक्ष आपा खो बैठता है, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की चीखते चिल्लाते भाषणों के बीच कांग्रेस सांसद मुस्कुरा रहे होते हैं तब स्पीकर की कुर्सी पर बैठे जगदंबिका पाल का कांग्रेसी सांसदों की ओर हाथ दिखा कर यह कहना कि आप अपने नेता पर हंस रहे हैं? सोचिए यह विपक्षी सांसदों पर कितना झन्नाटेदार तमाचा है। पाल के बड़ी शालीनता से इतना कहने भर से खिसियाए कांग्रेसी सांसदों का चेहरा देखने लायक होता है। दरअसल जगदंबिका पाल के राजनीतिक व्यक्तित्व को देखें तो ऐसे एक नहीं अनेकों उदाहरण मिलेंगे जो उन्हें यूपी के राजनेताओं में सबसे अलग साबित करता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## संक्षिप्त समाचार

### प्रवासी भारतीय जर्मनी और भारत के बीच मजबूत सेतु: राजनाथ

**बर्लिन।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जर्मनी में रहने वाले करीब तीन लाख भारतीय प्रवासियों को दोनों देशों के बीच सबसे मजबूत सेतु बताते हुए कहा है कि उन्होंने व्यापार, प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और कला जैसे विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने भारतीय प्रवासियों से अपनी विरासत से जुड़े रहते हुए भारत-जर्मनी साझेदारी को और मजबूत बनाने में अपना योगदान जारी रखने का आग्रह किया। तीन दिन की यात्रा पर यहां आए सिंह ने पहले दिन भारतीय प्रवासी समुदाय के साथ संवाद किया।

### गुटेरेस ने युद्धविराम बढ़ाने का स्वागत किया

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने बुधवार को अमेरिका द्वारा युद्धविराम बढ़ाने का स्वागत किया और इसे 'अमेरिका और ईरान के बीच तनाव कम करने और कूटनीति तथा भरोसा बनाने की दिशा में एक जरूरी कदम' बताया। गुटेरेस के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने यह जानकारी दी है। दुजारिक ने एक बयान में कहा कि हम सभी पक्षों को इस प्रक्रिया को बनाए रखने, ऐसे कामों से बचने का आग्रह करते हैं जो युद्धविराम को कमजोर कर सकते हैं। हम बातचीत में सुधारवादी तरीके से शामिल होने का आग्रह करते हैं।

### नेपाल: निष्पक्ष जांच के लिए गृह मंत्री सुधन गुरंग ने दिया इस्तीफा

**काठमांडू।** नेपाल के गृह मंत्री सुधन गुरंग ने बुधवार को निवेश से जुड़े विषयों को लेकर उपजे विवादों के बीच अपने पद से इस्तीफा दे दिया। यह विवाद पिछले कुछ समय से छाया हुआ था। गुरंग ने सोशल मीडिया के माध्यम से अपने इस्तीफे की घोषणा करते हुए स्पष्ट किया कि वे नहीं चाहते कि पद पर बने रहने से जांच प्रक्रिया प्रभावित हो। उन्होंने अपने बयान में कहा कि मुझसे संबंधित विषयों पर निष्पक्ष जांच हो और पद पर रहते हुए 'हितों का टकराव' न दिखे, इसी उद्देश्य से मैंने आज से ही प्रभावी होने वाला अपना इस्तीफा सौंप दिया है।

### ब्रिटेन: 2008 के बाद जन्मे लोग तंबाकू नहीं खरीद पाएंगे

**लंदन।** ब्रिटेन ने धूम्रपान को रोकने के लिए सख्त कदम उठाया है। अब वहां नई पीढ़ी के लोगों के लिए सिगरेट खरीदना हमेशा के लिए बंद करने की तैयारी हो गई है। सरकार ने 'टोबैको एंड वेप्स बिल' पास कर दिया है। इसके तहत 2008 के बाद पैदा हुए लोग जिंदगी भर तंबाकू से जुड़ी चीजें नहीं खरीद पाएंगे। संसद से बिल पास हो चुका है और अब सिर्फ किंग चार्ल्स ्प्प की औपचारिक मंजूरी बाकी है, जिसके बाद यह कानून बन जाएगा। यह पूरे ब्रिटेन यानी इंग्लैंड, स्काटलैंड, वेल्स और उत्तरी आयरलैंड में लागू होगा। सरकार ने यह बिल 2024 में पेश किया था और इसे अपनी बड़ी प्राथमिकताओं में रखा था। नए नियम के अनुसार, 1 जनवरी 2027 से यह कानून लागू होगा।

# युद्धक्षेत्र में अमेरिका को चौंकाने वाली घटनाएं पैदा करेंगे: आईआरजीसी

## कहा: अपने विरोधियों की अपेक्षाओं और आकलनों से पूरे जाकर कार्रवाई करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं



**तेहरान।** इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) ने कहा है कि वह किसी भी संभावित युद्धक्षेत्र में अमेरिका और इजरायल सहित अपने विरोधियों की 'अपेक्षाओं और आकलनों से परे' जाकर कार्रवाई करने के लिए पूरी तरह तैयार है।

स्थापना दिवस के अवसर पर जारी बयान में आईआरजीसी ने अपनी विभिन्न शाखाओं और बसीज स्वयंसेवी बल के साथ मिलकर कहा कि वह उन्नत क्षमताओं और नई रणनीतिक विकल्पों के जरिए 'अप्रत्याशित घटनाक्रम' उत्पन्न करने में सक्षम है। बयान में कहा गया कि हम युद्धप्रिय और विश्वासघाती दुश्मन की समझ और गणना से कहीं आगे जाकर उपलब्धियां हासिल करने और चौंकाने वाली घटनाएं पैदा करने के लिए तैयार हैं। आईआरजीसी ने कहा कि वह उच्चतम स्तर की परिचालन तैयारियों में है और किसी भी खतरे या नए आक्रमण का तेज और निर्णायक जवाब देने के लिए तैयार है। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि सैन्य टकराव का नया दौर शुरू होता है, तो वह क्षेत्र में दुश्मन की शेष सैन्य संपत्तियों पर 'कल्पना से परे करारा प्रहार' करेगा। बयान में 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल द्वारा शुरू किए गए कथित युद्ध का उल्लेख करते हुए कहा गया कि ईरान ने 'ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस 4' के तहत जवाबी कार्रवाई में सैकड़ों बैलिस्टिक और हाइपरसोनिक मिसाइलों तथा ड्रोन का इस्तेमाल किया। आईआरजीसी ने दावा किया कि हालिया घटनाक्रम विरोधी शक्तियों की सैन्य प्रतिष्ठा में गिरावट को दर्शाते हैं और पश्चिम एशिया में एक नए क्षेत्रीय संतुलन की ओर संकेत करते हैं, जो बाहरी हस्तक्षेप के बिना स्थिरता और सुरक्षा स्थापित करेगा।

## जर्मनी होर्मुज स्ट्रेट में तीन जहाज तैनात करने की बना रहा योजना

**बर्लिन।** जर्मनी होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाजों को सुरक्षित करने के वास्ते अंतर्राष्ट्रीय मिशन में भाग लेने के लिए तीन जहाज तैनात करने की योजना बना रहा है। 'डेर स्पीगल' मैगजीन ने जर्मन राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के सदस्यों का हवाले से अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। मैगजीन ने मंगलवार को अपनी रिपोर्ट में बताया कि जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज की अध्यक्षता में परिषद की बैठक हुई, जिसमें पश्चिम एशिया की स्थिति सहित कई महत्वपूर्ण राजनीतिक और आर्थिक मुद्दों पर चर्चा की गई। रिपोर्ट में कहा गया है कि परिषद इस मिशन में भाग लेने के लिए दो माइनस्वीपर (बारूदी सुरंग हटाने वाले जहाज) और एक आपूर्ति जहाज तैनात करने की इजाजत दे सकती हैं। इसके अलावा, रिपोर्ट में बताया गया है कि जर्मनी ने 'एस्पाइड्स' मिशन के हिस्से के रूप में वर्तमान में जिबूती में तैनात एक छोटे टोही विमान को भी तैनात करने का प्रस्ताव दिया है।




जम्मू। पहलगाम आतंकी हमले की पहली बरसी पर प्रार्थना व श्रद्धांजलि अर्पित करती छात्राएं।

## फ्रांस इजरायल के साथ बातचीत में लेबनान की मदद करेगा: मैक्रों

**पेरिस।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा है कि फ्रांस लेबनान को इजरायल के साथ बातचीत की तैयारियां करने में मदद करेगा। मैक्रों मंगलवार को लेबनान के प्रधानमंत्री नवाफ सलाम के साथ एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा कि हम लेबनानी सरकार को इन वार्ताओं की तैयारी करने और पूर्ण संप्रभुता बहाल करने के लिए आवश्यक योजना बनाने में, जहां तक संभव हो सकेगा, सहायता प्रदान करेंगे। उन्होंने कहा कि फ्रांस आने वाले दिनों में लेबनान को लगभग 10 टन सहायता सामग्री भी भेजेगा, जिससे फ्रांस की ओर से द्वारा दान की गई कुल मानवीय सहायता की मात्रा बढ़कर 70 टन हो जाएगी।

# ईरानी सेना की ताकत अब भी मजबूत

## पेंटागन रिपोर्ट में खुलासा, ट्रम्प-हेगसेथ के दावों पर उठे सवाल

**वाशिंगटन/तेल अवीव।** अमेरिकी रक्षा विभाग (पेंटागन) की खुफिया शाखा की एक नई रिपोर्ट ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हलचल मचा दी है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि ईरान की सैन्य क्षमता अभी भी मुख्य रूप से मजबूत बनी हुई है, जिससे अमेरिकी नेतृत्व के हालिया बयानों पर सवाल खड़े हो गए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, डोनाल्ड ट्रम्प और रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने पहले दावा किया था कि हालिया संघर्षों के बाद ईरान की सेना को भारी नुकसान हुआ है और उसकी ताकत काफी कमजोर हो चुकी है। लेकिन पेंटागन की खुफिया रिपोर्ट इन दावों से पूरी तरह असहमत नजर आ रही है। बीते दिनों दोनों देशों के बीच इस्लामाबाद में हुई 21 घंटे की लंबी बातचीत के बाद एक दीर्घकालिक समझौते को सुरक्षित करने का पिछला प्रयास बिना किसी सफलता के समाप्त हो गया था, जिससे तनाव और बढ़ गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि ईरान की सैन्य शक्ति अभी भी पश्चिम एशिया में एक महत्वपूर्ण और प्रभावशाली स्थिति बनाए हुए है। उसके सैन्य ढांचे को पूरी तरह कमजोर नहीं किया जा सका है। वहींइजरायल की खुफिया एजेंसी मोसाद के एक एजेंट को लेकर बड़ा खुलासा हुआ है। टाइम्स ऑफ इजरायल की रिपोर्ट के अनुसार उन्होंने ईरान के खिलाफ इजरायल के हालिया अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। यह जानकारी मोसाद प्रमुख डेविड बार्निया ने मंगलवार को दी। इजरायली एजेंट की मई 2023 में इटली में एक नाव हादसे में मौत हो गई थी। यह एजेंट केवल उनके नाम के पहले हिब्रू अक्षर मेम से पहचाने जाते हैं। उनकी मौत इटली की मैगी गोर झील में नाव पलटने से हुई थी, जिसमें कुल चार लोगों की जान गई थी। उस समय इटली की मीडिया रिपोर्ट्स में उनकी पहचान 50 वर्षीय एरेज शिमोनी के रूप में की गई थी, जिसे एक उपनाम माना जाता है। उनकी असली पहचान आधिकारिक रूप से सार्वजनिक नहीं की गई, हालांकि इजरायल की आधिकारिक स्मारक वेबसाइटों पर उपलब्ध बताई जाती है। मोसाद मुख्यालय में आयोजित मेमोरियल डे समारोह में डेविड बार्निया ने कहा कि आज के दिन मैं उन शहीद मोसाद कर्मियों को याद करता हूं, जिन्होंने वर्षों तक इजरायल की सुरक्षा में योगदान दिया और देश के लिए अपना जीवन समर्पित किया। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन रोअरिंग लायन के दौरान मेरे विचार और मेरा हृदय मेम के व्यक्तित्व और उनके कार्यों को लेकर गर्व से भर गया था। वह इजरायल के बाहर अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए शहीद हुए। बार्निया ने आगे कहा, मेम के नेतृत्व में चलाया गया अभियान रचनात्मकता, चतुराई और अत्याधुनिक तकनीक का मिश्रण था, जिसने ईरान के खिलाफ अभियान की सफलता पर महत्वपूर्ण असर डाला। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह वही अभियान था, जिसने हालिया इजरायल-ईरान युद्ध के दौरान इजरायल की सफलता में योगदान दिया। इटली की मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, जिस नाव पर हादसा हुआ, उस पर खुफिया एजेंटों की एक कार्य बैठक चल रही थी। रिपोर्ट्स में कहा गया था कि नाव पर सवार 23 लोगों में से 19 मौजूदा या पूर्व इजरायली और इतालवी खुफिया एजेंट थे। इटली की सुरक्षा सेवा ने बताया था कि हादसे में मारे गए दो अन्य लोग 62 वर्षीय एक पुरुष और 53 वर्षीय एक महिला उसके कर्मचारी थे। मेम का शव बाद में इजरायल लाया गया, जहां अश्केलोन सैन्य कब्रिस्तान में पूरे सम्मान के साथ दफनाया गया। उनके अंतिम संस्कार में मोसाद के वरिष्ठ अधिकारी, जिनमें डेविड बार्निया भी शामिल थे, मौजूद रहे।



■ ईरान के खिलाफ ऑपरेशन के दौरान मारा गया मोसाद एजेंट मिस्ट मेम

### होर्मुज में सुरक्षित नौवहन के लिए 30 देशों के प्रतिनिधियों की बैठक

■ बैठक का उद्देश्य होर्मुज स्ट्रेट को फिर से खोलने के लिए सैन्य योजनाओं को अंतिम रूप देना

**लंदन।** ब्रिटेन और फ्रांस बुधवार को लंदन में 30 से अधिक देशों के सैन्य योजनाकारों की मेजबानी करेंगे। इस बैठक का उद्देश्य होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने के लिए सैन्य योजनाओं को अंतिम रूप देना है। ब्रिटिश रक्षा मंत्रालय के अनुसार, नॉर्थवुड स्थित 'परमानेंट जॉइंट हेडक्वार्टर' में होने वाले इस दो दिवसीय सम्मेलन में विभिन्न देशों की सैन्य क्षमताओं, कमान संरचना और क्षेत्र में सेनाओं की तैनाती पर चर्चा की जाएगी। मंत्रालय ने कहा कि एक स्थाई युद्धविराम समझौता होने और स्थितियां अनुकूल होते ही इन सैन्य योजनाओं को आगे बढ़ाया जाएगा। यह बातचीत इस रणनीतिक समुद्री मार्ग में नौवहन की स्वतंत्रता बहाल करने के लिए लंदन और पेरिस के नेतृत्व में बनाए जा रहे एक बहुराष्ट्रीय गठबंधन की दिशा में नया कदम है। ब्रिटेन के रक्षा सचिव जॉन हीली ने कहा कि आज और कल का कार्य राजनयिक सहमति को एक संयुक्त सैन्य योजना में बदलना है ताकि होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाजों की आवाजाही सुरक्षित हो सके। हीली ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय व्यापार, ऊर्जा सुरक्षा और वैश्विक अर्थव्यवस्था की स्थिरता नौवहन की स्वतंत्रता पर निर्भर करती है।

## थाईलैंड में भारतीय टूरिस्ट पर नस्लभेदी कमेंट

■ रेस्टोरेंट स्टाफ बोली: इंडिया वेरी बैड, पुलिस बुलाने पर मैनेजर ने माफी मांगी

**बैंकाक।** थाईलैंड के आओ नांग शहर में एक भारतीय टूरिस्ट और ट्रैवल व्लागर सूमो को नस्लभेदी कमेंट का सामना करना पड़ा। उन्होंने एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें एक रेस्टोरेंट की महिला स्टाफ उनसे 'इंडिया वेरी बैड' कहते नजर आ रही है। व्लागर के मुताबिक, यह घटना तब हुई जब वह नाश्ता करने गए थे। बिल में हल्की गड़बड़ी हुई, जिसके बाद अनुवाद के लिए महिला को बुलाया गया। जैसे ही उन्होंने अपनी राष्ट्रीयता भारत बताई, माहौल बदल गया और उन पर आरोप लगाए गए कि भारतीय पैसे नहीं देना चाहते।

इसके बाद भारतीय टूरिस्ट ने पुलिस बुलाई। पुलिस के आने पर रेस्टोरेंट के मैनेजर ने माफी मांगी। ट्रैवल व्लागर सूमो ने जो वीडियो पोस्ट किया है, उसमें महिला स्टाफ उससे बदतमीजी करती नजर आ रही है। व्लागर सूमो ने बताया कि विवाद पैसे को लेकर नहीं था, क्योंकि रकम सिर्फ 120 थाई बात यानी करीब 349 रुपये थी। व्लागर ने वीडियो में कहा कि यह पहली बार था जब उन्हें थाईलैंड में ऐसे व्यवहार का सामना करना पड़ा। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इसके बाद व्लागर ने संदर्भ देने के लिए एक और वीडियो जारी किया। इसमें उन्होंने कहा कि कई लोग मान लेते हैं कि ऐसी स्थिति में गलती टूरिस्ट की ही होती है, लेकिन इस बार ऐसा नहीं था। व्लागर ने बताया कि उन्हें बहस करने के बजाय टूरिस्ट पुलिस को बुलाना बेहतर लगा। पुलिस ने उनकी बात समझी और रेस्टोरेंट के मैनेजर ने उनसे माफी मांगी। इस घटना पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि किसी भी समुदाय को लेकर एक जैसी सोच बनाना गलत है। भारत में भी लोगों के मन में कुछ गलत धारणाएं होती हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि ऐसी सोच सही है। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद कुछ लोगों ने व्लागर का समर्थन किया। उन्होंने इस घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताया। वहीं कुछ यूजर्स ने सवाल उठाए कि इसके पीछे पूरी कहानी क्या है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए व्लागर ने कहा कि उन्हें सबसे ज्यादा निराशा इस बात से हुई कि कुछ भारतीय ही कमेंट में अपने लोगों के खिलाफ बोल रहे थे। उन्होंने लोगों से अपील की कि जहां भी नस्लभेद दिखे, उसके खिलाफ आवाज उठानी चाहिए।

# ईरान को प्रतिदिन 50 करोड़ डॉलर का नुकसान: ट्रम्प

## अमेरिका के राष्ट्रपति ने कहा: इसलिए ईरान हॉर्मुज स्ट्रेट को बंद करना नहीं चाहता

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बुधवार को कहा कि ईरान हॉर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करना नहीं चाहता, क्योंकि इसके बंद होने से उन्हें प्रतिदिन 50 करोड़ अमेरिकी डॉलर का नुकसान हो रहा है।

ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर कहा कि वे (ईरान) इसे खुला रखना चाहते हैं ताकि वे प्रतिदिन 50 करोड़ अमेरिकी डॉलर कमा सकें। ट्रम्प ने दावा किया कि ईरान कह रहा है कि वे इसे बंद करना चाहते हैं, क्योंकि वे 'अपनी प्रतिष्ठा बचाना' चाहते हैं, जबकि अमेरिका ने इसकी पूरी तरह से घेराबंदी कर रखी है। उन्होंने कहा कि चार दिन पहले कुछ लोगों ने उनसे संपर्क किया था और बताया था कि ईरान इस जलडमरूमध्य को तुरंत खोलना चाहता है। ट्रम्प ने चेतावनी देते हुए कहा कि लेकिन अगर हम ऐसा करते हैं, तो ईरान के साथ कभी कोई समझौता नहीं हो सकता, जब तक कि हम उनका बाकी देश और उनके नेताओं को भी उड़ा न कर दें। डेमोक्रेटिक पार्टी के नेताओं और अमेरिकी संचार माध्यमों, विशेष रूप से वॉल स्ट्रीट जर्नल और न्यूयॉर्क टाइम्स पर अपना हमला जारी रखते हुए ट्रम्प ने कहा कि उन्हें 'ऑपरेशन मिडनाइट हैमर' को 'नीचा दिखाने' या उसकी आलोचना करने की अनुमति कभी नहीं दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस अभियान ने परमाणु स्थलों को इस सीमा तक पूरी तरह से नष्ट कर दिया है कि 'रक्तपिपासु ईरान' उन तक पहुंचने या उन्हें खोदकर निकालने में असमर्थ रहा है। उन्होंने दावा किया कि अमेरिकी अंतरिक्ष बल के पास पिछले जून में हमला किए गए तीनों स्थलों के हर इंच पर कैमरों की निगरानी है। 'ऑपरेशन मिडनाइट हैमर' 22 जून, 2025 को ईरान के महत्वपूर्ण परमाणु केंद्रों के विरुद्ध किए गए अमेरिकी सैन्य हमलों का गुप्त नाम है। इन हमलों का मुख्य केंद्र तीन प्राथमिक परमाणु बुनियादी ढांचा स्थल फोर्डो यूरेनियम संवर्धन संयंत्र, नतंज परमाणु केंद्र और इस्फहान परमाणु प्रौद्योगिकी केंद्र थे। इस अभियान में अमेरिकी वायु और नौसेना शक्ति का विशाल प्रदर्शन देखा गया, जिसमें 7 बी-2 स्पिरिट स्टील्थ बमवर्षक शामिल थे, जिन्होंने सीधे अमेरिका से 18 घंटे का मिशन संचालित किया। इसमें पहली बार युद्ध में उपयोग किए गए 30,000 पाउंड के 'बंकर बस्टर' बम, एक अमेरिकी पनडुब्बी से दागी गई 30 टॉमहॉक मिसाइलें और ईरानी हवाई सुरक्षा को ध्वस्त करने के लिए एफ-35 और एफ-22 स्टील्थ लड़ाकू विमानों सहित 125 से अधिक विमान शामिल थे।



■ कुछ लोगों ने उनसे संपर्क किया था और बताया था कि ईरान हॉर्मुज को तुरंत खोलना चाहता है: ट्रम्प

## जर्मनी को रक्षा उत्पादन क्षेत्र में सहयोग के लिए किया आमंत्रित

■ राजनाथ ने रक्षा प्रौद्योगिकी और साजो-सामान के संयुक्त विकास और निर्माण के महत्व पर बल दिया

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारत और जर्मनी के बीच रक्षा प्रौद्योगिकी और साजो-सामान के संयुक्त विकास और निर्माण के महत्व पर बल दिया है। जर्मनी की तीन दिन की यात्रा पर गए सिंह ने कहा कि उनकी सरकार का 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान सह-निर्माण, सह-विकास और सह-नवाचार का निमंत्रण है। म्यूनिख होकर बर्लिन पहुंचे रक्षा मंत्री ने मंगलवार को जर्मनी के सांसदों को संबोधित करते हुए दोनों देशों के रक्षा औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्रों के बीच सहयोग बढ़ाने की पुरजोर वकालत की। यात्रा के पहले दिन उन्होंने रक्षा एवं सुरक्षा संबंधी जर्मनी की संसद की स्थाई समिति को संबोधित करते हुए कहा कि आज दुनिया नए सुरक्षा खतरों का सामना कर रही है और तकनीकी परिवर्तन ने स्थिति को अत्यधिक जटिल बना दिया है।

## ट्रम्प ने की फांसी की सजा का सामना कर रही आठ ईरानी महिलाओं की रिहाई की अपील

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने जनवरी 2026 के विरोध प्रदर्शनों में भाग लेने के लिए ईरान में मृत्युदंड की सजा का सामना कर रही आठ महिलाओं को रिहा करने का आह्वान किया है और कहा है कि उनकी रिहाई शांति वार्ताओं की एक 'शानदार शुरुआत' होगी। ट्रम्प की यह अपील ईरान के साथ एकतरफा युद्धविराम के विस्तार की घोषणा करने से एक दिन पहले आई है।

# नेपाल में पीएम बालेन शाह के खिलाफ प्रदर्शन तेज

■ टैक्स बढ़ाने और छात्र संघ पर बैन से नाराजगी, राजनीतिक दल और आम लोग सड़कों पर उतरे

**काठमांडू।** नेपाल में नई सरकार बनने के कुछ ही हफ्तों के भीतर उसके खिलाफ विरोध तेज हो गया है। काठमांडू समेत कई शहरों में छात्र, राजनीतिक दल और आम लोग सड़कों पर उतर आए हैं।

सरकार के कुछ फैसलों और विवादों ने मिलकर इस असंतोष को बढ़ा दिया है। सबसे बड़ा मुद्दा भारत से आने वाले सामान पर कस्टम डयूटी का है। सरकार ने 100 रुपये से ज्यादा कीमत वाले सामान पर अनिवार्य शुल्क लगा दिया है। सीमावर्ती इलाकों के लोगों का कहना है कि इससे उनकी रोजमर्रा की जरूरतें प्रभावित होंगी, क्योंकि वे लंबे समय से सीमा पार खरीदारी पर निर्भर रहे हैं। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि यह फैसला आम जनता पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डालता है। दूसरा बड़ा विवाद छात्र संगठनों को लेकर है। सरकार के सख्त रुख से छात्रों में नाराजगी बढ़ गई है। छात्र नेताओं का कहना है कि सरकार बातचीत करने के बजाय दबाव और रोक लगाने की नीति अपना रही है। देशभर में हजारों छात्र प्रदर्शन कर रहे हैं। कई जगह छात्र स्कूल यूनिफार्म में सड़कों पर उतरे, जिससे यह संकेत मिल रहा है कि आंदोलन तेजी से फैल रहा है। इसके अलावा गृह मंत्री सुदन गुरंग पर लगे आरोपों ने भी सरकार की मुश्किलें बढ़ा दी हैं।

## जर्मन एयरलाइन लुफ्थांसा ने 20 हजार फ्लाइट रद्द की

**म्यूनिख।** जर्मनी की एयरलाइन लुफ्थांसा ने मई से अक्टूबर तक 20 हजार शार्ट-हाल फ्लाइट्स रद्द करने का फैसला लिया है। ईरान जंग के कारण यूरोप में जेट फ्यूल की कीमतें लगभग दोगुनी हो चुकी हैं। कंपनी के मुताबिक इससे करीब 40 हजार टन जेट फ्यूल की बचत होगी। कंपनी ने सोमवार से रोजाना करीब 120 उड़ानें घटाई हैं। यह कदम ऐसे समय उठाया गया है जब स्ट्रेट ऑफ होर्मुज बंद रहने से तेल सप्लाई प्रभावित हुई और यूरोप में जेट फ्यूल सप्लाई की चिंता बढ़ी है। अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) ने चेतावनी दी है कि यूरोप के पास केवल 6 हफ्तों का जेट फ्यूल बचा है। जर्मन एयरलाइंस लुफ्थांसा ने गर्मियों के मौसम के अंत तक घाटे वाले रूट्स बंद करने का फैसला लिया है। लुफ्थांसा ने मंगलवार को कहा कि वह अपने छोटे रूट के नेटवर्क में बदलाव करके गर्मियों का फ्लाइट शेडयूल स्थिर रखेगी। कंपनी अप्रैल के आखिर या मई की शुरुआत में पूरी योजना जारी करेगी। कंपनी ने अपने नेटवर्क में बड़े बदलाव किए हैं। फ्रैंकफर्ट और म्यूनिख से घाटे वाले रूट बंद किए जा रहे हैं, जबकि ज्यूरिख, ब्रसेल्स और वियना से उड़ानें बढ़ाई जाएंगी।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

देश/विदेश से एम.बी.बी.एस, एवं स्टडी वीजा के लिए सम्पर्क करें
• रशिया • जॉर्जिया • कजाखस्तान • किर्गिज़स्तान • उज्बेकिस्तान • बांग्लादेश • नेपाल • चाईना • ईरान • इजिप्ट • यू.के. • कनाडा • यू.एस.ए.
और भी देशों से
Since 2010
अन्जुम कलीम (एम.डी.) 8384872313 9457439020
M.B.B.S./M.D.
BDS, BAMS, BUMS, BEMS
Abroad Admission & Counselling For India
• Top Govt. Universities.
• MCI, WHO Approved Universities.
• Indian Hostel & Mess Available.
• Lowest Price Packages.
• Boys/Girls Hostels Are Separates Available.
अपना एम.बी.बी.एस. 25 से 27 लाख में पूरा करें
जिसमें ट्यूशन फीस, हॉस्टल फीस, खाना 3 टाईम (वेज/नॉनवेज), वीजा एक्सटेंशन, इंश्योरेंस, मेडिकल, ट्रांसपोर्टेशन, लॉन्डरी, एफ.एम.जी. ई. कॉचिंग, 15 इंडियन बेस्ट फैकल्टी के द्वारा दी जा रही है
471 बच्चें जनवरी एफ.एम.जी.ई. एक्जाम में पास हुऐ (अन्य कोई खर्चा नहीं)
www.mbbsbijnor.com
ADD : MBBS ABROAD CONSULTANCY, MOIN KA CHAURAHA, CHAHSHIREEN JAMA MASJID, B-21, BIJNOR (U.P)